हिंदू धर्म की विशेषता यह है कि यह किसी एक ग्रंथ या देव के दर्शन पर आधारित नहीं है। हिंदुओं को इसकी स्वतंत्रता है कि वे अपनी इच्छानुसार किसी इष्ट की पूजा-अर्चना करें। हिंदू धर्म के अनुयायियों के रीति-रिवाज भी अलग-अलग हैं और वे सब अपनी आस्था के अनुसार उनका पालन करने के लिए स्वतंत्र हैं। कोई कर्मकांडों को महत्व देता है तो कोई उनकी आवश्यकता नहीं समझता। हिंदू धर्म की विशेषताएं ही उसे अन्य धर्मों-पंथों से अलग करती हैं। संभवतः इसी से इसकी कोई रूपरेखा भी नहीं बन सकी है कि आखिर हिंदू धर्म का व्यापक प्रचार-प्रसार कैसे हो? इसके विपरीत सनातन की शाखा समझे जाने वाले बौद्ध मत का प्रचार-प्रसार सुनियोजित तरीके से किया गया। इसका परिणाम यह है कि आज अनेक देशों में बौद्ध मत के अनुयायी हैं, पर समय के साथ बौद्ध पंथ को हिंदू धर्म से अलग देखा जाने लगा। जैन और सिख पंथ भी सनातन की ही शाखा हैं। सभी अपने अनुसार अपने मत का प्रचार करते हैं, पर यह किसी से छिपा नहीं कि ईसाइयत और इस्लाम का प्रचार करने वाले अधिक संगठित हैं और सुनियोजित हैं। इसीलिए उनसे जुड़े संगठनों पर मतांतरण के आरोप लगते रहते हैं।

मंदिरों की समस्या यह है कि जहां कई बड़े मंदिरों के संचालन में सरकारी हस्तक्षेप रहता है, वहीं अन्य पंथों के अनुयायी अपने धार्मिक स्थलों का संचालन अपने हिसाब से करते हैं और उसमें सरकार का कोई दखल नहीं रहता। यह एक विसंगति है। हिंदू संगठन लगातार यह मांग करते चले आ रहे हैं कि मंदिरों का संचालन हिंदू समाज को सौंपा जाए, लेकिन इस मांग पर बल देने के साथ ही यह भी आवश्यक है कि मंदिरों के संचालन की कोई ठोस संहिता बने। यह भी तय हो कि मंदिरों को मिलने वाली चढ़ावे की राशि का उपयोग किस तरह होगा? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश में कई ऐसे मंदिर हैं, जिनमें अच्छा-खासा चढ़ावा आता है, लेकिन यह पता नहीं चलता कि उनका खर्च किन कार्यों में किया जाता है? ट्रस्ट संचालित मंदिर भी चढ़ावे की राशि का उपयोग अपने हिसाब से करते हैं। जब भी कोई भक्त मंदिर जाता है तो चढ़ावा देते समय उसके दिमाग में यह नहीं रहता कि उसका क्या उपयोग होगा? समय आ गया है कि इसकी कोई ठोस रूपरेखा बने कि मंदिरों के पुजारी या ट्रस्टी चढ़ावे की राशि का उपयोग हिंदू धर्म का समुचित ढंग से प्रचार करने और हिंदू समाज के कल्याण में ही खर्च करें। जब तक ऐसा नहीं होगा, चढ़ावे के उपयोग को लेकर सवाल उठते रहेंगे।

जितना आवश्यक यह है कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना की सही तरह जांच हो, उतना ही यह भी आवश्यक है कि ऐसी व्यवस्था बने, जिससे मंदिरों के दान की राशि में किसी तरह की हेराफेरी न हो सके। इस व्यवस्था के निर्माण के लिए धर्माचार्यों और विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठनों को आगे आना होगा।

response@jagran.com

शांति स्थापित करने की तड़प

हास्य-व्यंग्य



विनय कुमार पाठक

आज यह समय की मांग है कि नोबेल पुरस्कारों में एक नई श्रेणी जोड़ी जाए 'आत्ममुग्धता में असाधारण योगदान'

दुनिया में कुछ लोग शांति स्थापित करने के लिए जाने जाते हैं और कुछ लोग शांति स्थापित करने का श्रेय लेने के लिए। अक्सर दूसरे वर्ग के लोग पहले वर्ग से कहीं अधिक सक्रिय पाए जाते हैं। यदि कहीं दो पड़ोसी आपस में नमस्ते भी कर लें तो ऐसे लोग तुरंत ही घोषणा कर देते हैं कि यह सब तो उनके प्रभाव का परिणाम है। अभी वैभव सूर्यवंशी के ग्यारह बाल पर अर्धशतक को भी ऐसे लोग यह कहकर अपनी उपलब्धि बता रहे हैं कि श्रीलंका के खिलाड़ियों की स्लेजिंग के जवाब में उन्होंने ही उसे ऐसा करने के लिए प्रेरित किया था।

आजकल एक विश्व प्रसिद्ध महापुरुष बड़े दुखी नजर आ रहे हैं। इसका कारण यह नहीं कि दुनिया में युद्ध बढ़ रहे हैं। उनको दुख इस बात का है कि अभी तक उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिला है। उनका मानना है कि विश्वशांति के लिए जितना उन्होंने किया, उतना तो स्वयं शांति ने भी अपने लिए नहीं किया होगा। उनके आलोचक कहते हैं कि उन्होंने दुनिया को हथियार भी खूब बेचे हैं, लेकिन समर्थकों का तर्क बड़ा सरल है-हथियार होंगे तभी तो युद्ध होगा और युद्ध होगा तभी तो शांति वार्ता होगी। इसलिए विश्व में हथियार बेचना भी अंततः शांति स्थापना का ही प्रथम चरण है।

उनकी एक और विशेषता है। उनसे कोई भी प्रश्न पूछिए, उत्तर वही मिलेगा, जो उनके मन में पहले से तैयार होगा। यदि उनसे पूछा जाए कि यूक्रेन का क्या होगा तो वे बता देंगे कि अमुक देश की प्रधानमंत्री उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए कितनी व्याकुल थीं। इसे संचारशास्त्र की भाषा में विषयांतर नहीं, वैश्विक नेतृत्व कहते हैं। उनका दावा है कि दुनिया के कई नेता उनके साथ तस्वीर खिंचवाकर अपनी लोकप्रियता बढ़ाना चाहते हैं। वे दयालु भी बहुत हैं। इसीलिए तरस खाकर लोगों को अपने साथ खड़े होने का अवसर दे देते हैं। आखिर हर किसी को इतिहास में आने का मौका मिलना चाहिए।

समस्या केवल यह है कि जिन नेताओं के बारे में वे यह दावा करते हैं, वे सार्वजनिक रूप से कह देते हैं कि ऐसी कोई घटना हुई ही नहीं, लेकिन इससे उनके आत्मविश्वास पर रत्तीभर भी प्रभाव नहीं पड़ता। आत्मविश्वास और तथ्य का रिश्ता वैसे भी राजनीति में बहुत पुराना नहीं है। उनका विश्वास है कि भारत और पाकिस्तान के बीच यदि युद्ध रुका तो उनकी वजह से, पश्चिम एशिया में यदि तनाव कम हुआ तो उनकी वजह से और यदि कल सूरज समय पर निकल आया तो उसमें भी उनका नैतिक योगदान अवश्य होगा। यदि कभी चांद ग्रहण लग जाए तो संभव है उसका दोष भी वह किसी विरोधी सरकार पर डाल दें।

उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे स्वयं अपने सबसे बड़े प्रशंसक हैं। दुनिया उनकी प्रशंसा करे या न करे, वे यह जिम्मेदारी किसी और पर छोड़ते ही नहीं। ऐसे में समय की मांग है कि नोबेल पुरस्कारों में एक नई श्रेणी जोड़ी जाए "आत्ममुग्धता में असाधारण योगदान।" अर्थशास्त्र का पुरस्कार तो बाद में जुड़ ही गया था, इसलिए यह भी जुड़ सकता है। इस पुरस्कार के लिए दुनिया भर से नामांकन आएंगे। कई राष्ट्राध्यक्ष, अनेक पूर्व राष्ट्राध्यक्ष और कुछ भावी राष्ट्राध्यक्ष भी दावा ठोकेंगे, लेकिन पहला पुरस्कार किसे मिलेगा, इसमें शायद ही किसी को संदेह हो। संभव है कि पुरस्कार ग्रहण करते समय वह यह भी घोषित कर दें कि नोबेल समिति ने यह पुरस्कार उन्हें नहीं दिया, बल्कि उनके अनुरोध पर स्वयं सम्मानित होने का अवसर प्राप्त किया है।

response@jagran.com

ऊर्जा

तृष्णा

प्यास अर्थ में तृष्णा शब्द का प्रयोग सांसारिक विषयों के प्रति तीव्र आसक्ति के संदर्भ में किया जाता है। इनकी प्यास इतनी प्रबल होती है कि मानव के विवेक को नष्ट कर भोगों की ओर ढकेलती है, किंतु इससे पिपासा शांत न होकर अधिक बढ़ती है। तुलसीदास जी कहते हैं-''बुझै न काम-अगिनि तुलसी कहुं, बिषयभोग बहु घी ते॥'' इसके वशीभूत होकर मनुष्य अनैतिक कार्यों में इस तरह प्रवृत्त होता है कि धर्म-अधर्म, मान-अपमान की परवाह भी नहीं करता तथा जीवन भर सामाजिक अपयश एवं निंदा का पात्र बनकर अपमानित होता है। आत्म ग्लानि का बोझ उसे मरने भी नहीं देता।

सामान्यतः तृष्णा को इच्छाओं का पर्याय माना जाता है, जो उचित नहीं। आवश्यकताओं की पूर्ति एवं जीवन के उत्थान हेतु इच्छाओं का होना जरूरी हैं। अन्यथा उन्नति का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। उचित इच्छाएं पूर्ण होने पर जीवन में अपूर्व शांति मिलती है, जबकि तृष्णा में आसक्ति का भाव इतना अधिक होता है कि अनुचित इच्छाएं भी जब पूर्ण नहीं होतीं तो पाप करने में भी संकोच नहीं होता। इसलिए तृष्णा को अनर्थों का मूल कहा गया है। गीता में इसे राग-द्वेष को जन्म देने वाले रजोगुण से उत्पन्न माना गया है, जिसके प्रभाव से सत् भासित नहीं होता, जैसे धुएं के सघन आवरण में अग्नि का अनुमान तो होता है किंतु दृष्टिगोचर नहीं होती। अनुचित भोगों में प्रवृत्त करने वाली तृष्णा मनुष्य के अधोपतन का कारण बनती है। भगवान बुद्ध ने तृष्णा को जगत के सभी दुखों का कारण माना है। राग, द्वेष और लोभ से मुक्ति ही दुखों से निवृत्ति का उपाय है। महाराज भर्तृहरि ने पाप कर्मों से मुक्ति हेतु तृष्णा के परित्याग को आवश्यक बताया है। इसके समाप्त होते ही पापों के मूल लोभ, मद, मोह जैसे विकार स्वयं नष्ट हो जाते हैं, जीवन निर्मल बन जाता है। अतः भोगासक्ति से बचना चाहिए।

डा. सत्यप्रकाश मिश्र

तथ्य-कथ्य | भारत में सोने का आयात



'सूक्ष्म लिवर' करेंगे रुग्ण अंग के काम

मुकुल व्यास

विज्ञानियों ने इंजेक्शन से दिए जा सकने वाले 'सूक्ष्म लिवर' बनाए हैं, जो लिवर के प्रत्यारोपण की जरूरत को खत्म कर सकते हैं

लिवर हमारे शरीर में सबसे ज्यादा काम करने वाले अंगों में से एक है। जब यह अंग काम करना बंद कर देता है, तो अक्सर इसका एकमात्र पक्का इलाज प्रत्यारोपण ही होता है, लेकिन डोनर अंगों की लगातार कमी के कारण यह समाधान सीमित है। विज्ञानी ऐसे तरीके विकसित कर रहे हैं, जो नए लिवर के प्रत्यारोपण की आवश्यकता को खत्म कर सकते हैं। अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (एमआइटी) के विज्ञानियों ने अब इंजेक्शन से दिए जा सकने वाले 'सूक्ष्म लिवर' विकसित किए हैं। ये लिवर चूहों में कम से कम दो महीने तक जीवित रहे और स्वस्थ लिवर के कई काम करते रहे। इस अध्ययन से जुड़ी एमआइटी की प्रोफेसर संगीता भाटिया का कहना है कि हम सूक्ष्म लिवर को एक सहायक लिवर के तौर पर देखते हैं। यदि हम रुग्ण लिवर को हटाए बगैर लिवर कोशिकाओं को शरीर में पहुंचा सकें तो लिवर के मुख्य कार्य सुचारु रूप से जारी रह सकते हैं। लिवर लगभग 500 जरूरी काम करता है जिनमें विषाक्त पदार्थों को फिल्टर करना, खून से बैक्टीरिया को साफ करना, दवाओं को प्रोसेस करना और खून का थक्का जमने के लिए जरूरी प्रोटीन बनाना शामिल है। इनमें से कई काम हेपेटोसाइट्स पर निर्भर करते हैं, जो लिवर की काम करने वाली मुख्य कोशिकाएं होती हैं।

लिवर प्रत्यारोपण की जरूरत के बिना हेपेटोसाइट की गतिविधि को फिर से शुरू करने का एक तरीका हेपेटोसाइट को हाइड्रोजेल जैसी जैव सामग्री के अंदर रखना है, लेकिन इस तरीके में भी जेल को इम्प्लांट करने के लिए सर्जरी की आवश्यकता होती है। हेपेटोसाइट कोशिकाओं को सीधे शरीर में इंजेक्ट करने से उस सर्जरी से बचा जा सकता है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कोशिकाओं को हाइड्रोजेल माइक्रोस्फीयर (पानी सोखने वाले सूक्ष्म गोले) के साथ इंजेक्ट किया। ये छोटे-छोटे गोले कोशिकाओं को एक साथ रहने और आसपास की रक्त वाहिकाओं से जुड़ने में मदद करते हैं। जब इन्हें एक साथ पैक किया जाता है तो ये तरल द्रव्य की तरह व्यवहार कर सकते हैं, जिससे ये सिरिंज से गुजर सकते हैं। शरीर के अंदर पहुंचते ही ये वापस ठोस संरचना में बदल जाते हैं। हाल के वर्षों में घाव भरने के लिए हाइड्रोजेल माइक्रोस्फीयर पर अध्ययन किया गया है, क्योंकि ये कोशिकाओं को गोलों के बीच की जगह में जाने और नया ऊतक बनाने की सुविधा देते हैं।

एमआइटी शोधकर्ताओं ने इसी बेसिक आइडिया का इस्तेमाल करके हेपेटोसाइट कोशिकाओं को इंजेक्शन के बाद एक स्थिर ग्राफ्ट बनाने में मदद की। नए अध्ययन के नतीजों से पता चलता है कि यह विधि भविष्य में लिवर की बीमारी के लिए लंबे समय तक चलने वाला उपचार बन सकती है। यह प्रत्यारोपण के लिए डोनर के अंग की प्रतीक्षा कर रहे मरीजों की भी मदद कर सकती है।

(लेखक विज्ञान के जानकार हैं)

राजरंग

बिना सेनापति के जंग

पटना के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव की घोषणा ने बिहार की राजनीति का तापमान बढ़ा दिया है। नितिन नवीन के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद खाली हुई इस सीट पर भाजपा अपनी प्रतिष्ठा बचाने में जुटी है, जबकि विपक्ष इसे सत्ता पक्ष को घेरने के बड़े अवसर के रूप में देख रहा है। जन सुराज के प्रशांत किशोर भी मैदान में उतरने के संकेत दे चुके हैं। भाजपा को कड़ी टक्कर देने के लिए विपक्षी दल साझा रणनीति पर भी विचार कर रहे हैं, लेकिन राजनीति में समय सबसे बड़ा संदेश देता है। ऐसे समय में बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव विदेश यात्रा पर निकल गए। इसे संयोग कहें या रणनीति, लेकिन इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में जबरदस्त चर्चा है। सवाल विपक्षी एकता पर भी उठ रहे हैं और नेता प्रतिपक्ष पर भी कि जब विपक्ष को अपने सबसे बड़े चेहरे की सबसे अधिक जरूरत थी, तब तेजस्वी यादव अनुपस्थित हैं।

सन्नाटा

भाजपा मुख्यालय में जिस स्थान पर सबसे अधिक गहमागहमी रहती थी, वहां आजकल सन्नाटा पसरा हुआ है। मुख्यालय के दूसरे और तीसरे तल पर, जहां पार्टी के महासचिव बैठते हैं, उनसे मिलने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं की हमेशा भीड़ लगी रहती थी, लेकिन अब वहां न तो कोई महासचिव दिखाई देता है और न ही उनसे मिलने वाले लोगों की भीड़। मौजूदा महासचिवों में से अधिकांश को नितिन नवीन की नई टीम में जगह नहीं मिलने की आशंका जताई जा रही है। नई टीम में एक या अधिकतम दो महासचिवों के ही बने रहने की संभावना है। स्थिति केवल महासचिवों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मोर्चों के प्रमुखों की भी कमोबेश यही हालत है। वर्तमान पदाधिकारी पार्टी मुख्यालय में तभी दिखाई देते हैं, जब उन्हें किसी बैठक के लिए बुलाया जाता है। नई टीम की घोषणा कभी भी होने की संभावना है। ऐसे में कार्यकर्ता भी 'डेंजर जोन' में खड़े पदाधिकारियों पर दांव लगाने से बच रहे हैं। ऐसा लगता है कि नई टीम के गठन के बाद ही पार्टी मुख्यालय में पसरा यह सन्नाटा टूटेगा।

सियासी एहसान

राजनीति में कृतज्ञता अब दुर्लभ होती जा रही है। सत्ता और समीकरण बदलते ही लोग अपने राजनीतिक अतीत को भी पीछे छोड़ देते हैं। ऐसे दौर में राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी एक अलग मिसाल पेश कर रहे हैं। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने उन्हें संसदीय बोर्ड का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर संगठन में नंबर दो की जिम्मेदारी सौंपी है। मगर इन दिनों त्यागी की चर्चा किसी नए राजनीतिक पैंतरे के कारण नहीं, बल्कि पुराने रिश्तों को सहेजने की वजह से हो रही है। इन दिनों वे अपने राजनीतिक जीवन के अहम पड़ावों और उनसे जुड़े नेताओं पर एक पुस्तक लिखने में जुटे हैं। इसमें चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर, शरद यादव और नीतीश कुमार से जुड़े संस्मरण शामिल होंगे। इन्हीं नेताओं के साथ उन्होंने राजनीति सीखी, संघर्ष किया और अपनी पहचान बनाई। जदयू से दूरी बनने के बाद वे अपनी पुरानी राजनीतिक जमीन, रालोद, में लौट आए। रास्ते बदले, दल भी बदले, लेकिन अपने पूर्व नेताओं के प्रति उनका सम्मान नहीं बदला।

वैसी शाही रौनक नहीं

नार्थ ब्लाक में काम करने वाले बाबुओं से लेकर सामान्य कर्मचारियों तक में इस बात को लेकर मायूसी है कि कर्तव्य भवन में उन्हें नार्थ ब्लाक जैसी शाही रौनक का अहसास नहीं होता। उन कर्मचारियों को नार्थ ब्लाक से कर्तव्य भवन में स्थानांतरित होना अधिक खल रहा है, जो पिछले 25-30 वर्षों से वहीं कार्यरत थे। अंग्रेजों के समय में बने नार्थ ब्लाक के लंबे गलियारे, एक-एक कक्ष, सभा कक्ष, भव्य सीढ़ियां और इसकी विशाल अग्र आकृति वहां कार्य करने वाले कर्मचारियों को एक विशिष्टता का अहसास कराती थी। कर्तव्य भवन में स्थानांतरित हुए कर्मचारी उदास मन से बताते हैं कि नार्थ ब्लाक से बाहर निकलते समय सामने दिखाई देने वाला साउथ ब्लाक तथा रायसीना रोड से इंडिया गेट तक का अद्भुत दृश्य उन्हें एक अलग ही अनुभूति देता था। अब बाहर निकलने पर केवल सड़क पर रेंगते और दौड़ते वाहनों का दृश्य दिखाई देता है।

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

700 से अधिक माओवादियों को सुरक्षाबलों ने ढेर किया देश के विभिन्न हिस्सों में वर्ष 2024 से मार्च, 2026 के दौरान, जबकि इस दौरान बड़ी संख्या में माओवादियों ने आत्मसमर्पण भी किया जो आज समाज की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।

आजकल

धनबल से संप्रभुता पर हमले का मंसूबा

अनंत विजय
anant@nda.jagran.com

बीते दो वर्षों में राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में माओवाद की समाप्ति को देखा जा सकता है। हालांकि कई बड़ी चुनौतियां अब भी कायम हैं। इन चुनौतियों को बनाए रखने के लिए कुछ एनजीओ को विदेश से भी धन प्राप्त होने के संकेत मिले हैं। ऐसे में केंद्र सरकार इनसे निपटने के लिए तत्परता से कदम उठा रही है, ताकि विदेश फंडिंग की सख्त निगरानी की जा सके। वस्तुत: धनबल से भारत की संप्रभुता पर हमला करने वाले तत्व कई प्रकार की साजिश रच रहे हैं, जिन्हें ध्वस्त करना होगा



देश के दूरदराज इलाकों में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सुरक्षाबलों के अभियान की जानकारी लेते अमित शाह। फाइल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 12 वर्षों के कार्यकाल में बहुत सारे महत्वपूर्ण कार्य किए। इन कार्यों में से दो कार्य ऐसे हैं जिनको ऐतिहासिक कार्य के कोष्ठक में रखा जा सकता है। पहला है अनुच्छेद 370 की समाप्ति। दूसरा है माओवाद का सफाया। ये दोनों कार्य इतिहास में इस तरह से दर्ज हो गए जिसे कभी मिटाया नहीं जा सकेगा। दोनों में गृह मंत्री अमित शाह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अनुच्छेद 370 की समाप्ति बहुत साहसिक कदम था। उसके लिए व्यापक प्रशासनिक तैयारी भी आवश्यक थी। जो लोग कहते थे कि अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद कश्मीर में खून की नदियां बहेंगी, उन्होंने भी खामोशी के साथ इस बदलाव को स्वीकार किया। 370 के समाप्त होने के आसन्न खतरे से निबटने के लिए तैयारियां की गई थीं। माओवादी आतंक को समाप्त करने के लिए जिस इच्छाशक्ति की आवश्यकता थी, वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिखाई। परिणामस्वरूप गृह मंत्री को इस कार्य को करने में अपेक्षित शक्ति और भरोसा मिला। रणनीति बनाई गई। उसपर निश्चित समयावधि में कार्य हुआ। आज देश माओवादी आतंक से मुक्त है। जब माओवादी आतंक के कारणों पर विचार कर रहा था तो 'एक्स' पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भाषण का एक अंश दिखा। उसमें वह कह रहे हैं कि अमेरिकी संस्था यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट 2024 के लोकसभा चुनाव के समय 200 करोड़ रुपये भारत में भेजना चाहती थी, ताकि नरेन्द्र मोदी की जगह किसी और को प्रधानमंत्री बनाया जा सके। यूएसएआइडी दुनिया के देशों को अलग अलग कारणों से आर्थिक मदद करता रहता है। यह आर्थिक मदद शिक्षा, स्वास्थ्य, लोकतंत्र को मजबूत करने आदि के नाम पर दी जाती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप इस तरह का बयान पहले भी दे चुके हैं। उन्होंने दावा किया था कि 2024 में भारत में सत्ता परिवर्तन के लिए धन भेजा गया था। प्रश्न उठ सकता है कि माओवादी आतंक की समाप्ति और ट्रंप के इस बयान में क्या संबंध है। इन दोनों बातों में गहरा संबंध है। इसको समझने के लिए समय समय पर विदेशी फंडिंग के नियमों को सख्त और पारदर्शी बनाने के लिए उठाए गए कदमों और उसपर मचे बवाल पर ध्यान देना होगा। इस वर्ष भी विदेशी फंडिंग को लेकर गृह मंत्रालय ने संशोधित नोटिफिकेशन जारी किया। अभी जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, गैर सरकारी संगठनों को जिस कार्य के लिए विदेश से पैसा मिलता है, उस कार्य में ही खर्च करने की व्यवस्था के लिए नियम और सख्त किए गए। गैर सरकारी संगठनों के प्रशासनिक व्यय की सीमा भी तय की गई है। विदेश से मिले धन के उपयोग का प्रमाण देने के बाद ही फिर से मदद की मंजूरी मिलेगी।

पहले होता यह था कि धन किसी अन्य कार्य के लिए आता था और उसका उपयोग किसी अन्य कार्य में होता था। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आनेवाले धन का उपयोग बहुधा सरकार के विरुद्ध आंदोलन में होता था। धार्मिक कार्यों या धर्म प्रचार के लिए मिलनेवाली राशि का उपयोग मतांतरण में किया जाता था। इस वर्ष के संशोधन में यह स्पष्ट किया गया है कि धार्मिक कार्यों के लिए विदेश से मिलनेवाली आर्थिक सहायता का उपयोग किसी भी हाल में मतांतरण के लिए नहीं किया जा सकेगा। संविधान का अनुच्छेद 25 देश के नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार देता है। अपने धर्म का अनुकरण करने और उसके प्रचार करने की भी अनुमति है। इसकी आड़ में ही मतांतरण के कार्य को अंजाम दिया जाता रहा है। इसमें विदेश से मिलनेवाली आर्थिक सहायता का भरपूर उपयोग होता रहा है। विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम में किए गए संशोधन के अनुसार, अब धार्मिक प्रचार के लिए मिलनेवाले विदेशी धन से मतांतरण की अनुमति नहीं है।

विदेश से मिलनेवाली आर्थिक मदद गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) शिक्षा के प्रसार के नाम पर भी लेते रहे हैं। इस तरह की बात सामने आती रही है कि अमुक एनजीओ ने शिक्षा के प्रसार के लिए विदेश से आर्थिक सहायता ली, लेकिन उसका उपयोग विचारधारा विशेष के प्रचार प्रसार में किया गया। विशेषकर इस तरह के मामले छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे आदिवासी बहुल इलाकों से आते रहे हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए मिलनेवाले धन के दुरुपयोग की खबरें आती रही हैं। इस तरह के समाचार भी आते रहे हैं कि विदेश से मिलनेवाले धन का उपयोग पहले नक्सलियों और बाद में माओवादियों को मदद के लिए किया जाता रहा। इस तरह की गतिविधियां भारत की संप्रभुता और आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बने रहे। इस कारण से जब विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम में संशोधन हुआ, तब केंद्र सरकार के विरुद्ध माहौल बनाने का प्रयास किया गया। जब कभी एनजीओ को मिलनेवाले विदेशी धन को लेकर आर्थिक अनुशासन की बात गृह मंत्रालय से की जाती है, तब विरोध के स्वर मुखर हो जाते हैं। इसका एकमात्र कारण है कि कई एनजीओ जिस कार्य के लिए धन लेते हैं, उस कार्य के अलावा अन्य काम में पैसे खर्च किए जाते हैं। माओवाद को विदेशी मदद का एक बड़ा स्रोत यह भी था। गृह मंत्रालय ने इस स्रोत को खत्म किया जिससे माओवाद को मिलनेवाली सहायता न्यून हो गई।

भारत में सत्ता परिवर्तन का मंसूबा पाले बैठे विदेशी ताकतों को भी इससे कमजोर किया गया। यह बात सिर्फ डोनाल्ड ट्रंप ही नहीं कह रहे हैं। 12 सितंबर, 2011 को अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआइए ने कुछ दस्तावेज डीक्लासिफाइ किए। उन दस्तावेजों से यह राजफाश हुआ कि किस तरह से भारत की स्वतंत्रता के बाद से सोवियत संघ कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (सीपीआइ) के पूर्ण स्वामित्व वाले प्रकाशन गृह 'पीपल्स पब्लिशिंग हाउस' को 65 प्रतिशत तक आर्थिक अनुदान देता था। इतना ही नहीं, सीपीआइ के प्रकाशनों को 1984 में करीब 60 हजार डालर तक का विज्ञापन दिया जाता था। सीपीआइ और उसके अनुषांगिक संगठनों के लोगों को आर्थिक मदद और सोवियत संघ की यात्रा के लिए टिकट आदि दिए जाते थे। उसमें इस बात का भी उल्लेख है कि इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहने के दौरान लगभग 40 प्रतिशत संसद सदस्यों को सोवियत रूस से पैसे मिलते थे। इसकी प्रामाणिकता न तो कभी सिद्ध हो सकती है, और न ही सच सामने आता है। लेकिन खुफिया क्लासीफाइ दस्तावेजों के सामने आने से संकेत तो मिलते ही हैं।

नरेन्द्र मोदी की सरकार को बदलने के लिए आर्थिक मदद की बात अंतरराष्ट्रीय मंचों पर होती है तो उसपर देश में विचार तो होना ही चाहिए। क्योंकि यह धनबल के आधार पर देश की संप्रभुता पर आक्रमण जैसा मामला है। केंद्र सरकार के संज्ञान में ये बातें हैं। वह देश की संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रतिबद्ध है, यह संतोष की बात है। बात तो उन एनजीओ और नेताओं पर भी होनी चाहिए जो विदेश में ऐसी ताकतों से मिलते हैं जो धनबल से देश की संप्रभुता को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।

धर्म-संस्कृति

बौद्धिक योद्धाओं का निर्माण

मुनीष त्रिपाठी
भारतीय संस्कृति के जानकार

अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण लंबी न्यायिक प्रक्रिया और संघर्ष के बाद संभव हुआ। हालांकि अभी कुछ और मंदिर देश में इस अवस्था में हैं जिनका पुनरोद्धार किया जाना शेष है। यह सही है कि भारत में मंदिर आस्था के ही नहीं, बल्कि विद्या, संस्कार, शिक्षा और चेतना के केंद्र भी रहे हैं। दक्षिण भारत में प्राचीन साम्राज्य में मंदिर प्रशासन, राज्य और अर्थव्यवस्था के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। इसलिए इनका पुनरुद्धार या फिर पुनर्निर्माण आवश्यक है। परंतु उससे भी अधिक जरूरी भारतीय, राष्ट्रीय समाज की सुरक्षा व्यवस्था की है।

वस्तुतः भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है, जहां विविध पंथिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराएं सहस्राब्दियों से साथ-साथ विकसित हुई हैं। हिंदू समाज ने भारतीय संस्कृति, दर्शन, साहित्य, विज्ञान, कला और राष्ट्रीय जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। वर्तमान में देश में अनेक धार्मिक स्थलों, सांस्कृतिक विरासतों तथा ऐतिहासिक विवादों को लेकर न्यायिक और सामाजिक स्तर पर विमर्श चल रहा है। ऐसे में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो जाता है कि केवल मंदिरों या धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर्याप्त है या उससे अधिक आवश्यक एक सशक्त, शिक्षित, संगठित और आत्मविश्वासी समाज का निर्माण है।

वास्तव में किसी भी सभ्यता की स्थायी सुरक्षा उसके सामाजिक आधार की मजबूती पर निर्भर करती है। अतः हिंदू समाज की सुरक्षा का प्रश्न केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, शैक्षिक, आर्थिक, वैचारिक, सामरिक और राष्ट्रीय आयामों से जुड़ा हुआ विषय है। आज पीएफआइ जैसे कई संगठन भारत को दारुल इस्लाम बनाने का मंसूबा पाले हुए हैं जो आए दिन हिंसक वारदातों को अंजाम देते हैं। ऐसे में सरकार के साथ ही समाज को भी इनका मुकाबला करना होगा।

किसी भी समाज की शक्ति उसकी सांस्कृतिक स्मृति में निहित होती है। हिंदू समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक अपनी परंपराओं, ग्रंथों, महापुरुषों और इतिहास के प्रति जागरूकता का अभाव है। यदि समाज अपनी जड़ों से कट जाता है, तो वह बाहरी वैचारिक दबावों के प्रति अधिक प्रभावित हो जाता है। इसलिए आवश्यक है कि भारतीय इतिहास को संतुलित दृष्टि से समझा जाए।

आज का युग ज्ञान और सूचना का युग है। यदि कोई समाज शिक्षा, अनुसंधान और बौद्धिक नेतृत्व में पिछड़ जाता है तो वह दीर्घकाल में कमजोर हो जाता है। हिंदू समाज की सुरक्षा केवल भावनात्मक नारों से नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैचारिक स्पष्टता से सुनिश्चित होगी। उच्च शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, प्रशासन, न्यायपालिका, मीडिया और अकादमिक जगत में अधिकाधिक उच्च संस्कारित प्रतिनिधित्व आवश्यक है। साथ ही, भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधुनिक शोध को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। संस्कृत भाषा, भारतीय दर्शन, आयुर्वेद, योग और पारंपरिक ज्ञान-विज्ञान को आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता है।

डिजिटल युग में इंटरनेट मीडिया वैचारिक संघर्ष का प्रमुख माध्यम बन चुका है। इसलिए युवाओं को तथ्यपरक अध्ययन, तार्किक संवाद और संवैधानिक मूल्यों के साथ अपनी बात रखने का प्रशिक्षण भी आवश्यक है जिससे देशभक्त बौद्धिक योद्धाओं का निर्माण हो सके।

पोस्ट

भारतीय मूल की पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंदिरा नूई अमेरिका की जिस मेरिट आधारित व्यवस्था की बात कर रही हैं, वही अमेरिका अपने लोकतंत्र के लगभग ढाई सौ वर्षों के इतिहास में आज तक एक भी महिला राष्ट्रपति नहीं चुन पाया है। क्या अमेरिका में कोई महिला राष्ट्रपति बनने लायक मेरिट नहीं रखती?
अंकित कुमार अवस्थी@kaankit

कांग्रेस हाईकमान ने केरलम और कर्नाटक के मामले में अपनी मजबूत इच्छाशक्ति प्रदर्शित करने वाले फैसले लेकर जो कमाया था, वह पंजाब के मामले में गंवा दिया।
उमाशंकर सिंह@umashankarsingh



शांति पुरानी बातों को भुलाकर नहीं आ सकती। भारत से बातचीत फिर से शुरू करने के लिए कहने से पहले क्या पाकिस्तान को अपनी जमीन से चल रहे आतंकी संगठनों को खत्म नहीं करना चाहिए? क्या 26/11, पठानकोट, उड़ी, पुलवामा और पहलगाम जैसे हमलों के जिम्मेदार लोगों को सजा नहीं मिलनी चाहिए? क्या आतंकवाद के ढांचे को हमेशा के लिए खत्म नहीं कर देना चाहिए? शांति भरोसे पर बनती है और भरोसा तभी शुरू होता है, जब आतंकवाद खत्म होता है।
सृजन पाल सिंह@srijanpalsingh

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या वाट्सएप की फोन नंबर छिपाकर किसी अन्य यूजर से चैट करने की सुविधा पर रोक लगाई जानी चाहिए?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या पंजाब में कांग्रेसी नेताओं के अंदरूनी घमासान से आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को नुकसान होगा?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

पीओके में पाक का देखें गंदा गेम,
मुफ्ती-फारुख तब करें उसी पाक से प्रेम।
उसी पाक से प्रेम रहा जो हरदम घाती,
लिखते हैं ये लोग उसी को चिट्ठी-पाती!
इस रिश्ते को देश करेगा तब ही ओके,
जब भारत को पाक सौंप दे खुद पीओके!!
-ओम प्रकाश तिवारी

रचनाकर्म

हाशिए पर छूटे लोगों की कहानी

ब्रजबिहारी

यह पुस्तक देश के ग्रामीण और जनजातीय अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थितियों का वास्तविक चित्र प्रस्तुत करती है और इसका समाधान भी सुझाती है...

पुस्तक : स्टेइंग एलाइव : डिस्पैचेज फ्राम द मार्जिंस
लेखिका : रमानी अतकुरी
प्रकाशक : पैन मैकमिलन इंडिया
मूल्य : 499 रुपये

भारत के चकाचौंध से भरे शहरों और महानगरों के विश्वस्तरीय अस्पताल दुनिया भर के देशों के मरीजों को आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन जहां 65 प्रतिशत आबादी का निवास है, उन ग्राम्य और जनजातीय अंचलों में स्वास्थ्य की वास्तविकता तस्वीर के दूसरे रुख को सामने लाती है। वहां भौतिक एवं मानव संसाधनों का अभाव तो है ही, जो कुछ है वह भी अपनी पूरी क्षमता से काम करता नहीं दिखता है। लंबे समय से जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में समर्पित रमानी अतकुरी ने इस सच्चाई को पुस्तक `स्टेइंग एलाइवः डिस्पैचेस फ्राम द मार्जिंस' में बड़ी खूबसूरती से प्रस्तुत किया है। इसमें लेखिका हमें यह चुनौती देती हैं कि हम एक ऐसे देश की कल्पना को साकार करें, जहां स्वास्थ्य सेवा विलासिता की वस्तु न होकर हर नागरिक का अधिकार बन जाए।

सरकारी अस्पतालों की हालत किसी से छिपी हुई नहीं है। आधारभूत संरचना और दवा की कमी है। डाक्टरों की संख्या पूरी नहीं है। उन पर काम का अधिक बोझ है। वर्ष 2018 में मध्य प्रदेश के झाबुआ में एक कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) के दौरे में लेखिका को जो अनुभव हुआ, उसे पढ़कर कोई डाक्टर ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों पर काम नहीं करना चाहेगा। जब लेखिका वहां पहुंचीं तो डाक्टर साहब फाइलों में उलझे हुए थे। हालांकि वे कमरे में बैठे थे, लेकिन उनके बगल में एक व्यक्ति छाता लिए खड़ा था, क्योंकि छत टपक रही थी। जब वे अस्पताल दिखाने निकले तो एक-एक कर परतें खुलने लगीं। एक्स-रे मशीन बिना इस्तेमाल के खराब हो गई, क्योंकि कमरे में बहुत ज्यादा नमी थी। हालांकि यह कहानी पुरानी है, लेकिन आज भी ऐसे उदाहरण मौजूद हैं।

यह पुस्तक सिर्फ कमियों की ओर इशारा ही नहीं करती है, बल्कि समाधान भी सुझाती है। ये ऐसे समाधान हैं, जिनमें कोई राकेट साइंस नहीं है। हमारे सामने ऐसे देशों का उदाहरण भी है कि कैसे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के नेटवर्क को मजबूत करके न सिर्फ स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच बढ़ाई जा सकती है, बल्कि उनकी लागत भी कम की जा सकती है। लेखिका ने उदयपुर में नर्सों द्वारा संचालित क्लीनिक के नेटवर्क का उल्लेख भी किया है। डा. पवित्र मोहन द्वारा चलाया जा रहा यह नेटवर्क बुनियादी स्वास्थ्य सेवा का सफल माडल बनकर उभरा है।

इस पुस्तक में लेखिका ने आंकड़ों और अनुभवों के मेल से एक रचना संसार बुना है। खास बात यह है कि जन स्वास्थ्य पर अपने अनुभव के साथ ही लेखिका ने इसमें विस्थापन की समस्या की ओर भी ध्यान दिलाया है। छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से हटाए गए लोगों के एक साल तक प्लास्टिक ओढ़कर बिताने का मार्मिक प्रसंग हो या फिर उनके साथ मुआवजे में हुए खेल का, सबको वह उजागर करती हुई चलती हैं। बैगा आदिवासी समुदाय के इन लोगों को पारंपरिक आवास से हटाकर ईंट-पत्थर के बने मकानों में स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन किसी ने नहीं सोचा कि उनके साथ क्या गुजरेगी?

हाशिए पर छूट गए लोगों की कहानी कौन लिखता है, चमक के नीचे का अंधेरा कौन दिखाता है। रमानी अतकुरी ने इसका प्रयास किया है, इसके लिए उन्हें साधुवाद। झारखंड के बोकारो में शिक्षा-दीक्षा का असर हो या फिर किसी की प्रेरणा या उनके द्वारा जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने का परिणाम, लेकिन अपने अनुभवों के निचोड़ को एक पुस्तक का रूप देकर उन्होंने पाठकों का भला ही किया है। इस पुस्तक के कारण अगर कुछ उत्साही विशेषज्ञ जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में उतरते हैं तो इसका उद्देश्य पूरा होगा।

इंटरनेट मीडिया से आय की राह

मुकेश चौरसिया

पुस्तक : क्रिएटर से करोड़पति
लेखक : आदित्य अयंगर
प्रकाशक : पेंगुइन स्वदेश
मूल्य : 299 रुपये

सूचना क्रांति के बाद दुनिया बहुत तेजी से बदली है। वैश्विक अर्थव्यवस्था, शिक्षा और सामाजिक जीवन में अभूतपूर्व बदलाव आया है। आज लगभग हर आदमी के पास स्मार्टफोन है, जो सूचना और किसी भी जानकारी तक सुलभ पहुंच के अलावा आमदनी के एक प्रमुख साधन के रूप में भी उभरा है। इंटरनेट मीडिया के प्रसार ने किसी भी व्यक्ति को कंटेंट क्रिएटर बनने का अवसर दिया है। अपनी रचनात्मकता, विचारों और प्रतिभा के बल पर कोई भी सफलता की ऊंचाइयों को छू सकता है। पुस्तक "क्रिएटर से करोड़पति" इंटरनेट मीडिया की इसी ताकत को दर्शाती है। यह बताती है कि इससे कमाई भी हो सकती है।

पुस्तक बताती है कि कंटेंट क्रिएशन में करियर बनाना चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन सुनियोजित तरीके से कदम बढ़ाया जाए तो रास्ता आसान हो सकता है। ऐसा कंटेंट बनाना, जिससे आमदनी हो सके, शत प्रतिशत एक सीखा जाने वाला कौशल है। सही रूपरेखा बनाकर, उसे अपनाकर और स्पष्ट उद्देश्य के साथ इस कौशल को सीखा जा सकता है। यह पुस्तक बताती है कि इंटरनेट मीडिया की दुनिया में क्या करना है और क्या नहीं करना है। कंटेंट व्यवसाय की सच्चाई से भी परिचय कराया गया है। इस उद्योग के सभी पहलुओं पर भी रोशनी डालने का प्रयास किया गया है। यह कंटेंट क्रिएटर बनने का सपना देखने वालों के लिए एक रोडमैप तैयार करने में मदद करेगी कि अपने कंटेंट से कैसे कमाई की जा सकती है। यह पुस्तक एक तरह से कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र में कदम रखने या डिजिटल पहचान बढ़ाने की दिशा में व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करती प्रतीत होती है। पुस्तक में विभिन्न अध्यायों के माध्यम से हर पहलू के बारे में विस्तार से बताया गया है। यह किताब उन लोगों के लिए उपयोगी हो सकती है, जो डिजिटल दुनिया में पहचान बनाने के साथ ही कमाना भी चाहते हैं।

नीति और बोध का दर्शन



पुस्तक : चालीस दिन
लेखक : गुरप्रीत सिंह धुग्गा
प्रकाशक : मंजुल पब्लिशिंग हाउस
मूल्य : 299 रुपये

डा. गुरप्रीत सिंह धुग्गा की 'चालीस दिन' समकालीन पंजाबी साहित्य की एक उल्लेखनीय कृति है, जिसकी सार्थकता उसके कथानक से आगे बढ़कर उसकी जीवन-दृष्टि में निहित है। 40 दिनों की यह यात्रा वस्तुतः आत्मान्वेषण की है, जहां प्रत्येक दिन नया बोध, संवाद नई दृष्टि और अनुभव आत्म-साक्षात्कार का माध्यम बनकर आते हैं। कथा के दो प्रमुख पात्र केसर और फकीर जीवन के दो भिन्न आयामों का प्रतिनिधित्व करते हैं। केसर अपने उद्देश्य, सत्य और सुकून की तलाश में भटकते मनुष्य का प्रतीक है, जबकि फकीर अनुभव, धैर्य और जीवन-बोध का। उनके संवादों में विचार और संवेदना, तर्क और विश्वास, यथार्थ और आध्यात्मिकता एक-दूसरे के परस्पर पूरक दिखाई देते हैं। अमृत बेला के नीरव अंधेरे में केसर अपनी बेबे (दादी) के नाम एक पत्र छोड़कर विभाजन में बिछुड़े पिता की खोज में घर से निकल पड़ता है। उसकी मुलाकात फकीर से होती है और 40 दिनों का सफर, जो अंततः जीवन के बाहरी रास्तों से अधिक मनुष्य के भीतरी भूगोल को प्रकाशित करता है। यात्रा के पहले दिन केसर फकीर के साथ कुटिया से प्रस्थान करता है।

यतीन्द्र मिश्र

मार्ग में फकीर समझाता है कि जीवन में मिलना-बिछड़ना सृष्टि का शाश्वत नियम है। इसी क्रम में विभाजन की विभीषिका से जुड़ी निजी त्रासदी का मार्मिक स्मरण है, जिसने असंख्य लोगों से उनका पूरा संसार भी छीन लिया। लेखक के शब्दों में- 'केसर और फकीर के साथ-साथ यह सफर मेरा भी है।' प्रस्तुत वृत्तांत का मनोवैज्ञानिक उत्कर्ष अंत में अत्यंत सुंदर है। जीवन के गूढ़ प्रश्न यहां बिना किसी दार्शनिक गंभीरता या धार्मिक उपदेश की बोझिलता में खुलते हैं। कथा में लोककथाएं, प्रकृति, ग्रामीण परिवेश और सामान्य जनजीवन सब कुछ है। भाषा में लोकजीवन की सोंधी महक और वर्णन की दृश्यात्मकता है, जिससे हम यात्रा की पगडंडियों, खेतों, पेड़ों, ऋतुओं और रास्तों के सहयात्री बन जाते हैं। यहां सहजता, सब्र, विनम्रता, श्रम, करुणा, आत्मानुशासन और विश्वास जैसे जीवन-मूल्य उभरते हैं। 'चालीस दिन' जीवन के शोर में मौन का महत्व, उपलब्धियों के बीच संतोष का मूल्य और भौतिक प्रगति के बीच आत्मिक समृद्धि की अनिवार्यता का दस्तावेज है। पुस्तक पर एक पंजाबी फिल्म का निर्माण भी हुआ है। तेज रफ्तार जीवन के बीच ठहरकर स्वयं से मिलने का आह्वान।

मुगल सामाजिक-राजनीतिक विमर्श



पुस्तक : लाइफ स्टोरीज इन मुगल इंडिया
लेखिका : शिवांगिनी टंडन
प्रकाशक : रूटलेज इंडिया
मूल्य : 1,295 रुपये

किसी भी ऐतिहासिक दौर को समझने के लिए केवल सत्ता और शासकों को जानना पर्याप्त नहीं, यह समझना भी आवश्यक है कि उस समय लोग कैसे जीते थे, किन संबंधों में बंधे थे, उनकी भावनाएं किस तरह बनती-बिखरती थीं और वे अपने समय को किस तरह अनुभव करते थे। इतिहास का यही मानवीय पक्ष 'लाइफ स्टोरीज इन मुगल इंडिया' की बुनियाद है। मुगल काल में लेखन की विविध विधाएं जैसे 'इन्शा', 'अखलाक' और 'मक्तूबात' विकसित हुईं।

इसी दौर में जीवन-वृत्तांत लेखन का भी विस्तार हुआ, जिसमें आत्मकथाएं, संस्मरण और विशेष रूप से 'तज्किरा' साहित्य प्रमुख रहा। 'तज्किरा' स्मरणात्मक जीवनी-लेखन है, जो व्यक्तियों के जीवन के माध्यम से उस समय के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक यथार्थ को उद्घाटित करता है।

शिवांगिनी टंडन अपने अध्ययन में 17वीं-18वीं शताब्दी के मुगल भारत के संदर्भ में इंडो-फारसी जीवनी-ग्रंथों (तज्किरा) को एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्रोत के रूप में प्रतिष्ठित करती हैं। पुस्तक में मुगलकालीन गृहस्थ-क्षेत्र (घरेलू संसार) को एक महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक स्थल के रूप में देखा गया है, जहां परिवार, रिश्तेदारी, मित्रता, भावनात्मक संबंध, भोज-परंपरा, खान-पान और घरेलू आचार-व्यवहार केवल निजी जीवन के आयाम नहीं थे, वे राजनीतिक गठबंधनों, सत्ता-संबंधों और संगठन के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते थे।

प्रस्तुत अध्ययन निजी और सार्वजनिक जीवन के अंतर्संबंधों से पुरुषत्व, शौर्य, वफादारी, उदारता और आत्मबोध की बदलती अवधारणाओं का विश्लेषण करता है, जहां मुगल गृहस्थ-संरचना में उनकी भूमिका रेखांकित होती है। तज्किरों में वर्णित अकबर के धाय-भाई मिर्जा अजीज कोका के जीवन के माध्यम से धाय-मां द्वारा निर्मित रिश्तों, निकटता और पारिवारिक संबंधों की राजनीतिक भूमिका का विश्लेषण दिखाता है कि सत्ता-संचालन में ये सभी तत्व कितने प्रभावशाली थे।

इसमें मुगल काल के हाशिए पर स्थित कलाकारों, गुलामों, खेलों, पहरेदारों, रसोइयों और अन्य सेवक वर्ग की भूमिकाओं और अनुभवों की पड़ताल उभरती है। प्रारंभिक आधुनिक दक्षिण एशिया के इतिहास, सांस्कृतिक अध्ययन, साहित्य, समाजशास्त्र तथा लिंग और राजनीति के अध्ययन से जुड़े शोधकर्ताओं और विद्वानों के लिए उपयोगी संदर्भ-ग्रंथ।

नौ को खुलेगा लेजर पावर का आइपीओ

कोलकाता: बिजली की केबल, कंडक्टर और बिजली ट्रांसमिशन के लिए विशेष उत्पाद बनाने वाली कंपनी लेजर पावर एंड इन्फ्रा लिमिटेड का 742 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) सब्सक्रिप्शन के लिए 9-13 जुलाई तक खुलेगा। इस आइपीओ में 542 करोड़ रुपये के नए शेयर और 200 करोड़ रुपये के प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। (प्रेट्र)

आने वाले वर्षों में भारत का एथनाल कार्यक्रम ऊर्जा सुरक्षा, खेती से जुड़ी मुश्किलों और पर्यावरण से जुड़े लक्ष्यों को पूरा करने में और भी बड़ी भूमिका निभाएगा।

-विक्रम गुलाटी, भारत प्रमुख, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर



एक नजर में

एचडीएफसी बैंक के जमा में 14.7 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली: अप्रैल-जून 2026 तिमाही के दौरान एचडीएफसी बैंक के जमा में 14.7 अंक की वृद्धि हुई है। बैंक ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि जून के अंत में उसकी कुल जमा 31.70 लाख करोड़ रुपये हो गई है। बीती तिमाही के दौरान बैंक के कुल कर्ज वितरण में 15.4 प्रतिशत की वृद्धि रही है और जून के अंत में कुल बकाया कर्ज 30.61 लाख करोड़ रुपये रहा है। (आइएएनएस)

वी-मार्ट का 'डेनिम फार एवरी यू' कैंपेन लांच

नई दिल्ली: रिटेल स्टोर संचालक वी-मार्ट अपने नए कैंपेन 'डेनिम फार एवरी यू' के साथ डेनिम का जबरदस्त अंदाज लेकर आया है। इस नए कलेक्शन में 12 से ज्यादा फिट और 10 हजार से ज्यादा स्टाइल के साथ हर पसंद के लिए एक डेनिम मौजूद है। इस कलेक्शन में डेनिम की शुरुआती कीमत सिर्फ 399 रुपये है। (वि.)

विदेश में संपत्ति की आयकर रिटर्न में जरूर दें जानकारी

आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न (आइटीआर) दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सभी प्रकार के करदाता अपनी पिछले वित्त वर्ष की आय के लिए आइटीआर दाखिल कर सकते हैं। आयकर विभाग लगातार कहता रहता है कि करदाता आइटीआर में अपनी सभी प्रकार की आय की जानकारी अवश्य दें। ऐसा न करने पर करदाताओं पर जुर्माना लगाया जा सकता है। **मनोज कुमार** बता रहे हैं कि विदेश में संपत्ति को लेकर क्या कहते हैं आयकर कानून और इनकी जानकारी न देने पर क्या है जुर्माने का प्रविधान...

विदेशी संपत्ति को लेकर क्या कहता है कानून

आयकर नियमों के अनुसार, भारत में रहने वाले लोगों को अपने आइटीआर में विदेशी आय और विदेशी संपत्ति की पूरी जानकारी देना अनिवार्य है। इसमें विदेशी बैंक खाते, शेयर, विदेशी सेवानिवृत्ति खाता, एंप्लाई स्टाक ओनरशिप प्लान (ईएसओपी) शामिल हैं। यदि करदाता ऐसी संपत्ति की जानकारी देने में कोई चूक करता है, भले ही उस पर कोई टैक्स नहीं बनता, तब भी 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। भारत में आइटीआर में दी जाने वाली जानकारी आमतौर पर अप्रैल से मार्च अवधि के दौरान आय से जुड़ी होती है। लेकिन विदेशी संपत्ति की जानकारी कैलेंडर वर्ष के हिसाब से देनी होती है। इसका कारण यह है कि ज्यादातर दूसरे देश कैलेंडर वर्ष का पालन करते हैं। आकलन वर्ष 2026-27 के आइटीआर में जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक की आय या संपत्ति जानकारी देनी होगी।

आइटीआर के लिए कौन सा फार्म भरना होगा

विदेश में आय अर्जित करने वाले या संपत्ति रखने वाले रेजिडेंट या आर्डिनरीली रेजिडेंट (आरओआर) को रिटर्न दाखिल करने के लिए आइटीआर-2 फार्म का इस्तेमाल करना होगा। हालांकि, उनके पास कारोबार या पेशे से कोई आय नहीं होनी चाहिए। ऐसे करदाताओं को 'शेड्यूल एफए' के जरिये विदेशी संपत्ति की जानकारी रखनी होगी। जिन लोगों के पास विदेश में संपत्ति है और उन्हें बिजनेस या पेशे से भी आय होती है, उन्हें आइटीआर-3 के जरिये रिटर्न दाखिल करना चाहिए।

जरूरी है विदेशी संपत्ति की जानकारी देना

कालेधन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और टैक्स लगाने से जुड़े कानून (बीएमए) जैसे टैक्स चोरी रोकने वाले कड़े कानूनों की वजह से विदेशी संपत्ति की जानकारी देना जरूरी है। करदाताओं को रिटर्न जमा करने से पहले अपने वित्तीय रिकार्ड का मिलान करना चाहिए। सावधानी से जानकारी देने से नोटिस, जुर्माना और लंबी जांच-पड़ताल से बचा जा सकता है।

दोहरे कर से बचने के लिए करें एफटीसी दावा

विदेश में संपत्ति रखने वाले करदाताओं को दोहरे कर से बचने के लिए फारेन टैक्स क्रेडिट (एफटीसी) दावा करना चाहिए। हालांकि, ऐसे मामलों में राहत और उसकी मात्रा भारत की ओर से किए गए दोहरे कर बचाव समझौते (डीटीएए) के नियमों या जहां डीटीएए नहीं है, वहां एकतरफा राहत से जुड़े नियमों पर निर्भर करती है। विदेशी आय को आइटीआर-2 की संबंधित अनुसूचियों में बताना चाहिए और योग्य विदेशी टैक्स क्रेडिट का दावा करने के लिए चुकाए गए विदेशी टैक्स की जानकारी अनुसूची (टैक्स रिलीफ) में देनी चाहिए।

जागरण इन्फो

निवेश की उलझन को छोड़िए

धीरेंद्र कुमार, संपादक, हिंदी डाट वैल्यूरिसर्चआनलाइन डाट काम

बोनस

यह सवाल बोरिंग है और थोड़ा तकलीफदेह भी। इसलिए दिमाग बड़े सवाल से बचने के लिए छोटे सवाल की तरफ भागता है।

मैं अक्सर ऐसे लोगों से मिलता हूं, जो आखिरकार निवेश करने का मन बना लेते हैं और मैं देखता हूं कि उनकी सारी ऊर्जा कहां जाती है। लार्ज कैप लें या फ्लेक्सी कैप। डायरेक्ट लें या रेग्युलर। किस फंड का पिछले तीन साल का रिकार्ड सबसे अच्छा है। घंटों की उलझन। लेकिन जो एक सवाल असल में तय करता है कि आगे चलकर नतीजा क्या होगा, वह मुझे लगभग कभी सुनने को नहीं मिलता। आप हर महीने कितना निवेश करेंगे? फंड चुनना दिलचस्प काम है, इस पर बहस हो सकती है। लेकिन हर महीने कितना पैसा लगाना है, दो निवेशक हैं। दोनों शून्य से शुरुआत करते हैं। दोनों 10 साल तक निवेश करते हैं। पहला निवेशक हर महीने 20,000 लगाता है और उसे सालाना आठ प्रतिशत रिटर्न मिलता है। सीधी-सादी, बोरिंग और भरोसेमंद बात। दूसरा निवेशक खूब पढ़ता है। बेहतरीन चुनाव करता है और उसे 14 प्रतिशत सालाना रिटर्न मिलता है। ऐसा रिटर्न जिसकी बड़े-बड़े एक्सपर्ट भी तारीफ करेंगे। लेकिन वह हर महीने सिर्फ 12,000 बचाता है, क्योंकि उसे अपने हुनर पर इतना भरोसा है कि उसे लगता है ज्यादा बचाने की जरूरत नहीं है। 10 साल बाद पहले निवेशक के पास 36 लाख रुपये हैं। दूसरे निवेशक के पास अपने ज्यादा रिटर्न के बावजूद सिर्फ 32 लाख रुपये हैं।

अब देखिए हर रुपया कहां से आया। दूसरा निवेशक एक बात में सही था। मार्केट ने उसे 17 लाख का फायदा दिया, जबकि पहले निवेशक को सिर्फ 13 लाख का। निवेश के मामले में वह जीत गया। लेकिन उसने अपनी जेब से इतना कम पैसा लगाया कि उसका हुनर भी यह कमी पूरी नहीं कर सका। उसका छह प्रतिशत के ज्यादा रिटर्न का फायदा आठ हजार की कम बचत को पीछे नहीं छोड़ पाया। ज्यादा बचाने की बोरिंग आदत, बेहतर निवेश करने की रोमांचक आदत को मात दे देती है।

ऐसा क्यों होता है? शुरुआती सालों में जमा रकम छोटी होती है। इसलिए उस पर मिलने वाला रिटर्न भी रुपयों में कम ही रहता है, चाहे प्रतिशत कितना भी ज्यादा क्यों न हो। इस दौर में असल में जो चीज रकम को बढ़ाती है, वह है वो पैसा जो आप लगातार जोड़ते जाते हैं। शुरुआती 10 साल में आपका योगदान ही सबसे बड़ा काम करता है। बाद में जब आधार बड़ा हो जाता है, तब जाकर उस पर मिलने वाला रिटर्न मायने रखने लगता है। लेकिन तब तक बचत की दर वाला फायदा इतना जमा हो चुका होता है कि बेहतर चुनाव करना भी उसकी बराबरी नहीं कर पाता।

और, यहां मजेदार बात यह है कि ज्यादातर लोग फंड चुनने पर तब सबसे ज्यादा ध्यान लगाते हैं, जब उसका महत्व सबसे कम होता है। जब असल में उसका महत्व बढ़ता है, तब तक उनकी दिलचस्पी खत्म हो चुकी होती है।

अगर आप शुरुआत कर रहे हैं, तो मैं यह क्रम अपनाने की सलाह दूंगा। पहले यह पता करें कि आप कितना बचा सकते हैं। फिर उस रकम को थोड़ा और बढ़ाएं। उतना जितना आपको सहज लगे। यह आंकड़ा तय करने के बाद ही फंड पर अपनी ऊर्जा खर्च करें। निवेश का तरीका सीधा-सादा और बोरिंग रखें। बाकी काम समय पर छोड़ दें। तो ज्यादा बचाइए। बोरिंग विकल्प चुनें। उलझना बंद कीजिए।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए लॉग इन करें या क्लिक करें jagran.com

भारत-इजरायल द्विपक्षीय निवेश समझौता लागू

वित्त मंत्रालय ने दी जानकारी, दोनों देशों ने समझौते पर पिछले वर्ष आठ सितंबर को किए थे हस्ताक्षर

- ताजा समझौते में इजरायल को भारत में पोर्टफोलियो निवेश की मिली मंजूरी
- इससे पारंपरिक एफडीआइ से अलग वित्तीय निवेश मिलने की उम्मीद

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारत और इजरायल के बीच द्विपक्षीय निवेश समझौता (बीआइए) शनिवार से लागू हो गया। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश वातावरण सुनिश्चित करेगा। साथ ही सीमापार निवेश गतिविधियों में वृद्धि होगी। दोनों देशों ने इस समझौते पर पिछले वर्ष आठ सितंबर को हस्ताक्षर किए थे।

समझौते के तहत भारत ने इजरायली निवेशकों के लिए स्थानीय उपायों की समाप्ति अवधि को तीन वर्षों तक सीमित कर दिया है। स्थानीय उपायों का मतलब है कि निवेशकों को पहले मेजबान देश की कानूनी प्रणाली का उपयोग करके अपने विवादों को हल करने का प्रयास करना होगा। इसके बाद ही वे अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता जा सकेंगे। सामान्य तौर पर भारत के लिए यह अवधि पांच वर्ष होती है। भारत-इजरायल बीआइए में पोर्टफोलियो निवेश भी शामिल है, जो पिछले ऐसे समझौतों से बिलकुल अलग है। इजरायल पहला आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) सदस्य है, जिसके साथ भारत ने यह समझौता किया है। अप्रैल 2000 से मार्च 2026 के बीच भारत को इजरायल से 37.13 करोड़ डालर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) मिला है।

आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव का कहना है कि इजरायल के साथ ताजा समझौते में पोर्टफोलियो निवेश को शामिल करने से पारंपरिक एफडीआइ अलग कुछ वित्तीय निवेशों को बढ़ा सकता है। पोर्टफोलियो निवेश में शेयर, स्टाक व अन्य इक्विटी होल्डिंग, योग्य बांड, डेट और अन्य कारपोरेट ऋण शामिल हैं।

एफटीए पर वार्ता कर रहे दोनों देश

इस समझौते का लागू होने इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि दोनों देश एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, पश्चिम एशिया संकट के कारण एफटीए वार्ता की गति धीमी है। भारत अन्य देशों के साथ भी द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है, जिनमें सऊदी अरब, कतर, ओमान, स्विट्जरलैंड, रूस, आस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ शामिल हैं। ये समझौते एक-दूसरे के देशों में निवेशों की सुरक्षा और प्रोत्साहन में मदद करते हैं।

'भारत-पेरू एफटीए जल्द होने की उम्मीद नहीं'

नई दिल्ली, प्रेट्र: वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि प्रस्तावित भारत-पेरू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत के जल्द पूरी होने की संभावना नहीं है। इसका कारण यह है कि बाजार तक पहुंच को लेकर चिंताएं हैं। 17वी टाय बिज इंटरनेशनल बी2बी प्रदर्शनी के दौरान बातचीत में गोयल ने कहा कि कई ऐसे उत्पाद हैं जिनके लिए हम उन्हें बाजार तक पहुंच नहीं दे सकते। प्रस्तावित भारत-पेरू एफटीए के लिए वार्ता 2017 में शुरू हुई थी। वित्त वर्ष 2025-26 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डालर था, जो 2024-25 के 5.98 अरब डालर से 67.5 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले वित्त वर्ष में भारत का पेरू के साथ व्यापार घाटा 7.47 अरब डालर था।

छह महीने के निचले स्तर पर टीएमटी सरिया की कीमत

नई दिल्ली, प्रेट्र: कंस्ट्रक्शन की प्रमुख सामग्री में शामिल टीएमटी सरिया की कीमत छह महीने के निचले स्तर 50 हजार रुपये प्रति टन पर पहुंच गई हैं। कमोडिटी के मूल्य की जानकारी देने वाले प्लेटफार्म बिगमिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, मांग में कमी और बाजार में स्टाक ज्यादा होने के कारण कीमतों में यह गिरावट आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, जून महीने के दौरान टीएमटी सरिया की कीमतों 10 प्रतिशत की गिरावट आई, जो मई के अंत में 56 हजार रुपये प्रति टन थी। अप्रैल के 60 हजार रुपये प्रति टन के मुकाबले जून के अंत तक टीएमटी सरिया की कीमत में 16 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे पहले दिसंबर 2025 में टीएमटी सरिया का मूल्य 49,000 रुपये प्रति टन तक पहुंच गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मानसून के बाद कीमतें बढ़ सकती हैं।

राष्ट्रीय फलक

विदेशी कंपनियां एआइ से भारत में 1,000 करोड़ रुपये की कर रहीं कमाई

राजीव कुमार • जागरण

- 10 करोड़ भारतीय वर्तमान में एआइ का कर रहे हैं इस्तेमाल
- एक प्रतिशत यूजर्स एआइ कंपनी को करते हैं भुगतान

3.48 घंटे में होने वाले काम को सिर्फ 14.48 मिनट में कर लेते हैं यूजर्स एआइ की मदद से

65 प्रतिशत से अधिक एआइ यूजर्स 18-35 वर्ष के हैं भारत में

नई दिल्ली: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के बढ़ते इस्तेमाल के साथ इसका आयात बिल भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसका सीधा लाभ विदेशी कंपनियों को हो रहा है। चैटजीपीटी से जुड़ी कंपनी ओपन एआइ और क्लाउड विकसित करने वाली कंपनी एंथ्रोपिक्स भारतीय यूजर्स से सालाना कम से कम 1,000 करोड़ रुपये की कमाई कर रही हैं। ओपन एआइ के मुताबिक 10 करोड़ भारतीय एआइ का इस्तेमाल कर रहे हैं और इनमें से एक प्रतिशत भारतीय एआइ इस्तेमाल के बदले भुगतान कर रहे हैं। ये एक प्रतिशत भारतीय एआइ इस्तेमाल के बदले विदेशी कंपनियों को 400 रुपये से लेकर 19,000 रुपये प्रतिमाह का भुगतान कर रहे हैं। मतलब 10 लाख यूजर्स औसतन कम से कम 800 रुपये का भुगतान कर रहे है और इस हिसाब से यह रकम सालाना 960 करोड़ होती है। सर्च इंजन गूगल भी भारत से सिर्फ विज्ञापन के नाम पर सालाना 5,000 करोड़ की कमाई कर रहा है।

वैश्विक स्तर पर एआइ एप डाउनलोडिंग में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी भारतीयों की है। इसे मदेनजर एंथ्रोपिक्स व ओपन एआइ जैसी कंपनियां अब भारतीय यूजर्स से पैसे वसूलने के लिए दो डालर से लेकर पांच डालर का पैकेज लेकर आ रही है। एआइ माडल परप्लेक्सिटी ने तो भारतीय यूजर्स के लिए 2.5 डालर का पैकेज निकाल दिया है। ये कंपनियां भारत में बाकायदा अपनी मार्केटिंग टीम भी बना रही हैं।

प्रतीकात्मक

विशेषज्ञ मानते हैं कि अभी चैटजीपीटी जैसे माडल मुफ्त में इस्तेमाल की छूट देकर अपनी आदत डलवा रहे हैं। फिर उनसे एक डालर या दो डालर वसूलना शुरू करेंगे। वर्तमान में विदेशी एआइ माडल इस्तेमाल करने वाले यूजर्स ने बताया कि उनके खाते में पैसा कम होते ही एआइ की गति धीमी हो जाती है ताकि आप तुरंत फिर से पूरा पैसा डाल दें।

अमेरिका के बाद भारत में सबसे अधिक एआइ के यूजर्स हैं। जानकारों का कहना है कि भारतीय एआइ माडल विदेशी माडल की तरह दमदार नहीं है, इसलिए प्रोफेशनल्स विदेशी माडल को ही चुन रहे हैं।

भारतीय एआइ माडल विदेशी माडल का नहीं कर पाते मुकाबला

जीएसटी के एआइ सोल्यूशन से जुड़े टैक्स बोट जीपीटी के संस्थापक हिमांशु कुमार ने बताया कि वे एआइ इस्तेमाल के लिए प्रतिमाह विदेशी कंपनियों को 400 डालर (38,000 रुपये) का भुगतान करते हैं। एंथ्रोपिक्स व ओपन एआइ के माडल जैसा लार्ज लैंग्वेज माडल (एलएलएम) घरेलू स्तर पर विकसित नहीं हुआ है। विदेशी कंपनियों को पैसा देना उनकी मजबूरी है। सर्वम, भारत जेन, भारत जीपीटी जैसे घरेलू माडल विदेशी माडल का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने चैट जीपीटी की तरह हनुमान एआइ माडल लाने की घोषणा की थी। एंथ्रोपिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक प्रोफेशनल्स के बीच एआइ का इस्तेमाल इसलिए भी तेजी से बढ़ता जा रहा है।

प्याज खरीद कीमत अब 2,125 रुपये प्रति क्विंटल

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- किसानों को बेहतर दाम दिलाने के लिए खरीद मूल्य में 13 प्रतिशत की वृद्धि

प्याज की बढ़ती कीमतों के बीच सरकार ने बाजार पर निगरानी कड़ी कर दी है। सरकार ने बफर स्टाक के लिए प्याज खरीद की कीमत 13 प्रतिशत बढ़ाकर 2,125 रुपये प्रति क्विंटल कर दी है। इसका उद्देश्य खरीद को बढ़ाना और किसानों को लाभ देना है। इससे पहले बफर स्टाक के लिए प्याज की कीमत 1,875 रुपये प्रति क्विंटल थी। नई दरें चार जुलाई से प्रभावी हो गई हैं। बफर स्टाक को इसलिए भी समृद्ध किया जा रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर बाजार में पर्याप्त प्याज उपलब्ध कराया जा सके।

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे का कहना है कि उत्पादन, खरीद और बाजार की स्थिति पर सरकार लगातार नजर बनाए हुए है, ताकि किसानों को उचित दाम मिले। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को भी प्याज की बढ़ती कीमतों से राहत मिल सके। खरीद मूल्य में बढ़ोतरी से किसानों को बेहतर दाम मिलेगा। साथ ही बफर स्टाक भी मजबूत होगा। बफर स्टाक की खरीद अभी धीमी रहने के चलते सरकार ने इस सीजन में खरीद मूल्य तीन बार बढ़ाया है। अब आगे बढ़ोतरी की जरूरत नहीं है, क्योंकि इससे कुछ व्यापारी कृत्रिम रूप से कीमतें बढ़ाने की कोशिश कर सकते हैं। इस वर्ष दो लाख टन प्याज खरीदने का लक्ष्य रखा है, लेकिन अब तक केवल पांच हजार टन ही खरीदा जा सका है।

प्रतीकात्मक

कृषि मंत्रालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2025-26 में देश में प्याज का उत्पादन 307.37 लाख टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष के उत्पादन के लगभग बराबर है। इसलिए कुल उपलब्धता को लेकर चिंता नहीं है। फिर भी प्याज की कीमतों में मौसम के कारण सामान्य बढ़ोतरी की संभावना बनी हुई है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में इस समय प्याज का पर्याप्त भंडार है। देशभर की मंडियों में प्रतिदिन 50 हजार टन से अधिक प्याज की आवक हो रही है। अकेले महाराष्ट्र में रोज करीब 30 हजार टन प्याज बाजार पहुंच रहा है। वहां औसत थोक कीमत लगभग 18 रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि देश में प्याज का औसत खुदरा मूल्य करीब 31 रुपये प्रति किलोग्राम चल रहा है। अच्छी गुणवत्ता वाला काफी प्याज अभी भी गोदामों में सुरक्षित रखा गया है, जिसे बाद में बाजार में उतारा जा सकता है। मानसून की देरी और कम बारिश के कारण कुछ व्यापारियों ने कीमतें बढ़ने की उम्मीद में अतिरिक्त खरीद की है।

अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा, अदाणी केस दर्ज ही नहीं होना चाहिए था

- अदालत में अदाणी व अन्य के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले को वापस लेने के फैसले का किया बचाव
- 10 पेजों के दस्तावेज में कहा- यह कानूनी रूप से दोषपूर्ण व कूटनीतिक रूप से नुकसानदेह था

न्यूयार्क, प्रेट्र: अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने भारतीय अरबपति गौतम अदाणी और अन्य सात लोगों के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले को वापस लेने के अपने निर्णय का मजबूती से बचाव किया है।

विभाग ने एक फेडरल जज की अदालत में दाखिल 10 पेजों के दस्तावेज में कहा कि अभियोजन कानूनी रूप से दोषपूर्ण, कूटनीतिक रूप से नुकसानदेह और ट्रंप प्रशासन की इंफोर्समेंट प्राथमिकताओं के अनुरूप नहीं था। इसे एक साल पहले ही बंद कर दिया जाना चाहिए था या फिर इसे शुरू ही नहीं किया जाना चाहिए था। डीओजे का यह जवाब तब आया जब अमेरिकी जिला जज निकोलस गरौफिस ने विभाग से जानना चाहा था कि वह चार्जशीट को हमेशा के लिए क्यों खत्म करना चाहता है। डीओजे की पहले की याचिका में केस को खत्म करने की वजह स्पष्ट तौर पर नहीं बताई गई थीं। इसलिए उन्होंने विभाग से अपने फैसले के पीछे की वजहों की पूरी जानकारी मांगी थी। असल में 2024 में अमेरिका की पिछली बाइडन सरकार के दौरान डीओजे ने अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी और अन्य के खिलाफ आरोप लगाया था कि वे भारतीय सरकारी अधिकारियों को 25 करोड़ अमेरिकी डालर की रिश्वत देने और अन्य संस्थाओं से अरबों डालर के निवेश प्राप्त करने के लिए निवेशकों से झूठ बोलने की साजिश में शामिल थे। इस दौरान अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने अमेरिकी निवेशकों से कम से कम 17.5 करोड़ अमेरिकी डालर जुटाए थे।

आगरा में प्रिंटिंग प्रेस के तीन गिरफ्तार, सरगना की तलाश में छापेमारी

जासं, पटना: महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) प्रश्नपत्र लीक मामले में महाराष्ट्र एसटीएफ ने उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित प्रिंटिंग प्रेस पर छापेमारी कर तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान आगरा निवासी नरेश कुमार, संजय कुमार और बाबूलाल कुशवाहा के रूप में हुई है। पुलिस जांच में साफ हो गया कि इस बड़े नेटवर्क की शुरुआत इसी प्रिंटिंग प्रेस से हुई थी।

पूछताछ में सामने आया कि परीक्षा माफिया बिजेंद्र गुप्ता ने आगरा के इसी प्रिंटिंग प्रेस से टीईटी का प्रश्नपत्र लीक कराने की साजिश रची थी। साजिश में प्रेस के इन तीनों कर्मचारियों ने मदद की। नरेश, संजय और बाबूलाल ने मोटी रकम और लालच के चक्कर में बिजेंद्र से साठगांठ की और परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्रों के सभी सेट उड़ाकर बिजेंद्र तक पहुंचा दिए। महाराष्ट्र पुलिस बिहार एसटीएफ की मदद से बिजेंद्र के साले और चार अन्य की गिरफ्तारी के लिए बिहार के जिलों में छापेमारी कर रही है।

साप्ताहिक राशिफल

रविवार, 5 जुलाई, 2026 से शनिवार 11 जुलाई, 2026 तक

पं. बी. बी. शास्त्री 'देवेश'

मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ)
कार्य में सफलता, अर्थसाधन में प्रयास करें, दिनचर्या व्यस्ततम्, आत्मविश्वास बनाये, विदेश से समाचार, चिन्ता का समाधान, साधनों की पूर्ति, सन्तान के लिये योजना, शिक्षा में रुचि, क्रोध, ईर्ष्या से बचे, दाम्पत्य में सुख, अधिकारी से सहयोग, व्यय अधिक, शुभ अंक 4

वृष (इ, ऊ, ए, ओ, पा, वी, वू, वे, वो)
अर्थ साधन में सफलता, व्यापारिक सम्पर्क, क्षेत्र वृद्धि, पारिजनों का सहयोग, भावुकता से बचें, सफलता में कमी रहेगी, शिक्षा में अवरोध, चयन में सफलता, शत्रुपक्ष परास्त, प्रणय में सुख, जीवनसाथी का मिलन, यात्रा में सावधानी, स्थान पद परिवर्तन, आय में सुधार, शुभ अंक 5

मिथुन (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)
धनागम में देरी, कार्य में सहयोग से सफलता, साझेदारी में सावधानी, पूंजी निवेश में सावधानी, निजी संबंधों में सुधार, संतान से सहयोग, लेखन कार्य में प्रगति, मित्रों से सहयोग, वाद विवाद से बचे, धर्म में रुचि, राज्यपक्ष से सावधान, स्थान पद परिवर्तन प्रभावी, व्यय अधिक, शुभ अंक 6

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
कार्य में श्रम से सफलता, अर्थसाधन में प्रयास, प्रतिस्पर्धा से चिन्ता, निर्णय सलाह से करें, परिजनों का सहयोग, भूमि, भवन कार्य में सफलता, अध्ययन में एकाग्रता, मित्रों से सावधान, खानपान का ध्यान रखें, अनुबंध की प्राप्ति, राजनैतिक अपयश, व्यय अधिक, शुभ अंक 7

सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)
साझेदारी में सावधानी, कार्य में प्रगति, अर्थसाधन में सुधार, विदेश कार्य में प्रयास सार्थक, निजी संबंधों में सुधार, वाहन, आभूषण योग प्रभावी, त्वचा, रक्त विकार प्रभावी, दाम्पत्य में सुख, राज्यपक्ष से सावधान, क्रोध, ईर्ष्या से बचे, व्यय अधिक, शुभ अंक 8

कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
प्रतिस्पर्धा से चिन्ता, अर्थसाधन में सफलता, व्यापारिक क्षेत्र में वृद्धि, युक्ति और अनुभव से कार्य करें, महिला से सहयोग, संबंधों में सुधार, पारिवारिक चिन्ता, शिक्षा में अवरोध, शत्रुपक्ष प्रभावी, दाम्पत्य में सुख, आशातीत सफलता, आय में सुधार, शुभ अंक 9

तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
सामाजिक कार्य में यश, धनागम में प्रयास सार्थक, कार्य व्यापार के प्रति सचेत रहें, अतिकल्पना, अतिविश्वास से बचें, निजी संबंधों में सुधार, भूमि, निर्माण कार्य में देरी, सामाजिक कार्य में यश, संतान से सहयोग, शिक्षा में एकाग्रता, मित्रों से सहयोग, प्रणय में सुख, शुभ अंक 1

वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)
लक्ष्य के प्रति सजगता, व्यापारिक कार्य में वृद्धि, धनागम में प्रयास, रुके कार्य में सफलता, निजी संबंधों में अनबन, सन्तान से सहयोग, शिक्षा में सफलता, वाद विवाद से बचे, जीवनसाथी का मिलन, क्रोध, ईर्ष्या से बचे, राज्यपक्ष से सावधान, व्यय अधिक, शुभ अंक 2

धनु (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
पारिवारिक कार्य में संतुलन बनाएं, अर्थ साधन में तत्परता, सकारात्मक विचार शैली रखें, विदेश कार्य में प्रयास, चिन्ता का समाधान, वाहन, आभूषण योग, शिक्षा में एकाग्रता, चयन में सफलता, समय का सदुपयोग करे, मनोरंजन योग, क्रोध, ईर्ष्या से बचे, व्यय अधिक, शुभ अंक 2

मकर (भो, जा, ज, खी, खू, खे, खो, गा, गी)
धनागम में सफलता, साझेदारी में सावधानी, जीवन में नकारात्मक विचारों से बचें, साधनों की पूर्ति, माता-पिता का ध्यान रखें, संबंधों में सुधार, संतान से अनबन, मित्रों से सहयोग, अनुबन्ध की प्राप्ति, दाम्पत्य में सुख, अधिकारी से सहयोग, व्यय अधिक, शुभ अंक 4

कुम्भ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सा, दा)
पूंजी निवेश में सावधानी, अर्थसाधन में प्रयास, नकारात्मक कार्य करने वालों से सावधान, अतिविश्वास से बचें, सामाजिक कार्य में यश, वाहन, आभूषण योग, शिक्षा में रुचि, वायु विकार, रक्त विकार योग, प्रणय में सुख, राजनैतिक अपयश, शुभ अंक 5

मीन (दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची)
प्रतिस्पर्धा से चिन्ता, अर्थसाधन में प्रयास, सकारात्मक सोच से लाभ, सामाजिक यश, लक्ष्य के प्रति सजगता, वाहन साजसज्जा का योग, महिला से सहयोग, संतान से सहयोग, विचारों की अधिकता, त्वचा, रक्त विकार योग, प्रणय में सुख, व्यय अधिक, शुभ अंक 6

हमारी आस्था के सौदागर

इसमें कोई दोराय नहीं कि राम मंदिर के बहाने अयोध्या नगरी का भी कायाकल्प हो गया। प्रतिदिन हजारों लोग देश-विदेश से यहां दर्शन करने आते हैं और चढ़ावे की रकम भी आसमान छूने लगी है। सवाल उठता है कि श्रद्धा और सदियों के संघर्ष का क्या यही हश्र होना था?

आजकल स्तंभ के तहत प्रकाशित आलेखों के लिए

शशि शेखर

आजकल

वे 1989 के ऐसे ही उमस भरे दिन थे। हम, यानी मैं और मेरे सहयोगी अयोध्या स्थित राम मंदिर के मुख्य अर्चक महंत लाल दास के सामने बैठे थे। महंत जी नाराज थे।

उनका मानना था कि आंदोलन का तौर-तरीका ठीक नहीं है और इससे समाज में विभाजन का खतरा पैदा हो सकता है। वह बाबरी मस्जिद के ध्वंस या उसके कहीं और स्थानांतरण को भी उचित नहीं मानते थे। संयोग से उनके बाद हमें कारसेवकपुरम में आचार्य गिरिराज किशोर से मिलना था। हम जब वहां पहुंचे, तो बड़ी मात्रा में राम मंदिर के निर्माण के लिए 'देश भर से एकत्रित शिलाएं' देखकर हैरान रह गए। विश्व हिंदू परिषद और समूचा संघ परिवार पूरी शिद्दत से अपनी भावी योजना को आकार देने में जुटा था।

आचार्य गिरिराज किशोर के समक्ष पहुंचते ही मैंने प्रश्न दागा कि आप लोग देश की 12 से 14 प्रतिशत आबादी (मुसलमानों) की भावनाओं की अनदेखी कर कोई ध्वंस या निर्माण कैसे कर सकते हैं? उन्होंने स्निग्ध भाव से कहा कि यह किसी साधारण मंदिर का निर्माण नहीं है। भगवान श्रीराम का मंदिर देश में 'रामराज्य' की स्थापना करेगा। रामराज्य में तो सभी बिना किसी ऊंच-नीच और भेदभाव के साथ रहते थे। सवालों का सिलसिला काफी देर तक चलता रहा, लेकिन आचार्यजी ने पल भर को भी आपा नहीं खोया। वह शिला की तरह शीतल और दृढ़ थे।

मुझे अनायास क्रिकेटर बापू नाडकर्णी याद आ गए थे। बापू रन देने के मामले में बेहद कंजूस थे। उन्होंने 41 टेस्ट मैच के अपने करियर में 1.67 की किफायती इकोनॉमी से गेंदबाजी की। उनके नाम 21 मेडन ओवर फेंकने का अटूट रिकॉर्ड है। बड़े से बड़ा बल्लेबाज उनके सामने खुद को बेबस पाता था।

आज जब राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर वितंडा मचा हुआ है, तब मुझे लाल दास और गिरिराज किशोर एक साथ याद आ रहे हैं। उनके विचार अलग, लेकिन आस्था समान थी। आज 37 साल बाद जब उन मुलाकातों के ब्योरे परख रहा हूं, तब लगता है कि वे दोनों अपने उद्देश्यों के अंतिम छोर पर असफल साबित हुए। लाल दास बाबरी ध्वंस नहीं रोक सके। उसके बाद आई कल्याण सिंह सरकार ने 1992 में उन्हें राम मंदिर में वित्तीय एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण हटा दिया। अगले ही वर्ष उनकी हत्या भी हो गई। गिरिराज किशोर ने लंबा जीवन पाया। वह आज होते, तो चढ़ावा और चंदा चोरी के इन आरोपों से आहत हो रहे होते।

जो लोग भूल गए हैं, उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि उस समय का हिन्दुस्तान दो विचारधाराओं के टकराव से आंदोलित था। महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और न जाने कहां-कहां से बसों व ट्रेनों में भरकर कारसेवक अयोध्या पहुंचने की कोशिश करते। उस समय उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह मुख्यमंत्री थे। वह अयोध्या में 'परिंदा तक पर न मार सके' की स्थिति का दम रखने के लिए कृत-संकल्प थे। उनके निर्देश के तहत पुलिस प्रदेश की सीमाओं पर कारसेवकों को रोकती, तो झड़पें होतीं। कई जगहों पर संघ के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग कारसेवकों के सहयोग के लिए एकत्र हो जाते। इस दौरान पुलिस ने कई बार बल प्रयोग भी किया। कई स्थानों पर कर्फ्यू लगे या कर्फ्यू की नौबत आ गई।

संघ परिवार आम बहुसंख्यकों को अपने पाले में करने के लिए तमाम अन्य उपाय कर रहा था। मसलन, गृहणियों से अपील की जाती कि शाम के वक्त छत पर चढ़कर थालियां बजाएं, ताकि जन-जागरण हो सके। महिलाओं के लिए यह मनोरंजन का जरिया था, बच्चे उनके साथ शामिल हो जाते और कई बार समूचे मोहल्ले की महिलाएं-बच्चे इसके साथ ही भजन गाने लगते। 1980 के दशक से पहले 'जय श्रीराम' भारतीय समाज में आपसी आदर प्रदर्शन का जरिया नहीं था। लोग राम-राम या जय सियाराम कहते थे। बृज प्रदेश में राधे-राधे कहा जाता था। तय है, समाज में एक बदलाव आकार ले रहा था।

मुलायम सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह या चंद्रशेखर के सारे प्रयास भोथरे साबित हो रहे थे।



इसी बीच नवंबर, 1990 में अयोध्या में उत्तर प्रदेश पुलिस और कारसेवकों के बीच भिड़ंत हो गई, जिसमें पुलिस की गोली से 17 लोग मारे गए और 100 से ऊपर घायल हो गए। आंदोलन का यह निर्णायक मोड़ था। मुलायम सिंह अगला चुनाव बुरी तरह हार गए और कल्याण सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लखनऊ के सत्ता-सदन में जा विराजी। 21 मई, 1991 को श्रीपेरंबदूर में राजीव गांधी की हत्या हो चुकी थी। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के मित्र नरसिंह राव प्रधानमंत्री थे। राव साहब देश के सबसे अनुभवी राजनेताओं में से एक थे, फिर भी वह कल्याण सिंह की मंशा भांपने में नाकाम कैसे हो गए?

इस संबंध में तमाम षड्यंत्र-कथाएं और कानाफूसियां सतह से ऊपर उठती रहीं, लेकिन इनका प्रमाण किसी को न मिलना था और न मिला। लाल दास की हत्या के वक्त भी ऐसा ही हुआ था।

बाबरी ध्वंस के बाद संघ परिवार ने रणनीति बदली। उनकी हुकूमत के दायरे में अब दिल्ली भी थी। इसके साथ उग्र आंदोलनों की आवश्यकता समाप्त हो चुकी थी, लिहाजा कानून का रास्ता चुना गया। 9 नवंबर, 2019 को देश की आला अदालत के फैसले के बाद मंदिर बनने का रास्ता साफ हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 की 22 जनवरी को शानदार लोकार्पण किया। मोहन भागवत और योगी आदित्यनाथ पूजन में उनके साथ थे। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस बहाने अयोध्या नगरी का भी कायाकल्प हो गया। प्रतिदिन हजारों लोग देश-विदेश से यहां दर्शन करने आते हैं और चढ़ावे की रकम भी आसमान छूने लगी है। सवाल उठता है कि श्रद्धा और सदियों के संघर्ष का क्या यही हश्र होना था?

पिछले दिनों देश की प्रमुख शोध संस्था 'सी वोटर' ने एक सर्वेक्षण किया। उन्होंने पाया कि 86 प्रतिशत से अधिक लोगों का मानना है कि राम मंदिर में चढ़ावे और चंदे की चोरी के आरोप बेहद गंभीर हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि केवल विपक्षी दल ही नहीं, बल्कि सत्ताधारी गठबंधन के भी लगभग 53.7 फीसदी समर्थक यह मानते हैं कि इस घटना से उनका भरोसा प्रभावित या आहत हुआ है।

अच्छी बात यह है कि लोग अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद करते हैं। वे यह भी मानते हैं कि उन्हें निराशा हाथ नहीं लगेगी, लेकिन जैसा कि सी-वोटर का सर्वेक्षण बताता है कि कार्रवाई में अधिक देरी लोगों का विश्वास तोड़ सकती है। मामला आस्था से जुड़ा है। इसी आस्था के दम पर रामभक्तों ने सदियों के संघर्ष के बाद यह मुकाम पाया है। चढ़ावा चोरों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और भविष्य के लिए पारदर्शी व्यवस्था उनके इस भाव को संबल प्रदान करेगी।

@shekharkahin
@shashishekhar.journalist

जीना इसी का नाम है

कैलाश काटकर
उद्यमी

सीखने की चाह ने उन्हें सिखाने वाला बना दिया

'न क्वालिफिकेशन है, न बायोडाटा, कैसे सोच लिया कि तुम्हें नौकरी मिल जाएगी?' कैलाश ने कहा, आप मुझसे सवाल पूछें, मैं जवाब दूंगा। साक्षात्कारकर्ता मुस्कराए। वे तकनीकी प्रश्न पूछते गए, कैलाश के मुंह से माकूल जवाब निकलते रहे। डिग्री पर व्यावहारिक ज्ञान भारी पड़ गया था।

हमारे आस-पास ऐसे कई लोग हैं, जो अपने संघर्ष, परिश्रम और अपनी जिज्ञासा की बदौलत इस दुनिया को सुंदर व सुरक्षित बनाने में जुटे हुए हैं। इनकी जिंदगी एक मुकम्मल उपन्यास की मानिंद है। शायद ऐसे ही लोगों के लिए अल्लामा इकबाल ने कहा है- *खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले/ खुदा बंदे से खुद पूछे बता तेरी रजा क्या है।* ऐसे आत्मबली मनुष्यों को पढ़े जाने की जरूरत है। आज एक ऐसी ही बुलंद शख्सियत कैलाश काटकर की कहानी।

महाराष्ट्र के सतारा जिले में छोटा सा गांव है रहिमतपुर। कैलाश काटकर का ननिहाल। सन् 1966 में जब कैलाश पैदा हुए, तब यहां कोई अस्पताल न था। हां! यह रवायत जरूर मौजूद थी कि बेटियां अपनी संतान मायके में ही जनेंगी। लिहाजा, नानी के घर में ही कैलाश पैदा हुए। पिता साहेबराव काटकर फिलिप्स इंडिया में मशीन सेटर थे। कैलाश ने जब से होश संभाला, उन्हें घर पर रेडियो दुरुस्त करते देखा। साहेबराव को कंपनी का बेहतरीन मुलाजिम माना जाता था, मगर उन्हें कभी तरक्की नहीं मिली, क्योंकि उनके पास कोई डिग्री नहीं थी। वह सातवीं जमात तक ही पढ़े थे।

हर पिता यह चाहता है कि वह अपने बेटे के नाम से जाना जाए, साहेबराव के ऐसा चाहने की वजह भी थी। उन्होंने अपने बच्चों को इंजीनियर बनाने के सपने संजोए। वह गांव से परिवार को पुणे की वाकडेवाडी चॉल ले आए और पास के ही एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में दोनों बेटों- कैलाश और संजय -का दाखिला कराया। ऐसा नहीं था कि उनकी जेब इसकी इजाजत दे रही थी या वह आर्थिक रूप से पूरे सक्षम थे। दरअसल, साहेबराव अपने बेटों की राह से अशिक्षा के उस रोड़े को चुन लेना चाहते थे, जिसने खुद उन्हें बहुत चोटिल किया था।

चॉल की जिंदगी आसान न थी। कैलाश को सुबह-शाम नल के पानी के लिए लंबी लाइन में खड़ा होना पड़ता, शौचालय के लिए भी कतारें लगतीं। हालांकि, जल्दी ही वह इसके अभ्यस्त हो गए। बड़ी परेशानी पढ़ाई के क्षेत्र में थी। स्कूल से होमवर्क मिलता, पर उसे कराता कौन? माता-पिता अंग्रेजी समझने में असमर्थ थे। पिता को ट्यूशन लगानी पड़ी। स्कूल की फीस, ट्यूशन की फीस और घर के दूसरे तमाम खर्चे, कैलाश महसूस कर रहे थे कि पिता बिना उफ्फ किए कितना बोझ सहे जा रहे हैं? उधर गणित या विज्ञान तो उन्हें बहुत अच्छा लगता, पर बाकी विषय बिल्कुल नहीं सुहाता, इसलिए उनमें बहुत खराब नंबर मिलते।

नौवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद कैलाश ने सोचा, जब नंबर आ ही नहीं रहे हैं, तो इतनी मेहनत से कमाए गए पैसे क्यों बर्बाद करें? उन्होंने दसवीं से आगे न पढ़ने का निर्णय लिया। कैलाश बचपन से पिता को रेडियो बनाते देखते आ रहे थे। हालांकि, पिता ने कभी उन्हें इसकी बारीकियां नहीं समझाई-

सिखाई थीं, मगर उनके पास बैठकर ही इस एकलव्य ने बहुत कुछ सीख लिया था। दसवीं की परीक्षा के बाद कैलाश निश्चिंत थे कि वह पास नहीं होने वाले, इसलिए कॉलेज में दाखिले का झंझट ही नहीं। वह रेडियो-टीवी ठीक करने का काम करने लगे थे और उससे उन्हें ठीक-ठाक कमाई भी होने लगी थी।

साल 1986 की बात है। दसवीं का परिणाम आने से पहले एक दिन उनकी नजर अखबार में छपे इश्तिहार पर पड़ी, जिसमें कैलकुलेटर टेक्नीशियन के इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। कैलाश इंटरव्यू देने पहुंच गए। वहां 20-25 लड़के पहले से मौजूद थे, जिनमें से कई ग्रेजुएट थे, बाकी ने कोई न कोई टेक्निकल कोर्स कर रखा था। कैलाश के पास बायोडाटा तक न था! उन्होंने सोचा, नौकरी तो मिलने से रही, क्यों न यह देख लिया जाए कि इंटरव्यू में पूछते क्या हैं? उनकी बारी आई। इंटरव्यू लेने वाले ने पूछा, न क्वालिफिकेशन है, न बायोडाटा है, कैसे सोच लिया कि तुम्हें यह नौकरी मिल जाएगी?

कैलाश ने कहा, आप मुझसे सवाल पूछें, मैं जवाब दूंगा। मैं कैलकुलेटर नहीं जानता, पर इलेक्ट्रॉनिक्स जानता हूं। किशोर के आत्मविश्वास पर साक्षात्कारकर्ता मुस्कराए। वह तकनीकी सवाल पूछते गए, कैलाश के मुंह से माकूल जवाब निकलते रहे। उस दिन डिग्री पर व्यावहारिक ज्ञान भारी पड़ गया था। इंटरव्यू पूरा होने के बाद कैलाश को कहा गया- 'आप चुने जाते हैं।' 350 रुपये तनख्वाह तय की गई, जबकि वह उस वक्त घर पर रेडियो-टीवी ठीक करके महीने के 1,000-1,200 रुपये कमा लेते थे। कैलाश को डिजिटल पार्ट्स के बारे में सीखने की उत्सुकता थी। वह राजी हो गए।

कंपनी ने उन्हें ट्रेनिंग के लिए मुंबई भेजा। वहां से लौटने के बाद कंपनी के जर्मनी प्रशिक्षित इंजीनियरों के साथ काम करने का मौका मिला। कैलाश कैलकुलेटर रिपेयरिंग सहित तमाम इलेक्ट्रॉनिक्स मशीनों के काम करने, उनकी गड़बड़ियों को दुरुस्त करने की बारीकियां सीखते गए। फिर 1991 में वह दिन भी आया, जब 15 हजार रुपये की पूंजी से कैलकुलेटर व कंप्यूटर रिपेयरिंग की अपनी छोटी-सी कंपनी शुरू की। यह वह दौर था, जब देश कंप्यूटरीकरण की ओर तेजी से बढ़ रहा था। कैलाश को समझते देर न लगी कि साइबर सुरक्षा एक बड़ा क्षेत्र बनने जा रही है। तब तक छोटे भाई संजय भी कंप्यूटर इंजीनियरिंग कर चुके थे। दोनों भाई वायरस संक्रमित कंप्यूटरों में अपने एंटीवायरस प्रोग्राम का परीक्षण करने लगे।

विदेशी एंटीवायरस सिस्टम उन दिनों काफी महंगा होता था। सन् 1995 में 700 रुपये में कैलाश ने 'क्विक हील' नाम से अपना एंटीवायरस प्रोग्राम बाजार में उतारा। देखते-देखते 'क्विक हील टेक्नोलॉजीज' देश में साइबर सुरक्षा की पहचान कंपनी बन गई। आज यह माइक्रोसॉफ्ट की साझीदार कंपनी है और 450 करोड़ रुपये से भी अधिक की बन चुकी है, जो हजारों लोगों को रोजगार मुहैया करा रही है। जिन कैलाश काटकर ने कभी कॉलेज का रुख नहीं किया, उन्हें आज यूनिवर्सिटियां मानद डॉक्टरेट से अलंकृत कर रही हैं।

साहेबराव गांव से परिवार को पुणे की चॉल ले आए और पास के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में दोनों बेटों का दाखिला कराया। ऐसा नहीं था कि उनकी जेब इसकी इजाजत दे रही थी। दरअसल, साहेबराव बेटों की राह से अशिक्षा के उस रोड़े को चुन लेना चाहते थे, जिसने खुद उन्हें बहुत दर्द दिया था।

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह

वो लम्हा

इनायत खान
सूफी प्रचारक व संगीतकार

इंसानी इत्तिहाद की उम्मीद पर फिदा

मुर्शिद ने बताया कि मौसीकी सब कुछ नहीं है। मौन के संगीत को समझो। एक ही ईश्वर है, कोई दूसरा नहीं। यह वह ईश्वर है, जिसके सभी नाम और रूप हैं। आप उसे अल्लाह कह सकते हैं, आप उसे ईसा मसीह कह सकते हैं, आप उसे कृष्ण कह सकते हैं; यह एक ही है।

मौसीकी उन्हें विरासत में हासिल हुई थी। जिंदगी में मौसीकी से ही रौनक थी। महज 20 की उम्र में वह मुल्क के तमाम बड़े शहरों में फनकारी पेश करने जाने लगे थे। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का शायद ही कोई सिरा उनसे अछूता था। वह हाथों में सरस्वती वीणा थामे हुए बहुत मधुरता से राग छेड़ते थे।

एक बार वह मौसीकी के सफर पर निकले और हैदराबाद पहुंचे। इत्तेफाक से वहां उनकी मुलाकात सूफी विद्वान सैयद अबू हाशिम मदनी से कराई गई। मदनी साहब को देखकर फनकार साहब को लगा कि जैसे इन्हें पहले भी कहीं देखा है, शायद कई बार देखा है। फिर जब मदनी साहब की नजर फनकार साहब पर पड़ी, तब उन्होंने अपने मेजबान से पूछ लिया कि अरे मौलाना, मुझे बताइए कि यह नौजवान कौन है? यह मेरी रूह को गहराई से खींच रहा है। मौलाना ने फरमाया, ये मौसीकी के उस्ताद इनायत खान हैं। यहां हैदराबाद में एक जलसे के लिए बड़ौदा से आए हैं। पहली ही मुलाकात में कुछ ऐसा हुआ कि मदनी साहब से इनायत साहब का दिल लग गया। शोहबत खूब रंग लाई। इनायत को ऐसा लगा कि गुरु अर्थात मुर्शिद मिल गए। एक ऐसे मुर्शिद, जो मेरी मौसीकी को भी नए पंख देंगे।

अगली ही मुलाकात में इनायत ने खुद का लिखा गीत पेश किया, जिसके भाव थे- मेरी रूह खान से निकले सोने की तरह पाकीजा हो रही है।/ मुझे बस मालूम है कि मेरा दिल तेरे साथ धड़क रहा है।/ और बेपनाह आजादी में मसरूर हो रहा है। लगाव कुछ ऐसे हुआ कि वह सफर भूलकर हैदराबाद के ही होकर रह गए। अगर किसी जलसे में जाते भी, तो बेचैनी से लौट आते थे।

मुर्शिद ने बताया कि मौसीकी सब कुछ नहीं है, पर मौसीकी को मत छोड़ो। इसके साथ मौन मतलब खामोशी के वजूद को ठीक से समझ लो। मौन के संगीत को समझो। एक ही ईश्वर है, कोई दूसरा नहीं। यह वह ईश्वर है, जिसके कई नाम और रूप हैं। आप उसे अल्लाह कह सकते हैं, आप उसे ईसा मसीह कह सकते हैं, आप उसे कृष्ण कह सकते हैं; यह एक ही है।

मुर्शिद मदनी ने अपना पूरा फन-मन इनायत पर लुटा दिया। सूफीवाद के पांचों पहलुओं से इनायत को रूबरू कराया। जिस्मानी, जेहनी, दिमागी, अखलाकी और रूहानी तौर पर जब सूफीवाद समझ में आया, तब इनायत खान सूफीयत में डूबने-उतराने लगे। बिन मौसीकी ही अपने दिल-रूह के मौन की धुन पर हर पल झूमने लगे। इतना ही नहीं, मुर्शिद ने सूफियों के सभी चार फिरकों- चिश्तिया, नक्शबंदिया, कादिरिया और सुहरावर्दिया के पैगाम से इनायत खान को नवाज दिया।

यहां जरूर याद करना चाहिए कि वह फैलती सांप्रदायिकता का दौर था। नफरत की आंधियां उठने लगी थीं, ऐसे समय में मुर्शिद मदनी समझ गए थे कि उनका शागिर्द इनायत अपनी मौसीकी में मिलाकर सूफीयत को बहुत दूर तक ले जाएगा। अपने इंतकाल से कुछ दिन पहले मुर्शिद ने एक दिन इनायत के सिर पर हाथ रखकर बहुत प्यार से फरमाया, 'मेरे बच्चे, दुनिया में आगे बढ़ो और अपने संगीत की मधुरता से पूरब और पश्चिम को एक कर दो। सूफीवाद को दूर-दूर तक फैला दो, क्योंकि इसी मकसद के लिए तुम्हें अल्लाह ने इतनी बरकत दी है।'

फिर क्या था, इनायत खान ने सूफीयत की खिदमत को ही जिंदगी का मकसद बना लिया। वह सबसे पहले अमेरिका पहुंचे और उसके बाद यूरोप। वहां उन्हें कदम-कदम पर मेलजोल की जरूरत दिख रही थी। वह पश्चिम के ही होकर रह गए। वहां उन्होंने एक खास इनायती सूफीयत का नया सिलसिला शुरू किया। वह दोटूक कहते थे कि मेरा मकसद इस्लाम का प्रचार नहीं है। सूफीवाद सिर्फ इस्लाम या किसी अन्य मजहब तक महदूद नहीं है। सूफीवाद सबके लिए है, सूफीवाद को प्रेम, सहिष्णुता और पूरी इंसानियत की इत्तिहाद या एकता से कम कुछ भी नहीं चाहिए। सूफीवाद दिल का मजहब है। खुद को भुलाकर ईश्वर की खोज है। वह तौहीद या इंसानी मेलजोल की उम्मीद पर फिदा थे। वह बार-बार कहते थे कि हमारी रूह दुनिया में युद्ध करने के लिए नहीं, सिर्फ प्रेम करने के लिए आती है। हर दिल का एक मजहब होता है। मजहब एक सफर है, जहां बंधनों की जरूरत नहीं है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी में अपने मौन को सुनो, वहीं से अध्यात्म का आगाज होगा। वह दुनिया भर में घूमे, पर दिल्ली में ही उनके आखिरी पल बीते। आज यहीं उनकी मजार है, जहां सूफियों का मेला लगता है। देश-विदेश में उनकी सूफियत का सिलसिला थमा नहीं है।

5 जुलाई को जन्मे इनायत खान (1882-1927) सरस्वती वीणा लेकर घंटों एक ही पैगाम गाते थे, शरीर ईश्वर का मंदिर है। अगर किसी का दिल छू लिया, तो ईश्वर को छू लिया।

प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय

नक्कालों के दौर में रचनाओं की भीड़

तिरछी नजर

सुधीश पचौरी हिंदी साहित्यकार

एक अरसे से विवादों में घिरे कॉमनवेल्थ क्षेत्रीय साहित्यिक सम्मानो, अब तुम्हारा क्या होगा?

साहित्य के कुछ नक्कालों ने अंग्रेजों तक की आंखों में धूल झोंककर नकली को असली की तरह ठेल दिया और *आंख के अंधे गांठ के पूरे* कॉमनवेल्थियों ने बिना जांचे 'बंदा बांटे रेवड़ी फिर-फिर अपने को देय' वाली कहावत चरितार्थ कर कुछ लेखकों को यह सम्मान देकर वाहवाही लूटनी चाही, पर हो गया उल्टा। जैसे ही इन सम्मानों की घोषणा हुई, थू-थू होने लगी।

इस बार पांच सम्मान दिए गए, लेकिन जैसे ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति की पत्रिका *ग्रांटा* में एक रचना छपी, आरोप लगाए जाने लगे कि उसे उस लेखक ने नहीं लिखा, जिसका नाम इनामी लिस्ट में है, बल्कि उसे तो 'एआई' यानी कृत्रिम बुद्धि ने लिखा है। विवाद गर्म हुआ, तो ग्रांटा ने गलती मानी और कहा, आगे गलती नहीं होगी बाप!

कोढ में खाज यह कि कुछ दुष्टात्माओं ने जब बाकी चार लेखकों की जन्मकुंडली खोली, तो मालूम हुआ कि इनमें से तीन की रचनाओं का 100 फीसदी या आंशिक हिस्सा एआई ने लिखा है। और भइए! ये कॉमनवेल्थी सम्मानदाता एआई लेखन की जांच कराने के सवाल पर कहते रहे कि अगर हम एआई की जांच कराते, तो लेखकों में व्यर्थ की ऊहापोह पैदा हो जाती।

जब पूरी या आंशिक नकल के आरोप लगे, तब सफाई देने लगे कि जिन कृतियों पर आरोप लगाया जा रहा है, उनमें सिर्फ 0.01 फीसदी हिस्सा एआई का है, बाकी सब लेखक का लिखा है। उधर नकल के खोजी फिर भी आरोप लगाते रहे कि जैसे पहली रचना एआई ने लिखी थी, बाकी तीन रचनाकारों की रचनाओं को भी एआई ने पूरा या आंशिक रूप से लिखा है!

कॉमनवेल्थ सम्मानों की ऐसी किरकिरी होती देख हमें अपने हिंदी वालों पर गर्व महसूस होने लगा। हिंदी वाले ऐसे कॉमनवेल्थियों से कम नहीं, सवाया हैं। हम हिंदी वाले पहले दिन से एआई से तरह-तरह से काम लेने में लगे हैं। कार से घर की ओर आते हुए हम एआई से कह देते हैं- 'हे एआई बी, जरा एसी तो चला देना' और भइए एसी को चलता पाकर हम परम प्रसन्न होते हैं। फिर एआई से पूछ लेते हैं- 'हे एआई बी, यह बताएं कि कौन सी बीमा पालिसी अच्छी है?'

जब से एआई आई है, हिंदी वालों की मौज ही मौज है। कविता, कहानी या निबंध लिखना है और कवि, कथाकार या लेखक बनना है, तो एआई से फौरन कह देते हैं- हे एआई बी, एक ठो अज्ञेय की शैली या रघुवीर सहाय टाइप कविता लिख दीजिए। इधर कहना हुआ, उधर कविता हाजिर और आप हुए नए अज्ञेय या नए सहाय!

हिंदी में सब असली हैं और नकली तो असली से भी ज्यादा असली है। यहां कोई किसी की पोल नहीं खोलता, क्योंकि सब अपनी-अपनी पोल के खोल में रहते हैं। किसी हिंदी वाले को 'रिसर्च पेपर' लिखना है, एमफिल या पीएचडी की थीसिस लिखनी है, तो एआई को ऑर्डर दीजिए और कुछ ही देर में थीसिस लीजिए। आजकल तो मुझे हर कविता, कहानी, आलोचना एआई की लिखी नजर आती है, भले ही वह किसी लेखक के नाम से छपी हो।

आज जितनी कविता-कहानी लिखी जा रही है, जितने रिव्यू छप रहे हैं, आलोचनात्मक टिप्पणियां की जा रही हैं या लेख लिखे जा रहे हैं और जो पत्र-पत्रिकाओं में छपे नजर आते हैं, उनका कितना हिस्सा लेखक का और कितना एआई का है, यह फर्क करना मुश्किल है। कौन सा साहित्य कितना असली है और कितना एआई कृत है, पता लगाना असंभव सा है।

कभी-कभी तो मुझे अपने लिखे पर ही शक होने लगता है कि मेरा लिखा है या कि एआई ने मेरी जगह लिख मारा है। साहित्य के सामने आज सबसे बड़ा खतरा यही है- हम कितने असली हैं, कितने नकली, यह कोई नहीं जानता! कहीं ऐसा न हो कि एक दिन नकली ही नकली रह जाए और उसकी भी हजारवीं 'फोटो कॉपी' रह जाए और असली का स्वर्गवास हो जाए!

कटाक्ष

राजेंद्र धोड़पकर

प्रेम-कथा - 5

आचार्य चतुरसेन

शास्त्री (26 अगस्त, 1891 – 02 फरवरी, 1960) की चर्चित प्रेम कहानी 'दुखवा मैं कासे कहूं मोरी सजनी' का एक अंश

दुखवा मैं कासे कहूं मोरी सजनी



इलस्ट्रेशन : यशवंत नामदेव

■ आचार्य चतुरसेन शास्त्री

गर्मी के दिन थे। बादशाह ने उसी फाल्गुन में सलीमा से नई शादी की थी। सल्तनत के सब झंझटों से दूर रहकर नई दुलहिन के साथ प्रेम और आनंद की कलोलें करने, वह सलीमा को लेकर कश्मीर के दौलतखाने में चले आए थे।

रात दूध में नहा रही थी। दूर के पहाड़ों की चोटियां बर्फ से सफेद होकर चांदनी में बहार दिखा रही थीं। आरामबाग के महलों के नीचे पहाड़ी नदी बल खाकर बह रही थी।

मोतीमहल के एक कमरे में शमादान जल रहा था और उसकी खुली खिड़की के पास बैठी सलीमा रात का सौंदर्य निहार रही थी। खुले हुए बाल उसकी फिरोजी रंग की ओढ़नी पर खेल रहे थे। चिकन के काम से सजी और मोतियों से गुंथी हुई उस फिरोजी रंग की ओढ़नी पर, कसी हुई कमखाब की कुरती और पन्नों की कमरपेटी पर, अंगूर के बराबर बड़े मोतियों की माला झूम रही थी। सलीमा का रंग भी मोती के समान था। उसकी देह की गठन निराली थी। संगमरमर के समान पैरों में जरी के काम के जूते पड़े थे, जिन पर दो हीरे धक-धक चमक रहे थे।

कमरे में एक कीमती ईरानी कालीन फर्श पर बिछा था, जो पैर लगते ही हाथ भर धंस जाता था। सुगंधित मसालों से बने हुए शमादान जल रहे थे। कमरे में चार पूरे कद के आईने लगे थे। संगमरमर के आधारों पर सोने-चांदी के फूलदानों में ताजे फूलों के गुलदस्ते रखे थे। दीवारों और दरवाजों पर चतुराई से गुंथी हुई नागकेसर और चंपे की मालाएं झूल रही थीं, जिनकी सुगंध से कमरा महक रहा था। कमरे में अनगिनत बहुमूल्य कारीगरों की देश-विदेश की वस्तुएं करीने से सजी हुई थीं।

बादशाह दो दिन से शिकार को गए थे। आज इतनी रात हो गई, अभी तक नहीं आए। सलीमा चांदनी में दूर तक आंखें बिछाए सवारों की गर्द देखती रही। आखिर उससे न रहा गया, वह खिड़की से उठकर, अनमनी-सी होकर मसनद पर आ बैठी। उम्र और चिंता की गर्मी जब उससे सहन न हुई, तब उसने अपनी चिकन की ओढ़नी भी उतार फेंकी और आप ही आप झुंझलाकर बोली-'कुछ भी अच्छा नहीं लगता। अब क्या करूं?' इसके बाद उसने पास रखी बीन उठा ली। दो-चार उंगली चलाई, मगर स्वर न मिला। उसने भुनभुनाकर कहा-'मर्दों की तरह यह भी मेरे वश में नहीं है।' सलीमा ने उकताकर उसे रखकर दस्तक दी। एक बांदी दस्तबस्ता हाजिर हुई।

बांदी अत्यंत सुंदरी और कमसिन थी। उसके सौंदर्य में एक गहरे विषाद की रेखा और नेत्रों में नैराश्य-स्याही थी। उसे पास बैठने का हुक्म देकर सलीमा ने कहा-'साकी, तुझे बीन अच्छी लगती है या बांसुरी?'

बांदी ने नम्रता से कहा-'हुजूर जिसमें खुश हों।' सलीमा ने कहा-'पर तू किसमें खुश है?' बांदी ने कंपित स्वर में कहा-'सरकार बांदियों की खुशी ही क्या?'

क्षण भर सलीमा ने बांदी के मुंह की तरफ देखा- वैसा ही विषाद, निराशा और व्याकुलता का मिश्रण हो रहा था।

सलीमा ने कहा-'मैं क्या तुझे बांदी की नजर से देखती हूं?' 'नहीं, हजरत की तो लौंडी पर खास मेहरबानी है।'

'तब तू इतनी उदास, झिझकी हुई और एकांत में क्यों रहती है? जब से तू नौकर हुई है, ऐसा ही देखती हूं! अपनी तकलीफ मुझसे तो कह प्यारी साकी।'

इतना कहकर सलीमा ने उसके पास खिसक कर उसका हाथ पकड़ लिया। बांदी कांप गई, पर बोली नहीं।

सलीमा ने कहा-'कसमिया! तू अपना दर्द मुझ से कह! तू इतनी उदास क्यों रहती है?' बांदी ने कंपित स्वर में कहा-'हुजूर क्यों इतनी उदास रहती हैं?'

'सरकार, प्यारी चीज न मिलने से इंसान को उदासी आ ही जाती है, अमीर और गरीब, सभी का दिल तो दिल ही है। 'सलीमा हंसी। उसने कहा-'समझी, अब तू किसी को चाहती है। मुझे उसका नाम बता, उसके साथ तेरी शादी करा दूंगी।'

सलीमा ने कहा-'इधर जहांपनाह कुछ कम आने लगे हैं। इससे तबीयत जरा उदास रहती है।' बांदी-'सरकार, प्यारी चीज न मिलने से इंसान को उदासी आ ही जाती है, अमीर और गरीब, सभी का दिल तो दिल ही है।' सलीमा हंसी। उसने कहा-'समझी, अब तू किसी को चाहती है। मुझे उसका नाम बता, उसके साथ तेरी शादी करा दूंगी।'

साकी का सिर घूम गया। एकाएक उसने बेगम की आंखों से आंख मिलाकर कहा- 'मैं आपको चाहती हूं।'

सलीमा हंसते-हंसते लोट गई। उस मदमाती हंसी के वेग में उसने बांदी का कंपन नहीं देखा। बांदी ने वंशी लेकर कहा-'क्या सुनाऊं?'

बेगम ने कहा-'ठहर, कमरा बहुत गर्म मालूम देता है। इसके तमाम दरवाजे और खिड़कियां खोल दे। चिरागों को बुझा दे, चटखती चांदनी का लुत्फ उठाने दे और फूल-मालाएं मेरे पास रख दे।' बांदी उठी। सलीमा बोली-'सुन, पहले एक गिलास शरबत दे, बहुत प्यासी हूं।' बांदी ने सोने के गिलास में खुशबूदार शरबत बेगम के सामने ला धरा। बेगम ने कहा-'उफ! यह तो बहुत गर्म है। क्या इसमें गुलाब नहीं दिया?' बांदी ने नम्रता से कहा-'दिया तो है सरकार?'

'अच्छा, इसमें थोड़ा-सा इस्तम्बोल और मिला।'

साकी गिलास लेकर दूसरे कमरे में चली गई। इस्तम्बोल मिलाया और भी एक चीज मिलाई। फिर वह सुवासित मदिरा का पात्र बेगम के सामने ला धरा।

एक ही सांस में उसे पीकर बेगम ने कहा- 'अच्छा, अब सुना। तूने कहा कि मुझे प्यार करती है, सुना कोई प्यार का गाना सुना।'

इतना कह और गिलास को गलीचे पर लुढ़काकर मदमाती मसनद पर खुद लुढ़क गई और रसभरे नेत्रों से साकी की ओर देखने लगी। साकी ने वंशी का सुर मिलाकर गाना शुरू किया-

'दुखवा मैं कासे कहूं मोरी सजनी...'

बहुत देर तक साकी की वंशी और कंठ-ध्वनि कमरे में घूम-घूमकर रोती रही। धीरे-धीरे साकी खुद रोने लगी। सलीमा मदिरा और यौवन के नशे में होकर झूमने लगी।

गीत खत्म करके साकी ने देखा, सलीमा बेसुध पड़ी है। शराब की तेजी से उसके गाल एकदम सुर्ख हो गए हैं और तांबूल-राग-रंजित होंठ रह-रहकर फड़क रहे हैं। सांस की सुगंध से कमरा महक रहा है। जैसे मंद पवन से कोमल पत्ती कांपने लगती है, उसी प्रकार सलीमा का वक्ष स्थल धीरे-धीरे कांप रहा है। प्रस्वेद की बूंदें ललाट पर दीपक के उज्ज्वल प्रकाश में मोतियों की तरह चमक रही हैं।

वंशी रखकर साकी क्षण भर बेगम के पास आकर खड़ी हुई। उसका शरीर कांपा, आंखें जलने लगीं, कंठ सूख गया। वह घुटने के बल बैठकर बहुत धीरे-धीरे अपने आंचल से बेगम के मुख का पसीना पोंछने लगी। इसके बाद उसने झुककर बेगम का मुंह चूम लिया।

इसके बाद ज्योंही उसने अचानक आंख उठाकर देखा, खुद दीन-दुनियां के मालिक शाहजहां खड़े उसकी यह करतूत अचरज और क्रोध से देख रहे हैं।

साकी को सांप डस गया। वह हतबुद्धि की तरह बादशाह का मुंह ताकने लगी। बादशाह ने कहा- 'तू कौन है और यह क्या कर रही थी?'

साकी चुप खड़ी रही। बादशाह ने कहा- 'जवाब दे!'

साकी ने धीमे स्वर में कहा-'जहांपनाह! कनीज अगर कुछ जवाब न दे तो?'

बादशाह सन्नाटे में आ गए। बांदी की इतनी स्पर्धा!

(साभार : 'हिंदी समय', महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा)

पुस्तक अंश

गीता की मुहब्बत में गिरफ्तार गुरुदत्त

मशहूर अभिनेता-निर्देशक और निर्माता गुरुदत्त का 09 जुलाई को जन्म दिन है। हाल में उन पर आई पुस्तक 'दास्तान-ए-गुरुदत्त' चर्चा में है। इसमें गुरुदत्त के दुख और सृजनात्मक उल्लास की कथा है। पेश है इस पुस्तक से एक अंश...

दास्तान-ए-गुरुदत्त
(फिल्मी शख्सियत)
लेखक : महमूद फारुकी
प्रकाशक : राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली,
मूल्य : ₹299

गुरु 26 साल का था- कामयाब था और गीता के इश्क में गिरफ्तार। 'बाजी' का मुहूर्त शॉट गीता के गाने 'तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर' से शुरू हुआ था। अरे साहब, उस दिन गाना ही रिकॉर्ड नहीं हुआ- गीता रॉय खुद गुरु के दिल में रिकॉर्ड हो गईं।

गाने की रिकॉर्डिंग और मुहूर्त के बाद उसने गीता को दूसरी बार देव के घर एक पार्टी में देखा। पूरी शाम गुरु दूर बैठा गीता को देखता रहा। गीता रॉय मशहूर सिंगर... जैसे अजंता की मूरत हो... सांवली...खूबसूरत... क्या निगाहें उठाती और गिराती थी...

दोनों बांग्ला में बात करते। धीरे-धीरे गीता घर आने-जाने लगी। उसका घरेलू, सादा रवैया पूरे घर को मोह गया। वो सबके दिलों में उतर गई। इतनी सादगी से घर में आती, खुद किचन में चली जाती। एक गाना गुरु को बहुत पसंद था... बार-बार वह गीता से इसरार करके वही गाने को कहता-

'तुमि जदि बोलो भालोबाशा दीते जानो ना (तुम कहो अगर कि नहीं आता मुझे प्यार करना)।'

गीता लगातार काम कर रही थी, मशगूल थी- कभी हैदराबाद, कभी मद्रास। गुरु शादी के लिए जल्दी कर रहा था, मगर गीता के घरवाले तैयार नहीं हो रहे थे। खामोशमिजाज गुरु- अलग-थलग, अकेला रहने वाला और गीता मिलनसार, खुशमिजाज। गीता लिमोजिन में चलती थी, गुरु बस में चलता था। गीता मशहूर थी, गुरु गुमनाम। मगर अरमान जवां थे, रात हसीन थी। ये गुरु की जिंदगी के सबसे खुशी-भरे, सबसे रंगीन दिन थे। जिंदगी अरमानों और उमंगों से भरी हुई थी।

अक्सर वह माटुंगा की हिंदू कॉलोनी में गीता को घर छोड़ने जाता। छोटी बहन ललिता या लल्ली साथ होती। कभी-कभी लल्ली के जरिये एक-दूसरे को खत लिखते। कभी ड्राइव करके पवई चले जाते, कभी लोनावला या खंडाला। दोनों को मछली पकड़ना पसंद था। दोनों को बारिश पसंद थी। दोनों को शराब पसंद थी। कभी-कभी राज खोसला साथ होते। राज और गीता मिलकर खूब गाने गाते-*'खयालों में किसी के इस तरह आया नहीं करते...'*

गीता घर की अकेली कमाने वाली... पूरा घर चलाती थी... बहुत कमसिन थी। गुरु खामोश मगर गुस्से वाला, मूडी, बात-बात पे बिफर जाने वाला। उस वक्त के गीता को लिखे हुए उसके कुछ खत सलामत हैं अभी...

21, अगस्त, 51

क्या तुम्हें अब तक यकीन नहीं हुआ है कि मैं तुम्हें कितना चाहता हूं, अगर मैं तुमसे बोर हो गया होता, तो मैं तुम्हें बार-बार शादी के लिए जल्दी क्यों करता हूं, लेकिन अफसोस है कि तुम मुझे अभी तक समझ नहीं सकी हो।

मैं चाहता हूं कि मेरे लिए नया गाना तुम गातीं, तो अच्छा होता, लेकिन मेरे चाहने से क्या होता है।

और क्या लिखूं, अगर मैं तुम्हें लिखूं कि जल्दी आओ, तो भी तुम नहीं आ सकतीं, इसलिए मेरा लिखना ही बेकार है, तुम्हारे तो बहुत से बंधन हैं, जिन्हें तुम नहीं तोड़ सकतीं, तो मेरा कुछ भी कहना बेकार है। तुम मुझे क्यों बार-बार पूछती रहती हो कि मैं किसी और से प्यार करता हूं या नहीं और तुम्हें मालूम भी है कि मैं तुम्हें चाहता हूं, इसलिए तो तुम मुझे दो साल वेट करने के लिए मजबूर कर रही हो।

तुम्हें तो अभी खत में अपना नाम लिखने का डर रहता है, क्यों? तुम बहुत अच्छी हो, कभी-कभी सोचता हूं कि तुम्हें मुझसे प्यार करके क्या मिला... और क्या मैं तुम्हें सारा जीवन खुश रखूंगा? कभी-कभी मुझे खुद नहीं समझ में आता कि मैं क्या कर रहा हूं, सच में तुम एक पागल से प्यार करने लगी हो। मैं चाहता हूं कि तुम जल्दी वापस आ जाओ।

तुम हर दो महीने में मुझे अकेला छोड़ जाती हो, क्या पता किसी दिन मुझे हमेशा के लिए छोड़ के चली जाओ...

पुस्तकें आई हैं

यादों का यायावर
(कहानी-संग्रह)
लेखक : विश्वम्भर पुरोहित
प्रकाशक : सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली
मूल्य : ₹300

धर्म हमेशा ही मानव जीवन के केंद्र में रहा है। भले ही यह किसी तयशुदा परिभाषा में नहीं बंधा, लेकिन इंसान ने अपने स्वार्थ के कारण इसे अलग-अलग खांचों में बांटा और परिभाषित किया है। इन तमाम कोशिशों के बावजूद धर्म अपनी मूल भावना के साथ आज भी मौजूद है। फिलहाल तो कहानी 'धर्मसत्ता' में धर्म के सत्ता-संघर्ष को बखूबी दिखाया गया है। एक मंदिर में महंत की गद्दी पाने के लिए गद्दी का दावेदार, वर्तमान महंत की हत्या कर देता है। इसके बावजूद उसे कोई अपराध-बोध नहीं होता है। कहानी-संग्रह 'यादों का यायावर' की कहानियों के विषय किसी कल्पना लोक की उड़ान नहीं हैं, बल्कि जमीन से जुड़े हैं।

सूरज की जल-समाधि
(नवगीत-संग्रह)
लेखक : शिवानन्द सिंह 'सहयोगी'
प्रकाशक : अनुभव प्रकाशन, साहिबाबाद
मूल्य : ₹200

'**बहुत** दिन से/हो न पाया/गांव जाना/...है सुना/पंचायतों से/न्याय ओझल/और पंचों का हुआ है/भाव बोतल/अब न लिहुई/का पहुंचता/कहीं छाना।' -गांव से रोजी-रोटी की तलाश में शहर में भटकते इंसान की पीड़ा कविता 'गेहुंआ का गीत' में संवेदनशीलता से उभरी है। बहुत दिनों से गांव न जाने का दर्द और गांव से रीति-रिवाजों के गायब होते जाने का दुख किसी भी इंसान को सालता है। यह कसक सिर्फ कवि या इस कविता के नायक की नहीं है, बल्कि उन जैसे हजारों-लाखों लोगों की है, जो पेट की मजबूरी के चलते गांव से शहर में आ बसे हैं। असल में नवगीत-संग्रह 'सूरज की जल-समाधि' के गीत भारतीय गांवों की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के गीत हैं।

नोबेल के कुछ नाम
(साहित्य का नोबेल पुरस्कार पाने वाले चुनिंदा रचनाकार)
लेखक : शिवप्रसाद जोशी
प्रकाशक : काव्यांश प्रकाशन, ऋषिकेश (देहरादून)
मूल्य : ₹425

'**पढ़ने** से लोगों के जीने का ढंग संवेदनशील हो उठता है और उन्हें ये आभास हो जाता है कि वे क्या जान चुके हैं, किस चीज से गुजरे हैं...।' -नोबेल विजेता फ्रांसीसी लेखिका एनी अर्नो की उपर्युक्त टिप्पणी 'नोबेल के कुछ नाम' पुस्तक की आधारभूमि है। इस पुस्तक में साहित्य का नोबेल पुरस्कार पाने वाले चुनिंदा रचनाकारों की रचनाएं हैं। किताब दो खंडों में है। पहले खंड में पुरस्कृत रचनाकारों की कृतियों के अनुवाद और उनके रचनाकर्म पर निबंध हैं। दूसरे खंड में रचनाकरों के अपने निबंधों, व्याख्यानों, भाषणों और साक्षात्कारों के अलावा कुछ साहित्यकारों पर स्मृति-लेख हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता साहित्यकारों व विश्व साहित्य पढ़ने के इच्छुक साहित्य प्रेमियों के लिए यह उपयोगी एवं पठनीय पुस्तक है।

रोजनामचा

साप्ताहिक भविष्यफल

(05 जुलाई से 11 जुलाई 2026)

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष (21 मार्च-20 अप्रैल)
मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। 08 जुलाई के बाद कारोबार में वृद्धि हो सकती है। कारोबार के लिए यात्रा से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष (21 अप्रैल-20 मई)
आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। इस सप्ताह किसी मित्र से भेंट सकती है।

मिथुन (21 मई-21 जून)
धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। 08 जुलाई के बाद माता की सेहत में सुधार होगा। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कारोबार के लिए पिता से धन मिल सका है। खर्चों में वृद्धि होगी।

कर्क (22 जून-23 जुलाई)
सप्ताह के प्रारंभ में मन परेशान हो सकता है। 08 जुलाई के बाद नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। 08 जुलाई के बाद कारोबार विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

सिंह (24 जुलाई-22 अगस्त)
मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परंतु कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। माता-पिता का साथ मिलेगा।

कन्या (23 अगस्त-22 सितंबर)
मन परेशान हो सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में लाभ में कमी आ सकती है। 06 जुलाई के बाद लाभ में वृद्धि हो सकती है। 08 जुलाई के बाद कारोबार में वृद्धि होगी।

तुला (23 सितंबर-23 अक्तूबर)
मन प्रसन्न रहेगा, परंतु 06 जुलाई से सेहत का ध्यान भी रखें। 08 जुलाई के बाद किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक (24 अक्तूबर-21 नवंबर)
मन अशांत हो सकता है। संयत रहें। धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। परिवार में सुख-शांति रहेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी।

धनु (22 नवंबर-21 दिसंबर)
मन अशांत रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। सप्ताह के प्रारंभ में कारोबार में कठिनाइयां सकती हैं, परंतु 08 जुलाई से कारोबार में सुधार होना प्रारंभ हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

मकर (22 दिसंबर-19 जनवरी)
सप्ताह के प्रारंभ में वाणी में मधुरता रहेगी। फिर भी धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। 06 जुलाई के बाद बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। भागदौड़ खूब रहेगी।

कुंभ (20 जनवरी-18 फरवरी)
सप्ताह के प्रारंभ में मन प्रसन्न रहेगा। किसी पुराने मित्र से भेंट भी हो सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। व्यवधान आ सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मीन (19 फरवरी-20 मार्च)
शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। संतान की सेहत का ध्यान रखें। 06 जुलाई से संतान की सेहत में सुधार होगा। 08 जुलाई से कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ में भी वृद्धि होगी। आय में वृद्धि होगी।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

05 जुलाई, रविवार, **शक संवत्** : 14 आषाढ़ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 21 आषाढ़ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 19 मोहर्रम, 1448, **विक्रमी संवत्** : आषाढ़ कृष्ण पंचमी दोपहर 01.31 मिनट तक पश्चात षष्ठी तिथि, शतभिषा नक्षत्र अपराह्न 03.13 मिनट तक पश्चात पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र, आयुष्मान योग सायं 04.40 मिनट तक पश्चात सौभाग्य योग, तैतिल करण। चंद्रमा कुंभ राशि में (दिन-रात)।

सूर्य उत्तरायण। सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। सायं 04.30 मिनट से सायं 06 बजे तक राहुकालम्। पंचक।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

आर्थिक स्थिति ठीक होने पर भी तनाव, बेचैनी और संबंधों की समस्या को दूर करने के उपाय :

- उत्तर पूर्व दिशा में बना शयन कक्ष, वैवाहिक एवं व्यावसायिक जीवन में समस्याएं उत्पन्न करता है। पूरे घर में काले रंग का फर्श भी परेशानी पैदा करता है। अगर रसोई दक्षिण दिशा में हो और गैस स्टोव भी दक्षिण दिशा में हो, तो भी गलत है। अग्नि कोण में शयन कक्ष गलत और नीले एवं स्लेटी रंग का कॉम्बिनेशन भी गलत होता है।
- शयन कक्ष दक्षिण दिशा के कमरे में ले जाएं। गैस के नीचे पीले रंग का पत्थर रखें। फर्श पर हल्के रंग की टाइल्स लगवाएं। घर में छोटे-बड़े गमले दिशा अनुसार रखने चाहिए, जिससे गलत रंगों का प्रभाव कम हो सके। घर में प्राकृतिक और कृत्रिम प्रकाश की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

वर्ग पहेली : 8380

बाएं से दाएं
1. बैठना; शोभित होना; विद्यमान होना (4)
4. अभिसार; संगम; संयोग; मिलने का कार्य; भेंट; मिलाप; मेल; समागम; मिलावट (3)
7. जिसमें बहुत-सी गांठ हों; कसा हुआ; गठा हुआ; गांठदार; चुस्त; दृढ़; सुगठित (3)
8. गले में सूजन होना; गला बैठना (2,3)
9. किसी वस्तु की एक बार में ले जाई जा सकने वाली मात्रा; गाड़ी, नाव आदि से एक बार में की जा सकने वाली ढुलाई; लदान (2)
10. किनारा; कूल; तीर; पुलिन; बेला (2)
11. जिसकी धार बहुत काटने वाली हो; तीक्ष्ण; तेज; धारदार; नुकीला (2)
13. इसी तरह; ऐसे ही; व; और; एवं (2)
16. असावधान; चिंताहीन; जिसे परवाह न हो (5)
17. चिट्ठी; सावधिक प्रकाशन; नियत समय पर प्रकाशित होने वाली सामयिक पुस्तक (3)
18. जिसे ईश्वर में विश्वास न हो; 'आस्तिक' का विलोम; धर्महीन (3)
19. कमलापति; रमाकांत; रमानरेश; लक्ष्मीरमण; विष्णु (4)

ऊपर से नीचे
2. वह वरिष्ठ अधिकारी जिसका नाम राजपत्र में छापा गया हो (5)
3. नागों का स्वामी; नागपति (4)
4. जोड़ना; चिपकाना; तुलना करना; जांच करना; भेंट कराना; सुलह कराना (3)
5. ईंट का जवाब पत्थर; मुंहतोड़ जवाब; बढ़ कर होना (3,2,3)
6. दुख पहुंचाने वाली बात कहना; चुभती बात कहना; मर्मभेदी बात कह कर चुटकी लेना (3,2,3)
12. रिश्ता रखना; रिश्तेदारी निभाना (2,3)
14. कलाकर्मी; कलावंत; अभिनेता; चित्रकार; शिल्पकार (4)
15. जो बहुत दूर तक व्याप्त हो; चारों ओर फैला हुआ; छाया हुआ (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली 8379 का उत्तर

1 द	■	2 वि	3 त	र	ण	4 क	र	ना
5 ल	ल	क	ना	■	■	ल	■	■
प	■	सि	■	6 स	दु	प	यो	7 ग
रि	■	8 त	र	ह	■	ना	■	ले
9 व	ट	■	■	यो	■	■	10 धु	न
र्त	■	11 पू	■	12 ज	ल	13 द	■	उ
14 न	व	जी	व	न	■	ह	■	त
■	■	क	■	■	15 लि	ल	का	र
16 अ	क्ष	र	घ	सी	ट	ना	■	ना

सुडोकू : 8341

*कठिन

7				1				
		6			8			1
	1				9	2	4	7
	8					3		
			4		5			
		3					5	
4	3	7	5				1	
1			3			5		
				2				3

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

हल : सुडोकू नं. 8340

4	8	6	5	2	1	9	3	7
9	7	5	6	4	3	1	8	2
1	2	3	9	8	7	4	5	6
7	5	9	4	6	2	3	1	8
2	4	1	3	9	8	7	6	5
6	3	8	7	1	5	2	4	9
8	1	7	2	3	6	5	9	4
5	6	4	1	7	9	8	2	3
3	9	2	8	5	4	6	7	1

तेव्हा आयुष्य खऱ्या अर्थानं सार्थकी लागल्यासारखं वाटलं

'बाई गेल्या...' असा विजय केंकरेचा फोन आला आणि छातीत धस्स झालं... त्यांची तब्येत वयोमानाप्रमाणे बरी नव्हती हे कळलं होतं... पण भेटायला जायची हिंमत होत नव्हती...

सुकन्या कुलकर्णी
ज्येष्ठ अभिनेत्री

बातमी आली... 'लाइफलाइन', 'नागमंडल'चे सगळे दिवस डोळ्यांसमोरून गेले आणि बाईंचा आवाज कानात घुमायला लागला. ते त्याचं डोळे मिचकावून हसणं, गोड स्वरात अगदी एखाद्या लहानग्या बाळाला समजवावं असे बोलणं... सगळं-सगळं आठवायला लागलं... 'नागमंडल'च्या वेळी माझे केलेले लाड...

'लाइफलाइन'मध्ये खरेतर एकाच भागात माझे काम होते, परंतु माझे काम आणि माझी त्याला योग्य असलेली प्रकृती बघून माझी भूमिका शेवटपर्यंत त्यांनी ठेवली. नुसती ठेवली नाही तर प्रेक्षकांच्या लक्षात राहील अशी भूमिका मला दिली. माझं महाविद्यालयाचं शेवटचं वर्ष होतं म्हणून मला आणि रेणुकाला (ती एमए करत होती) नानावटी हॉस्पिटलमध्ये जिथे आमचे शूटिंग चालू होते तिथे अभ्यासाकरिता एक वेगळी खोली दिली होती.

'नागमंडल'च्या वेळी माझे दुसरे नाटक चालू होते, पण त्या भूमिकेसाठी त्यांना मीच हवे होते आणि अगदी १५/२० दिवस अगोदर मी त्यात सहभागी झाले. तालीम एनसीपीएमध्ये चालायची. त्यामुळे जिथे माझा प्रयोग असेल, तिथे त्या मला त्यांची गाडी जायला-यायला द्यायच्या. मी खूप चहा प्यायचे तेव्हा म्हणून माझ्यासाठी भरपूर चहा पिंपात ठेवलेला असायचा.

बाईंच्या कामाची पद्धतच फार वेगळी होती. त्यामुळे ती प्रक्रिया तुम्हाला खूप अभ्यास करायला लावायची आणि समृद्ध करायची. एखादा सीन द्यायच्या आणि आम्हालाच 'इम्प्रोवाइझ' करायला सांगायच्या आणि मग लेखकाने लिहिलेले संवाद आम्हाला सांगायच्या. त्यामुळे संवाद आपोआप लक्षात राहायचे. माझ्या नृत्याचा, माझ्या केसांचा मला पुरेपूर उपयोग करता आला. बाई अशा काही आपल्याला उदाहरण द्यायच्या की, आपोआप आपली एक्सप्रेशन तशी यायची. 'लाइफलाइन'मध्ये माझी भूमिका अत्याचार झालेल्या मुलीची होती. तोसुद्धा एका नेत्याच्या मुलाकडून. तेव्हा मला बाईंनी एवढंच सांगितलं की, बकरीला बळी द्यायला नेतात तेव्हा तिला होणाऱ्या वेदना आठव... तुमच्याही डोळ्यासमोर लगेच ते हावभाव आले असतील ना?... इतकं सोप्पं करून सांगायच्या. 'नागमंडल'च्यावेळी लाईव्ह म्युझिक होतं. भास्कर चंदावरकर यांचं. तेव्हा त्यांनी कित्ती-कित्ती प्रयोग केले. रसिका, उदय, नागेश या सगळ्यांच्या आवाजाचा वेगळाच वापर केला होता. वेशभूषा, त्या नाटकाची भाषा सगळंच प्रयोगशील...

त्यांनी त्यांच्या नकळत दिलेली ही शिकवण आयुष्यभर माझ्याबरोबर असेल आणि बाई माझ्याबरोबर कायम असतील. त्यांच्याबद्दल बोलावं तितकं कमी आहे. माझ्या इतर कामांमुळे मला त्यांचा सहवास फारच कमी मिळाला. परंतु जे काही मिळालं त्याचं मोल करणं खूप कठीण आहे. त्यांच्या शिबिरांमध्ये त्या माझी 'नागमंडल'मधली क्लिप दाखवून त्याबद्दल मुलांना अभ्यास करायला सांगतात, हे जेव्हा मला कळलं, तेव्हा आयुष्य सार्थकी लागल्यासारखं वाटलं. अजून काय हवंय? एवढ्या महान दिग्दर्शिका जेव्हा आपली दखल घेतात, तेव्हा ते एखाद्या पुरस्कारापेक्षा कमी नसतं. खूप खूप ठेवा दिला आहे. मलाच नाही तर माझ्यासारख्या आणि माझ्यापेक्षा अनेक श्रेष्ठ आणि ज्येष्ठ कलावंतांना बाईंनी घडवलं आहे.

'नाटक' हे सुचवायचं आणि 'चित्रपट' हे दाखवायचं माध्यम आहे

विजय केंकरे
ज्येष्ठ अभिनेते, दिग्दर्शक

अनेकांसाठी 'नाट्यशास्त्राचे विद्यापीठ' असलेल्या विजयाबाई मेहता या केवळ भारतीयच नव्हे, तर आंतरराष्ट्रीय पातळीवरील रंगभूमीवरील नावाजलेले व्यक्तिमत्त्व होते. एका बाजूला थिअरी आणि दुसऱ्या बाजूला प्रॅक्टिकल करणाऱ्या फार कमी लोकांपैकी बाई एक होत्या. विजयाबाई या आधुनिक मराठी नाटकाचे जनक असलेल्यांपैकी एक होत्या. 'रंगायन'पासून त्यांनी नाटकाचा संपूर्ण चेहरामोहराच बदलून टाकला. यात दिग्दर्शनासोबतच त्यांच्या अभिनयाचाही मोलाचा वाटा होता.

विजयाबाईंची नाटके वेगळ्या प्रवाहाने जाणारी होती. विजय तेंडुलकर, महेश एलकुंचवार आदी दिग्गजांसोबत त्या घडत गेल्या. त्यानंतर त्यांनी खूप अभिनेते घडवले आणि स्वत: नाट्यशास्त्रातील विद्यापीठाच्या रूपात जगासमोर आल्या. जयवंत दळवींसोबत बाईंनी एकत्र केलेली नाटके त्यांच्या कारकिर्दीतील महत्त्वाचा टप्पा ठरली. 'पुरूष' तसेच 'महासागर' यासारखी रंगभूमी गाजवणारी नाटके त्यांनी दळवींसोबत दिली. 'अजब न्याय वर्तुळाचा' हे नाटक मुंबई मराठी साहित्य संघासाठी केल्यानंतर थेट जर्मनीला गेल्या होत्या. बाईंनी जर्मनीमध्ये जाऊन 'शाकुंतलम' केले. त्यांनी दिग्दर्शित केलेल्या 'लाईफलाईन' या मालिकेत मी त्यांचा मुख्य साहाय्यक होतो. त्यामुळे बाईंचे काम मी खूप जवळून पाहिले.

झोकून देऊन काम करणे, हे बाईंचे मुख्य स्वभाववैशिष्ट्य होते. कामापुढे त्यांना दुसरे काहीच दिसत नसायचे. त्या कधीही रागावल्या नाहीत. त्यांनी आपल्या पद्धतीने माणसं घडवत, त्यांच्याशी संपर्क ठेवला. अशी माणसं असणं अवघड असतं. त्यांनी आपली एक वेगळी शैली निर्माण केली. मराठी रंगभूमीवरील महत्त्वाच्या नाटकांनी बाईंची कारकीर्द सजलेली आहे.

बाईंसोबतची एक ठराविक आठवण सांगता येणार नाही. त्यांचा असिस्टंट म्हणून काम पूर्ण केल्यानंतर त्यांनी मला अत्यंत प्रेमाने सल्ला दिला होता की, तू नोकरी कर, हे काही तुझं काम नाही, असं त्या म्हणाल्या होत्या. पण, त्याचा पुढे मला नाट्यसृष्टीतच पाय रोवायला उपयोग झाला. त्या अतिशय स्पष्ट बोलायच्या. त्यांचे एक वाक्य मी कधीच विसरणार नाही. त्या म्हणायच्या, 'नाटक हे सुचवायचं आणि चित्रपट हे दाखवायचं माध्यम आहे.'

त्या काळात स्त्री दिग्दर्शकांना वाव नसल्याने बाईंना पुरुषांसारखेच काम करावे लागले. त्या विद्वान होत्या. त्यांच्या विद्वत्तेने त्यांना सर्वोच्च स्थानी विराजमान केले. बाई सांगायच्या की, त्या ज्या लोकांकडून शिकल्या त्यांनी त्यांना आत्मविश्वास दिला. सुदैवाने त्यांच्या आसपास जी मंडळी होती, त्यांनी बाईंना स्त्री असल्यासारखे कधीच वागवले नाही. बाईंना घरी एका बाईचाच मोलाचा पाठिंबा लाभला. त्या होत्या दुर्गाबाई खोटे. बालपणापासूनच बाईंच्या सान्निध्यात आल्याने त्यांच्या जाण्याने माझे वैयक्तिकही खूप मोठे नुकसान झाले आहे.

बेछूट 'सोशल' वावर येणार अंगलट

उमाकांत देशपांडे
वरिष्ठ सहाय्यक संपादक

सोशल मीडियावर कोणत्याही बाबीवर आणि व्यक्ती, संस्थेवर आपल्याला काहीही लिहिण्याची मुभा मिळाली आहे, त्या लिखाणाबद्दल आपल्याला कोणीही जाब विचारणार नाही, असा अनेकांचा समज आहे. त्यामुळे शिवीगाळ, अश्लाघ्य भाषेतही अनेकदा लिहिले जाते, काहींना मोठ्या प्रमाणावर ट्रोल केले जाते. विरोधी राजकीय विचारांच्या व्यक्तींवर जोरदार टीका केली जाते. मात्र, बेलगाम किंवा बिनबुडाची वक्तव्ये करणे, लोकांमध्ये गैरसमज निर्माण करून घबराट पसरविणे, हे आता अंगलट येऊ शकते.

एआय इमेज

सोशल मीडिया हे कोट्यवधी लोकांसाठी अभिव्यक्तीचे व्यासपीठ झाले आहे. तेथे व्यक्त होत असताना अनेक जण राज्यघटनेने दिलेल्या अभिव्यक्तिस्वातंत्र्याच्या अधिकाराचा स्वैर वापर करीत असतात. बेछूट लिखाण, पुरावे न देता आरोप करून एखाद्या व्यक्ती किंवा संस्थेची बदनामी करणे, यासाठीही या व्यासपीठाचा गैरवापर होत असल्याचे अनेकदा दिसून येते. कर्नाटकमधील एका प्रकरणातून आणि मुंबईसह अन्य ठिकाणी झालेल्या काही प्रकरणांमधून हे ठळकपणे दिसून येत आहे.

बंगळुरूतील त्वचारोगतज्ज्ञ डॉ. शरण्या पद्मा यांनी एक रील समाजमाध्यमांवर शेअर केली. कर्नाटक मिल्क फेडरेशनच्या सुप्रसिद्ध 'नंदिनी' ब्रँडच्या सुगंधी दूध व अन्य काही उत्पादनांमुळे आरोग्यावर गंभीर परिणाम होतो, असे त्या रीलमधून दाखविण्यात आले होते. त्यामुळे त्यांच्याविरुद्ध बंगळुरू पोलिसांनी गुन्हा दाखल केला. आपल्याविरुद्धची फौजदारी कारवाई रद्द करण्यासाठी डॉ. पद्मा यांनी कर्नाटक उच्च न्यायालयाचे दरवाजे ठोठावले होते. मात्र, न्यायमूर्ती एम. नागप्रसन्ना यांनी डॉ. पद्मा यांना कोणताही दिलासा देण्यास नकार देत फौजदारी कारवाईला सामोरे जाण्यास सांगितले आहे. जर एखाद्या दुधामुळे आरोग्यावर परिणाम होतो, तर तुम्ही सरकारकडे तक्रार केली आहे का, त्या दुधाची प्रयोगशाळेत तपासणी केली आहे का, अशी विचारणा न्यायालयाने डॉ. पद्मा यांना केली. कोणतेही पुरावे, शास्त्रीय आधार नसताना सोशल मीडियावर रील टाकून जनमानसात भीती पसरविणे योग्य नसल्याचे न्यायालयाने सुनावले आहे. त्यामुळे बेछूट लिखाण करणाऱ्या डॉक्टरांना आता फौजदारी कारवाईला तोंड द्यावे लागणार आहे.

सलमानविरोधातील मजकूर हटविण्याचे आदेश

सुपरस्टार सलमान खानच्या पनवेल येथील फार्महाऊसचे बांधकाम बेकायदा असल्याचा दावा करीत त्याचे व्हिडीओ सलमानचा शेजारी केतन कक्कर याने सोशल मीडियावर शेअर केले होते. त्याविरोधात सलमानने मुंबई उच्च न्यायालयात याचिका सादर केल्यावर न्यायालयाने हे व्हिडीओ आणि बदनामीकारक मजकूर हटविण्याचे आदेश महिनाभरापूर्वी दिले.

कोणत्याही बाबीसंदर्भात सरकारी किंवा संबंधित यंत्रणेकडे तक्रार न करता सोशल मीडियावर बिनबुडाचे आरोप केले जातात, याविषयी न्यायालयाने नाराजी व्यक्त केली होती. सोशल मीडिया हे बदनामी करण्याचे आणि पुरावे नसताना बेछूट आरोप करण्याचे व्यासपीठ नाही, असे न्यायालयाने काही प्रकरणांमध्ये निर्णय देताना स्पष्ट केले.

पुण्यातील प्रसिद्ध व्यावसायिक केतन अगरवाल यांच्या हत्येनंतर डॉ. मुस्कान सोनी या दंतवैद्याने सोशल मीडियावर आक्षेपार्ह वक्तव्य केल्याने संतापाची लाट उसळली आणि ऑल इंडिया डेंटल स्टुडंट्स अँड सर्जन्स असोसिएशनने त्यांचे पाच वर्षांसाठी नुकतेच निलंबित केले.

सरकारी यंत्रणांनी आपल्या तक्रारीची दखल न घेतल्यास सभ्य भाषेत शासकीय उच्चपदस्थ, मंत्री किंवा इतरांनी दखल घ्यावी, यासाठी सोशल मीडिया हे प्रभावी साधन आहे. मात्र, कोणाबद्दलही वाटेल ते लिहिण्याची मुभा असलेले व्यासपीठ आहे, असा समज करून घेणाऱ्यांनी या उदाहरणांवरून धडा घेण्याची गरज आहे. पुरावे नसताना कोणावरही बेछूट आरोप करणाऱ्यांना मात्र आता कारवाईला तोंड द्यावे लागेल.

आपले आरोग्य आपल्या घरात

तुम्हाला माहीत आहेत लोणच्याचे हे चमत्कार?

डॉ. रोहिणी कुळकर्णी-पांढरे
सदस्या, मायक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी, इंडिया

मानवाच्या मूलभूत गरजांमध्ये सर्वोच्च स्थान हे अन्नाला आहे. महाराष्ट्रीय परंपरेनुसार जेवणाचे ताट वाढताना डाव्या आणि उजव्या बाजूचे नियम अतिशय आरोग्यपूरक आणि शास्त्रशुद्ध आहेत. डाव्या हाताला तोंडी लावणे व चटपटीत पदार्थांचा समावेश असतो ज्यात प्रामुख्याने लिंबू, चटणी, लोणचे, कोशिंबीर इत्यादी पदार्थ असतात. हे पाचक रस स्रवण्यास कारणीभूत ठरतात. पारंपरिक लोणचे बनविताना त्यामधील जीवाणूंमुळे किण्वन प्रक्रिया होते आणि लोणच्याद्वारे हे सूक्ष्मजीव आतड्यांमध्ये वास्तव्य करून सहजीवी (सिम्बायोटिक) संबंध प्रस्थापित करतात ज्यामुळे मुख्यत्वे अन्नाचे पचन होण्यास आणि शरीर निरोगी राहण्यास मदत होते. म्हणूनच आरोग्याच्या दृष्टीने अतिशय महत्त्वपूर्ण असा प्रोबायोटिक (प्रोबायोटिक) सूक्ष्मजीवांचा स्रोत ठरतात.

लोणच्यातील कोणत्या घटकांमुळे काय होतो आपल्यावर परिणाम?

अन्नपदार्थ टिकविण्यासाठी वेगवेगळ्या भाज्यांपासून पारंपरिक पद्धतीने 'किण्वन' प्रक्रियेद्वारे लोणचे बनविले जाते.

लोणच्यात वापरले जाणारे घटक पदार्थ आणि मसाल्यांमध्ये भरपूर अँटिऑक्सिडंट असतात, जे शरीर पेशींचे नुकसान टाळतात.

लोणच्यातील लोह आणि खनिजे रक्ताची कमतरता (ॲनिमिया) टाळण्यास मदत करतात.

किण्वन प्रक्रियेसाठी कारणीभूत सूक्ष्मजीव अन्नाचे विघटन करतात ज्यामुळे त्याला विशिष्ट चव, गंध, रंग आणि पोत (टेक्सचर) प्राप्त होते आणि या प्रक्रियेत तयार झालेल्या आम्लामुळे ते दीर्घकाळ टिकते.

या प्रक्रियेसाठी मुख्यतः लॅक्टिक ॲसिड बॅक्टेरिया, बॅसिलस, मायक्रोकोकस व यीस्ट कारणीभूत असतात.

संशोधनाद्वारे असे लक्षात आले आहे की, बॅसिलस हे ६ टक्के मीठ व आतड्यांमधील असलेले पित्तक्षारातही (बाइल सॉल्ट) जिवंत राहू शकतात आणि म्हणूनच ते आतड्यांमध्ये सहजीवी जिवाणू म्हणून आतड्याचे आरोग्य राखण्यात महत्त्वाची भूमिका निभावतात.

हे जीवाणू आतड्यांमध्ये प्रतिजैविके तयार करतात ज्यामुळे रोगास कारणीभूत जंतू जर आपल्या आतड्यात आले तर येथील आम्लयुक्त स्थिती आणि प्रतिजैविके यांच्यासमोर त्यांच्या टिकाव लागत नाही आणि त्यांचा नाश होतो. अशा रीतीने आपण निरोगी राहण्यास या सहजीवी जीवाणूंची आपल्याला मदत होते.

लोणचे हे फक्त तोंडी लावण्यापुरते कमी प्रमाणातच खावे, हे अत्यंत महत्त्वाचे. आपली खाद्य संस्कृती, परंपरा, अन्नाचा मान राखा आणि निरोगी राहा.

दीर्घकालीन तंदुरुस्तीसाठी योग अत्यावश्यक

संजय भाटिया
माजी उपलोकायुक्त, महाराष्ट्र राज्य

मी दहा दिवसांच्या विपश्यना प्रशिक्षणाला अत्यंत गांभीर्याने सुरुवात केली. प्रशिक्षण पूर्ण करून परत आल्यानंतर मी दररोज सकाळी एक तास आणि संध्याकाळी एक तास नियमितपणे विपश्यना ध्यान करू लागलो. त्याच काळात माझी दिल्लीहून मुंबईला महाराष्ट्र राज्य वीज मंडळात सचिव म्हणून बदली झाली. त्या वेळी महाराष्ट्र राज्य वीज मंडळात एक लाखांहून अधिक कर्मचारी कार्यरत होते. इतक्या मोठ्या मनुष्यबळाचे व्यवस्थापन आणि अभियंत्यांच्या भरतीचे काम यामुळे मी अत्यंत व्यस्त होतो. मी सांताक्रूझ येथील गेस्ट हाऊसमध्ये राहत होतो आणि कार्यालय जवळच असल्याने प्रवासात वेळ वाया जात नव्हता.

मी असा विचार केला की, वीज मंडळातील अधिकारी-कर्मचाऱ्यांनाही दहा दिवसांच्या विपश्यनेचा लाभ मिळायला हवा. त्यामुळे महाराष्ट्र शासनाने ज्याप्रकारे कर्मचाऱ्यांना दहा दिवसांची विशेष रजा मंजूर केली होती, त्याच धर्तीवर आम्हीही ध्यानासाठी जाणाऱ्या कर्मचाऱ्यांना ती सुविधा उपलब्ध करून दिली. सांताक्रूझमधील रिकाम्या फ्लॅटपैकी एक फ्लॅट विपश्यना साधनेसाठी वापरण्याचा निर्णय घेतला. अशा प्रकारे आम्ही तेथे विपश्यना साधनेचा एक गट सुरू केला. अशा प्रकारे दोन वर्षे माझा आध्यात्मिक प्रवास पुढे सुरू राहिला. या काळात विपश्यना ध्यानामुळे मला अनेक प्रकारचे लाभ झाले. तरीसुद्धा 'मृत्यूनंतर काय होते?' आणि 'मानवी जीवनाचा खरा उद्देश काय आहे?' या मूलभूत प्रश्नांची समाधानकारक उत्तरे मला मिळाली नव्हती. माझी एकाग्रता इतर मार्गांनी वाढवण्याचा निर्णय मी घेतला, जेणेकरून या ध्यानपद्धतीचा संपूर्ण लाभ मला घेता येईल.

त्याच सुमारास बाबा रामदेव हे भारतातील योगाचे प्रमुख प्रतीक म्हणून उदयास येत होते आणि योगाचा प्रसार मोठ्या प्रमाणावर सुरू झाला होता. त्यामुळे मी गंभीरपणे योगाभ्यास सुरू करण्याचा निर्णय घेतला. माझी पत्नी अनुराधाही या प्रवासात माझ्यासोबत सहभागी झाली. आम्ही एका योगगुरूची नियुक्ती केली. ते प्रत्येक दुसऱ्या दिवशी सकाळी आमच्या घरी येऊन आम्हाला योग शिकवत असत. काही काळातच योगाभ्यासाचे उत्कृष्ट परिणाम दिसू लागले. आमची शारीरिक तंदुरुस्ती, शरीराची लवचिकता आणि एकूण आरोग्य लक्षणीयरीत्या सुधारले. योगामुळे मला शारीरिक आणि मानसिकदृष्ट्या मोठा फायदा झाला. मात्र, माझ्या आध्यात्मिक शोधातील मूलभूत प्रश्नांची उत्तरे अजूनही मला मिळालेली नव्हती.

माझ्या दृष्टीने विपश्यना ही अत्यंत तर्कसंगत आणि प्रभावी ध्यानपद्धती होती. त्यामुळे मला असे वाटले की, दोष या पद्धतीत नसून माझ्यातच आहे. कदाचित विपश्यनेतील अधिक सखोल अनुभवासाठी आवश्यक असलेली एकाग्रतेची पातळी मी गाठू शकलो नव्हतो.

एआय इमेज

'आळशी' अधिकारी आजही तंदुरुस्त आणि ऊर्जावान...

❶ या संदर्भात मला माझ्या आयएएस प्रशिक्षणातील एक अनुभव सांगावासा वाटतो. सन १९८५ मध्ये मसुरी येथे आयएएस प्रशिक्षणादरम्यान आम्हाला सकाळच्या शारीरिक प्रशिक्षणासाठी क्रॉस-कंट्री धावणे किंवा योग यापैकी एक पर्याय निवडण्याची संधी देण्यात आली होती.

❷ **आम्ही सर्वजण तरुण आणि उत्साही असल्यामुळे बहुसंख्य प्रशिक्षणार्थींनी पीटीची निवड केली.**

❸ केवळ सुमारे दहा आयएएस अधिकाऱ्यांनी योगाची निवड केली होती. त्या वेळी आम्ही योग निवडणाऱ्या त्या अधिकाऱ्यांना 'आळशी' समजत असू, कारण ते आमच्यासारखे जोमदार व्यायाम करत नव्हते.

❹ **परंतु आता, जवळपास चाळीस वर्षांनंतर, माझ्या अनुभवानुसार मी ठामपणे सांगू शकतो की, त्या दहा अधिकाऱ्यांनी नियमित योगाभ्यास सुरू ठेवला आणि आजही ते अत्यंत तंदुरुस्त व ऊर्जावान आहेत.**

❺ उलट, त्या काळात केवळ पीटी आणि धावण्यावर भर देणाऱ्या अनेक जणांना आता गुडघेदुखी, पाठदुखी तसेच शरीरातील कडकपणा यांसारख्या समस्या जाणवत आहेत. म्हणून माझा निष्कर्ष असा आहे की, दीर्घकालीन शारीरिक तंदुरुस्ती आणि आरोग्यासाठी योग अत्यावश्यक आहे.

लोकमत
सारांश
थोडक्यात... पण सखोल

इन्फोस्टोरी

मृत्यू म्हणजे शेवट की नवे जीवन..?

जंगलातील सुकलेली पाने, कोसळलेले वृक्ष किंवा समुद्रातील मृत प्रवाळ पाहिल्यास विनाशाचे चित्र डोळ्यांसमोर येते. मात्र निसर्गात मृत्यू हा शेवट नसून नव्या जीवनाची सुरुवात असू शकते, असे वैज्ञानिक अभ्यासातून समोर आले आहे. संशोधकांच्या मते, या प्रजाती मृत्यूनंतरही आपल्या अवशेषांमधून परिसंस्थेवर प्रभाव टाकतात. जंगलातील पाने, फांद्या कुजून जमिनीचे पोषण करतात, तर रिकामे शिंपले सागरी जीवांचे निवासस्थान बनतात. हेच अवशेष पुनर्निर्मिती प्रक्रियेत अडथळा आणत राहतात.

निसर्गाची 'स्मरणशक्ती' म्हणजे काय?

वैज्ञानिक या संपूर्ण प्रक्रियेला 'पारिस्थितिक स्मृती' असे म्हणतात. सोप्या भाषेत सांगायचे तर, एखाद्या जंगलात किंवा समुद्रात पूर्वी काय घडले होते, त्याचे ठसे तिथे राहतात. हे ठसेच पुढे त्या परिसंस्थेचे भवितव्य ठरवतात. म्हणूनच एखादे झाड पडले किंवा प्रवाळ नष्ट झाले, तरी त्याची कहाणी तिथेच संपत नाही.

संशोधनपर अभ्यासात काय आढळले?

संशोधकांनी झाडे, गवत, शिंपले आणि प्रवाळ यांसारख्या 'आधारभूत प्रजातीं'चा अभ्यास केला. या प्रजाती परिसंस्थेची रचना आणि अस्तित्व टिकवून ठेवण्यात महत्त्वाची भूमिका बजावतात. संशोधनात अभ्यासलेल्या दहा परिसंस्थांपैकी नऊ ठिकाणी मृत अवशेषांचा प्रभाव स्पष्टपणे दिसून आला. काही परिस्थितीत हेच अवशेष पुनर्निर्मितीच्या प्रक्रियेला अडथळाही ठरू शकतात.

मृत्यूमधूनच जन्मते नवे पोषक घटक, नवी हिरवाई



फ्लोरिडातील मॅन्ग्रोव्ह जंगलांमध्ये वादळानंतर पडलेली पाने आणि फांद्या झाडांच्या मुळांभोवती साचतात. त्यातून मिळणाऱ्या पोषक घटकांमुळे नवीन रोपे झपाट्याने वाढतात. न्यू इंग्लंडमधील जंगलांमध्ये उभे असलेले मृत वृक्ष जमिनीतील आर्द्रता टिकवून ठेवतात. त्यामुळे नव्या वनस्पतींसाठी योग्य वातावरण तयार होते.

घनदाट जंगलात काही ठिकाणी ठरतो अडथळा

प्युएर्तो रिकोतील काही घनदाट व गर्द जंगलांमध्ये वादळानंतर इतकी पाने आणि फांद्या साचतात की जमिनीवरील लहान रोपांपर्यंत झुडपांपर्यंत सूर्यप्रकाश पोहोचत नाही. त्यामुळे नवीन झाडांची वाढ मंदावते. समुद्रातही असेच घडते. उष्णतेच्या लाटांमुळे प्रवाळ मेल्यानंतर त्यांच्या अवशेषांवर शेवाळ वाढते. हे शेवाळ नव्या प्रवाळांच्या वाढीस अडथळा ठरू शकते. याने अन्य सामुद्री जीवांवर प्रभाव पडते

जागतिक हवामान बदलामुळे जीवसृष्टी धोक्यात

हवामान बदलामुळे जगभरात वादळे, जंगलातील आगी आणि उष्णतेच्या लाटा वाढत आहेत. त्यामुळे मोठ्या प्रमाणात जीवसृष्टी नष्ट होण्याच्या घटना वाढू शकतात. अशा वेळी मृत जैविक अवशेष नैसर्गिक परिसंस्थांवर कसा प्रभाव टाकतात, हे समजून घेणे अधिक महत्त्वाचे ठरणार आहे. हे संशोधन म्हणून महत्त्वाचे ठरत आहे.

एआय अपडेट

चिनी 'मिनी डीपसीक मोमेंट'ची जगात चर्चा

चीनच्या 'झेड डॉट एआय' या स्टार्टअपने विकसित केलेले जीएलएम-५.२ हे नवीन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआय) मॉडेल चर्चेत आले आहे. कमी खर्चात उच्च कामगिरी देणारे हे मॉडेल 'मिनी डीपसीक मोमेंट' म्हणून ओळखले जात आहे.

कमी खर्चात कोडिंग अन् एजंट टास्कची कामे

जीएलएम-५.२ मॉडेल कमी खर्चात कोडिंग आणि गुंतागुंतीची कामे (एजंट टास्क) पार पाडण्याच्या क्षमतेसाठी ओळखले जाते. काही तज्ज्ञांच्या मते, त्याची कामगिरी ओपनएआय, अँथ्रोपिक यांच्या प्रगत मॉडेल्सच्या अगदी जवळ पोहोचली आहे.

डेव्हलपर समुदायात वाढती लोकप्रियता

'ओपन राउटर'सारख्या थर्ड पार्टी प्लॅटफॉर्मवर या मॉडेलचा वापर झपाट्याने वाढला असून काही वेळा ते अँथ्रोपिकच्या मॉडेल्सपेक्षा वरच्या क्रमांकावरही दिसत आहे. त्यामुळे जागतिक डेव्हलपर समुदायात याच्या कार्यपद्धती, रचनेविषयी उत्सुकता आहे.

एआय स्पर्धेत चीनची मजबूत पकड

तज्ज्ञांच्या मते, OpenAI आणि Anthropic सारख्या कंपन्यांच्या महागड्या मॉडेल्सला पर्याय म्हणून स्वस्त आणि सक्षम मॉडेल्सची मागणी वाढत आहे. त्यामुळे चीनची AI क्षेत्रातील उपस्थिती अधिक मजबूत होत असल्याचे संकेत मिळत आहेत.

डेटा सुरक्षा आणि विश्वासाचा मुद्दा

अमेरिका आणि युरोपमधील अनेक कंपन्या डेटा सुरक्षा आणि राजकीय कारणांमुळे चीनी एआय मॉडेल्स स्वीकारण्याबाबत सावध भूमिका घेत आहेत. विशेषतः बँकिंग आणि सायबरसुरक्षा क्षेत्रात अडथळे कायम आहेत. या कंपन्यांना ही चीनची घुसखोरी वाटते. अमेरिका, युरोपमध्ये याबाबत सतर्कता पाळली जात आहे.

एआय इमेज

एआय इमेज

हॉट-टॉपिक

चाळिशीनंतरचा शांत संघर्ष, स्वतःला शोधण्याचा प्रवास

करिअर, कुटुंब आणि जबाबदाऱ्यांमध्ये स्थिरता आली, तरी अनेकांना मानसिक पोकळी, असुरक्षितता आणि उत्साह कमी झाल्याची भावना जाणवते. मात्र, हा टप्पा काही संकट नसतो, तर स्वतःला नव्याने ओळखण्याचा, आवडीनिवडीसोबत बदल स्वीकारण्याचा आणि नव्या उमेदीने आयुष्य जगण्याचा मार्ग देखील दाखवू शकतो.

अनिकेत स्वराज
एचआर व्यावसायिक, विधिज्ञ आणि पॉश प्रशिक्षक

रात्री साडेअकराची वेळ. घरात सगळे झोपलेले. हॉलमध्ये फक्त मोबाइलच्या स्क्रीनचा उजेड. हात सतत सोशल मीडियावर स्क्रोल करत असतो; पण मन मात्र कुठेतरी हरवलेले असते.

"आता कामात पूर्वीसारखा उत्साह वाटत नाही..."

"इतकी वर्षे धावलो, पण नेमकं मिळवलं काय?"

"पुढची दहा वर्षे अशीच जाणार का?"

चाळिशीनंतर अनेक कर्मचारी करिअरमध्ये स्थिर असतात; पण मनाने हरवलेले असतात. बाहेरून सर्व काही व्यवस्थित दिसत असते. स्थिर नोकरी, घर, गाडी, कुटुंब. पण आतून मात्र एक विचित्र पोकळी वाढत असते. यालाच अनेक जण "मिडलाइफ क्रायसिस" म्हणतात. प्रत्यक्षात हा केवळ संकटाचा टप्पा नसतो; ती स्वतःकडे नव्याने पाहण्याची वेळ असते.

४३ वर्षीय मिलिंद एका बहुराष्ट्रीय कंपनीत वरिष्ठ पदावर काम करतो. पगार चांगला, घर व्यवस्थित, मुलांचे शिक्षण सुरू. पण अलीकडे अप्रायजल दरम्यान त्याला प्रथमच स्वतःची जागा असुरक्षित वाटली. त्याच्या टीममध्ये आलेले तरुण कर्मचारी नव्या तंत्रज्ञानात अधिक वेगाने काम करत होते. मीटिंगमध्ये तो शांत राहू लागला. ऑफिसमधून घरी आल्यावर तो थेट मोबाइलमध्ये हरवून जायचा. पत्नी बोलायची, मुलं काही विचारायची; पण त्याचे लक्ष कुठेच नसायचे. त्याला थकवा कामामुळे नव्हता; तर सतत मजबूत दिसण्याच्या प्रयत्नामुळे होता.

करिअरच्या सुरुवातीला प्रत्येक गोष्टीत धडपड असते. स्वतःला सिद्ध करायचे असते, पुढे जायचे असते, स्वप्ने मोठी असतात. पण १५-२० वर्षे सतत धावत राहिल्यानंतर आयुष्याचा वेग बदलतो. जबाबदाऱ्या वाढतात. मुलांचे शिक्षण, वृद्ध होत चाललेले आई-वडील, आरोग्याच्या तक्रारी, कर्जाचे हप्ते आणि त्याच वेळी करिअरमध्ये आलेली स्थिरता किंवा काही वेळा ठप्पपणा हे सगळे एकाच वेळी समोर उभे राहते.

या वयात अनेक जण घर आणि ऑफिसमधील "शॉक अब्झॉर्बर" बनतात. ऑफिसमधील ताण घरी दाखवता येत नाही आणि घरातील चिंता ऑफिसमध्ये व्यक्त करता येत नाही. त्यामुळे मन हळूहळू थकू लागते. अनेकांना स्वतःच्या भावनांनाही शब्द देता येत नाहीत. घरात माणसं असतात; पण संवाद कमी होत जातो. काही जण शांत होतात, काही चिडचिडे होतात, तर काही जण स्वतःलाच कामात किंवा स्क्रीनमध्ये हरवून टाकतात.

मोबाइल, वेब सिरीज, सतत सोशल मीडिया किंवा निरर्थक व्यस्तता हे अनेकदा वास्तवापासून दूर जाण्याचे शांत मार्ग बनतात. कारण काही वेळा सत्याला सामोरे जाणे कठीण वाटते. "मी खरोखर आनंदी आहे का?" हा प्रश्न टाळण्यासाठी माणूस स्वतःलाच व्यस्त ठेवू लागतो.

या काळात तुलना आणखी वेदनादायक ठरते.

"तो माझ्यापेक्षा पुढे गेला..."

"मी दुसरा निर्णय घेतला असता तर?"

"आता नवीन सुरुवात करायला उशीर तर झाला नाही ना?"

कॉर्पोरेट क्षेत्रात अनेक कर्मचाऱ्यांना एका टप्प्यानंतर स्वतःचा रिलेव्हन्स कमी होत असल्याची भीती वाटू लागते. काहींना असे जाणवते की अनुभवापेक्षा वेग आणि तंत्रज्ञानाला अधिक महत्त्व दिले जात आहे. एआय, ऑटोमेशन आणि बदलणारी कौशल्ये यामुळे असुरक्षितता वाढते. अनेक जण नोकरी करत असतात; पण मनाने आधीच थकलेले असतात.

एआय इमेज

पण या टप्प्याकडे केवळ नकारात्मक नजरेने पाहण्याची गरज नाही. कारण आयुष्याचा हा काळ स्वतःला नव्याने समजून घेण्याची संधीही देतो. चाळिशीनंतर माणूस अधिक वास्तववादी होतो. लोकांना खूश करण्यापेक्षा स्वतःला समजून घेण्याची गरज त्याला जाणवू लागते. "मी नेमकं कोणासाठी धावत होतो?" हा प्रश्न जीवनाचा नवा अर्थ शोधायला भाग पाडतो.

या काळात काही गोष्टी जाणीवपूर्वक बदलणे आवश्यक असते. नवीन कौशल्य शिकणे, आरोग्याकडे लक्ष देणे, अनुभवाचा उपयोग इतरांना मार्गदर्शनासाठी करणे, आणि सर्वात महत्त्वाचे म्हणजे स्वतःसाठी वेळ काढणे. करिअर ही आयुष्याची ओळख असू शकते; पण तीच संपूर्ण आयुष्य नसते, हे हळूहळू समजू लागते.

अनेक जण या टप्प्यावर स्वतःच्या आवडी पुन्हा शोधतात. काहींना लेखन सापडते, काहींना संगीत, काहींना प्रवास, तर काहींना समाजासाठी काम करण्यात नवा अर्थ सापडतो. आयुष्याची दुसरी इनिंग ही पुन्हा सुरुवात करण्याची संधी असू शकते.

चाळिशीनंतर आयुष्य संपत नाही; उलट पहिल्यांदाच माणूस स्वतःला खऱ्या अर्थाने भेटायला सुरुवात करतो. सतत धावत राहणे म्हणजेच यश नसते. काही वेळा थांबून स्वतःकडे पाहणेही तितकेच आवश्यक असते. कारण आयुष्याच्या या टप्प्यावर माणूस करिअरपेक्षा स्वतःला समजून घेण्यासाठी जगायला शिकत असतो.

लाइफ हॅक्स

एजंट खरा आहे का? पॉलिसी घेण्यापूर्वी तपासा

विमा पॉलिसी घेणं म्हणजे फक्त प्रीमियम भरणं नाही, तर कुटुंबाच्या आर्थिक सुरक्षिततेची जबाबदारी घेणं आहे. मात्र आजकाल बनावट विमा एजंट, खोटी आश्वासनं आणि बनावट पॉलिसींच्या घटनाही वाढत आहेत. अनेक जण प्रीमियम भरतात, पण गरजेच्या वेळी समजतं की पॉलिसीच वैध नाही. म्हणूनच विमा पॉलिसी खरेदी करण्यापूर्वी एजंट अधिकृत आहे का, याची पडताळणी करा. फक्त दोन मिनिटांची पडताळणी तुम्हाला मोठ्या आर्थिक फसवणुकीपासून वाचवू शकते. ठरू शकतात.

यामुळे काय प्रश्न सुटतो?

बनावट विमा एजंट ओळखता येतो. खोटी किंवा अवैध पॉलिसी घेण्याचा धोका कमी होतो. प्रीमियमची फसवणूक टाळता येते. योग्य आणि नोंदणीकृत एजंटकडूनच पॉलिसी घेता येते.

काय करायचं?

विमा पॉलिसी घेण्यापूर्वी एजंटचा परवाना क्रमांक (Licence Number / URN) मागा आणि तो विमा नियामकाच्या नोंदीत तपासा.

एआय इमेज

कसे कराल?

१ एजंटचा परवाना क्रमांक मागा. प्रत्येक अधिकृत विमा एजंटकडे वैध परवाना क्रमांक असतो.

२ **IRDAI च्या Agent Locator वर पडताळणी करा. एजंटचा परवाना क्रमांक टाकून तो अधिकृत आहे का ते तपासून घ्या. हे पाहणे महत्त्वाचे आहे.**

३ एजंट कोणत्या विमा कंपनीशी संलग्न आहे, तो ज्या कंपनीची पॉलिसी विकत आहे, त्या कंपनीचा अधिकृत प्रतिनिधी आहे का खात्री करा.

४ **प्रीमियम फक्त अधिकृत माध्यमातून भरा. रोख रक्कम किंवा वैयक्तिक खात्यावर पैसे पाठवू नका. नेहमी विमा कंपनीची अधिकृत पेमेंट पद्धतीच वापरा. ती सुरक्षित असते.**

५ पॉलिसी मिळाल्यानंतर तुमचे नाव, प्रीमियम, विमा रक्कम व इतर माहिती योग्य आहे का ते तपासा.

महत्त्वाची सूचना

कोणताही एजंट अवास्तव परताव्याचं आश्वासन देत असेल, लगेच पैसे भरा असे सांगत असेल, वैयक्तिक खात्यात पैसे जमा करण्यास सांगत असेल, तर सावध राहा. फसवणूक असू शकते.

फायदेशीर सूचना

प्रीमियम भरल्यानंतर अधिकृत पावती घ्या. पॉलिसी दस्तऐवज संकेतस्थळावर किंवा ग्राहक केंद्रावरून पडताळून पाहा.

वाचन वाटा

जे न लिहिलं, तेच सर्वाधिक बोलतं...!

महेंद्र तेरेदेसाई
दिग्दर्शक, कला समीक्षक

अर्नेस्ट हेमिंग्वेच्या 'आइसबर्ग' सिद्धांताचे हे आहेत तीन महत्त्वाचे आधार

अर्नेस्ट हेमिंग्वे तुम्हाला माहीत असेलच. 'द ओल्ड मॅन अँड द सी' वाला. त्याने लेखनाचा एक महत्त्वाचा सिद्धांत मांडला - 'आइसबर्ग थिअरी...' लेखकाने हिमनगासारखं लिहावं. वरकरणी साधं, सोपं; पण आतून सखोल. हिमनगाचा फक्त एक छोटासा भाग पाण्याबाहेर दिसतो, त्याचा खरा विस्तार पाण्याखाली दडलेला असतो. उत्तम लेखनाचंही तसंच असतं.

साहित्याचं नोबेल स्वीकारताना हेमिंग्वेने लिहिलेल्या भाषणात तो म्हणतो, 'लेखन हे नेहमी एकांतातच होतं. लेखकांच्या संघटना तुमचा एकाकीपणा कदाचित कमी करतील; पण तुमचं लिखाण सुधारण्यात त्या कितपत उपयोगी पडतील, याची मला शंका आहे. जसजशी लेखकाची सार्वजनिक प्रतिष्ठा वाढत जाते, तसतसा त्याच्या लिखाणाचा दर्जा कमी होत जातो. आधीच्या महान लेखकांमुळेच एखादा लेखक स्वतःच्या क्षमता वाढवण्यास प्रवृत्त होतो व तो अशा एका निर्जन प्रदेशात जातो, जिथे त्याला मदत करणारं कोणीही नसतं.'

लेखकाला मदत करणारं कोणी नसतं, तेव्हा त्याच्या मदतीला येते ती त्याची 'आइसबर्ग थिअरी'.

आज माहितीचा भडिमार वाढला आहे आणि वाचकांचा लक्ष केंद्रित ठेवण्याचा कालावधी कमी झाला आहे. त्यामुळे अनेकदा लेखन अति-स्पष्ट होतं. पण प्रत्येक गोष्ट चघळून सांगणं म्हणजे वाचकाच्या बुद्धीचा अपमानच. चांगलं लेखन वाचकाला विचार करायला भाग पाडतं. हेमिंग्वे म्हणायचा, 'कथेचा अर्थ वरकरणी स्पष्ट नसावा; तो जाणवला पाहिजे.'

सखोल ज्ञान

लेखकाला आपल्या विषयाचं पूर्ण आकलन असलं, तर प्रत्येक गोष्ट शब्दांत सांगण्याची गरज राहत नाही.

उदाहरणार्थ : इंदुने आपल्या मृत वडिलांच्या कपाटातून जुना शर्ट बाहेर काढला. तो जवळ घेत तिने त्याचा वास घेतला आणि पुन्हा घडी घालून जागेवर ठेवला.

इंदुचं आपल्या मृत वाडिलांवर प्रेम आहे आणि आज ती त्यांना खूप मिस करते आहे. त्यांच्याबरोबरचा तिचा सहवास ती विसरायला तयार नाही. लेखक हे सगळं स्पष्टपणे न सांगता तुम्हाला कळतं. ह्यात लेखकाचं कसब दिसतं. कमी व्यक्त होत सखोल परिणाम साधायचा.

अनावश्यक गोष्टी टाळणे

लेखनाचं संपादन म्हणजे फक्त शब्द कमी करणं नव्हे; तर अनावश्यक तपशील बाजूला करणं. असं केल्यावर दोन वाक्यांमधल्या पोकळीत वाचकाला विचार करण्याची जागा मिळते. तो स्वतः अर्थ शोधू लागतो.

उदाहरणार्थ : सागर तो मेसेज वाचून खूप चिडला. त्याचा त्या मेसेजवर विश्वासच बसेना. त्याने आपला मोबाइल जोरात गादीवर फेकला आणि चिडून तो घराबाहेर पडला.

आता हाच प्रसंग आइसबर्ग थिअरीनुसार पाहा -

सागरने तो मेसेज दोनदा वाचला. त्यावर कुठलीच प्रतिक्रिया न देता त्याने फोन बंद केला आणि काहीही न बोलता घराचा दरवाजा आपटून तो बाहेर पडला.

या दुसऱ्या उदाहरणात 'सागर चिडला' हे लेखक सांगत नाही. त्याचं मौन आणि दरवाजा आपटून बाहेर पडणं त्याची मनःस्थिती सांगून जातं. अनेकदा शांतता आणि मौन खूप काही बोलून जातात.

वाचकांच्या बुद्धीला चालना देणे

हेमिंग्वे म्हणतो, माणसाचा मेंदू सतत अर्थ शोधत असतो. म्हणून लेखकाने प्रत्येक भावना समजावून सांगू नये; संकेत द्यावेत. म्हणून एखादा प्रसंग लिहून त्याकडे वस्तुनिष्ठपणे पाहा. पुढचा शोध वाचकाला घेऊ द्या.

हेमिंग्वे तुम्ही काय विचार करावा, हे सांगत नाही; पण तो विचार करण्याची दिशा नक्की देतो.

लेखक म्हणून तुमचं एवढंच कर्तव्य असतं की तुम्ही निर्माण केलेल्या जगाच्या बाहेर वाचकाला जाऊ द्यायचं नाही. वरवर वाचणाऱ्यांसाठी ते सोपं असायला हवं आणि लक्षपूर्वक वाचणाऱ्यांना ते वाचून समाधानही मिळावं.

एआय इमेज

अयोध्या का मामला देश के बड़े धार्मिक स्थलों में चढ़ावे की चोरी की लंबी शृंखला की नई कड़ी है। तिरुपति, शिरडी, सिद्धिविनायक और जगन्नाथ पुरी, सभी प्रमुख मंदिर इस संकट से गुजर चुके हैं। पिछले दिनों समाजवादी पार्टी के नेता पवन पांडेय ने प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया था कि अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे से पांच से साढ़े सात करोड़ रुपए की चोरी हुई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आरोप से इनकार किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। मंदिर के भीतर के कर्मचारियों की बदली हुई जिंदगी की खबरें सोशल मीडिया पर छाई हुई थीं। एक चालक के पास 50 करोड़ रुपए की संपत्ति, एक कार मिस्त्री का करोड़ों का मकान, एक कर्मचारी की जेब से अमेरिकी डालर। लेकिन अभी ये सभी साबित होने बाकी हैं। इसके बाद एसआइटी बनी, गिरफ्तारियां हुईं। मंदिरों की हुंडियों में चोरी पर सरोकार की पड़ताल

देश के कई मंदिरों में श्रद्धालुओं के जरिए आता है करोड़ों रुपए का चढ़ावा कमजोर निगरानी तंत्र से भ्रष्टाचारियों की भेंट चढ़ जाती है आस्था की पूंजी

हुंडी में लागा चोर

तेरह जून को ट्रस्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चढ़ावा चोरी मामले में एसआइटी जांच का अनुरोध किया। राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय एसआइटी बनाई। इसमें हैं-लखनऊ के मंडलायुक्त आइएएस विजय विश्वास पंत, आइजी किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन। सात पेन ड्राइव में सबूत जमा हुए। 150 संदिग्धों के नाम सामने आए। आठ गिरफ्तारियां हुईं। दो करोड़ रुपए की वसूली हुई। एसआइटी को जांच के लिए और 15 दिन मिले। प्रारंभिक अनुमान यह है कि यह घोटाला 200 करोड़ रुपए से अधिक का हो सकता है। सीसीटीवी से पता चला कि आठ आरोपियों में से पांच चढ़ावे की रकम को हटा और छुपा रहे थे।

14 हजार तनख्वाह, 50 करोड़ की संपत्ति!

मंदिर में चढ़ावा गिनने का काम 50 कर्मचारियों का था। तीन श्रेणियों में-24 नकद काउंटर (प्राइवेट एजंसी से, 14,500 रुपए मासिक), 12 ट्रस्ट कर्मचारी (पर्यवेक्षण) और 14 बैंक लेखा परीक्षण टीम (एसबीआइ स्टाफ टीसीएस)। जांच में जो नाम सबसे पहले उभरे, वे चौंकाने वाले हैं।

चंपत राय के ड्राइवर टिन्नू यादव पर 50 करोड़ रुपए की संपत्ति के दावे हुए, लेकिन एसआइटी जांच में अब तक मात्र एक लाख रुपए बरामद हुए। योग केंद्र चलाने वाले अविनाश शुक्ला अब सबसे प्रमुख जांच के घेरे में है। 24 घंटे रिमांड पर है। एक कर्मचारी की जेब से अमेरिकी डालर निकले। ये सब वे लोग हैं जो मंदिर में चढ़ावा गिनते थे। इनका वेतन 14,000 से 20,000 रुपए मासिक था।

लेकिन देश में राम मंदिर अकेला नहीं है। तिरुपति में एक बाबू ने 20 साल में 100 करोड़ रुपए उड़ाए। सिद्धिविनायक के न्यासियों ने सात सितारा होटल में बैठक की। यह केवल चोरी का मामला नहीं, यह उस व्यवस्था की कहानी है जहां आस्था सबसे बड़ी पूंजी है और नियंत्रण सबसे बड़ी कमजोरी।

रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का ड्राइवर था और दानपात्र को भूतल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संभालता था। सोशल मीडिया पर दावे हुए थे कि उसके पास 50 करोड़ रुपए की संपत्ति है, लेकिन एसआइटी की अब तक की जांच में यह साबित नहीं हुआ। टिन्नू के पास से अब तक मात्र एक लाख रुपए नकद ही बरामद हुए हैं। उसका भतीजा मनीष यादव नकदी गणना टीम का सदस्य था, उसके घर से 36 लाख रुपए नकद मिले। अविनाश शुक्ला इस समय जांच के सबसे प्रमुख घेरे में हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार अविनाश को 24 घंटे की पुलिस रिमांड पर लिया गया। उसके योग केंद्र से रामराज्य कोष नाम का दानपात्र मिला, जिस पर एक क्यूआर कोड लगा था, यानी भक्तों का पैसा सीधे उसके खाते में जाता था। उसके पास से 20 लाख 39 हजार नकद रुपए और 1,121 अमेरिकी डालर बरामद हुए।

जांचकर्ताओं को उनसे धन के लेन-देन का पूरा नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों की जानकारी मिलने की उम्मीद है। करुणेश पांडे के पास थी दानपात्र से गणना कक्ष तक रकम पहुंचाने की जिम्मेदारी। इनके पास से 18.07 लाख रुपए बरामद हुए। अनुकल्प मिश्रा के पास 16.82 लाख रुपए, लवकुश मिश्रा के पास 14.25 लाख रुपए और रमाशंकर मिश्रा के पास 7.32 लाख रुपए मिले।

जिसने बजाई सतर्क हो जाने की सीटी

ट्रस्ट के पूर्व मुख्य लेखा अधिकारी महिपाल सिंह ने दावा किया कि यह सिलसिला साल 2020-21 से चल रहा है। नकद काउंटर पर जानबूझकर वाउचर में कुछ लाख कम दर्ज करते थे। सोने-चांदी के दस बक्से बिना प्रविष्टि के ले जाए गए। जब उन्होंने चंपत राय और गोपाल राव से शिकायत की तो अगले दिन उनकी छुट्टी कर दी गई और सात-आठ महीने की सीसीटीवी फुटेज गायब कर दी गई।

चंपत राय : तीन घंटे की पूछताछ, जवाब नहीं

एक रपट के अनुसार, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से एसआइटी ने करीब तीन घंटे तक कड़े सवाल पूछे। सवाल थे : इतनी उच्च और अत्याधुनिक सुरक्षा के बावजूद दानपेटी से चोरी कैसे हुई? चढ़ावे की रोजाना निगरानी कौन करता था? क्या पहले भी शिकायतें मिली थीं? चंपत राय ने कहा -जैसे ही गड़बड़ी का पता चला, उन्होंने एफआइआर कराई। लेकिन कुछ रिपोर्ट से पता चलता है कि 27 मई को ही मामला ट्रस्ट और पुलिस के संज्ञान में था और पूरे दस दिन तक कुछ नहीं हुआ।

देश में कोई भी प्रमुख मंदिर विवादों से अछूता नहीं रहा है। तिरुपति में कर्मचारियों और स्वयंसेवकों से जुड़ी चोरी की घटनाओं के बाद वर्षों से प्रवेश नियंत्रण, सतर्कता और निगरानी को सख्त किया गया है। जगन्नाथ पुरी में, रत्न भंडार विवाद मंदिर की कीमती वस्तुओं की अभिरक्षा और सूची को लेकर केंद्रित था, जिसके परिणामस्वरूप अंततः न्यायालय द्वारा निर्देशित जांच और नई सूचियां तैयार की गईं।

काशी विश्वनाथ में, दान को पुजारियों को सीधे देने के बजाय आधिकारिक चैनलों के माध्यम से भेजने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है, जबकि सिद्धिविनायक को समय-समय पर शासन और वित्तीय प्रबंधन को लेकर जांच का सामना करना पड़ा है।

राम मंदिर से जुड़े आरोपों की जांच अभी जारी है और किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका है। लेकिन भारत के पुराने मंदिरों के अनुभव से पता चलता है कि संस्थागत सुरक्षा उपाय रातोंरात नहीं बनते। आज जो कई प्रणालियां सामान्य लगती हैं, निगरानी के कई स्तर, निर्धारित प्रक्रियाएं, स्वतंत्र सत्यापन और वैधानिक जवाबदेही, उन्हें पहले के विवादों में उजागर हुई कमियों के बाद ही मजबूत किया गया था।

> **राम** मंदिर से जुड़े आरोपों की जांच अभी जारी है और किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका है। लेकिन भारत के पुराने मंदिरों के अनुभव से पता चलता है कि संस्थागत सुरक्षा उपाय रातों-रात नहीं बनते।

चोरी का खेल कैसे होता है!

राम मंदिर मामले ने एक विशेष तरीका उजागर किया जो कई मंदिरों में काम करता है।

पहला तरीका- वाउचर में हेराफेरी : जितनी राशि गिनी जाती है, उससे कुछ लाख कम वाउचर में दर्ज किए जाते हैं। यह फर्क हर दिन छोटा होता है, लेकिन वर्षों में करोड़ों बन जाता है।

दूसरा तरीका- सोने-चांदी की चोरी : गहनों और सिक्कों को बिना प्रविष्टि के बाहर कर दिया जाता है। तिरुपति में रवि कुमार ने यही किया। गहने सूचीबद्ध ही नहीं किए। राम मंदिर में केडी तिवारी पर यही आरोप है।

तीसरा तरीका- सीसीटीवी से खिलवाड़ : राम मंदिर में 7-8 महीने की फुटेज गायब की गई।

चौथा तरीका- नकदी वैन से बैंक तक : रास्ते में हेराफेरी। एसआइटी ने कैश वैन से लेकर बैंक लाकर तक की पूरी प्रक्रिया के दस्तावेज जब्त किए।

तिरुपति बालाजी : 20 साल, 100 करोड़ रुपए, एक बाबू

आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में एक निचले स्तर के बाबू रवि कुमार ने 20 वर्षों में 13 हुंडियों से 100 करोड़ रुपए से अधिक की चोरी की। परकमानी काउंटिंग हाल में बैठकर वह धीरे-धीरे नकद को 'रियल एस्टेट' में लगाता गया। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने लोक अदालत के पुराने समझौते को रद्द कर सीआइडी को नई जांच का आदेश दिया। मंदिर प्रबंधन तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को 20 साल तक कुछ पता नहीं चला। यहां प्रतिदिन औसतन 6-7 करोड़ रुपए का चढ़ावा आता है। सालाना 2,200 करोड़ रुपए से अधिक। मंदिर के पास 14,000 करोड़ रुपए से अधिक का स्वर्ण भंडार है। इसकी निगरानी में एक साधारण बाबू ने दो दशक तक सेंधमारी की। यह व्यवस्था की विफलता का उदाहरण है।

सिद्धिविनायक : सात सितारा होटल, न्यासियों की मौज

मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में महाराष्ट्र सरकार 1981 से ट्रस्टी नियुक्त करती है। हिंदू जनजागृति समिति ने आरटीआइ से पता लगाया कि ट्रस्ट ने भक्तों के दान से ग्रैंड सेंट्रल शेरेटन मुंबई जो कि एक सात सितारा होटल है, में 'इंटरनेशनल टेंपल समिट' आयोजित की। करोड़ों रुपए मंत्रियों की कंपनियों में लगाए गए। बांबे हाईकोर्ट ने जांच समिति बिठाई। सिद्धिविनायक मंदिर में प्रतिवर्ष 100-125 करोड़ रुपए का चढ़ावा आता है।

जगन्नाथ पुरी : रत्न भंडार का रहस्य

ओड़ीशा के जगन्नाथ पुरी मंदिर का रत्न भंडार, जहां सोने-चांदी के गहने और बहुमूल्य वस्तुएं सुरक्षित रखी जाती हैं, दशकों से विवाद का केंद्र रहा है। यह कक्ष 1985 के बाद लंबे समय तक नहीं खुला था। 2024 में ओड़ीशा सरकार ने रत्न भंडार की जांच कर फिर से 'कैटलाग' करवाया। इसमें यह भी पता लगाने की कोशिश हुई कि पिछले दशकों में वास्तव में क्या-क्या था और अब क्या बचा है। हालांकि रिपोर्ट में कोई बड़ी चोरी की पुष्टि नहीं हुई।

वैष्णो देवी माडल : जब कायापलट हुआ

भारत में एक मंदिर ऐसा भी है जो बेहतर प्रबंधन का उदाहरण है। यह है वैष्णो देवी। साल 1988 में जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल जगमोहन ने एक कानून के जरिए वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की स्थापना की और मंदिर की व्यवस्था अपने हाथ में ली। श्राइन बोर्ड ने एक मेडिकल कालेज भी स्थापित किया। तब से कोई बड़ा वित्तीय घोटाला नहीं हुआ। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) माडल भी उल्लेखनीय है। यहां चढ़ावे से दिल्ली में श्री वेंकटेश्वर कालेज, इंजीनियरिंग, मेडिकल कालेज बने। मंदिर ने सरकार को धन उधार दिया। यह आस्था से विकास का माडल है। लेकिन इसी टीटीडी में रवि कुमार जैसा बाबू 20 साल तक चोरी करता रहा।

क्या हो समाधान : विशेषज्ञों की राय

वरिष्ठ कानून विशेषज्ञों की राय के अनुसार, मंदिर प्रबंधन सुधार के लिए कुछ बिंदु स्पष्ट हैं। पहला-पेशेवर सीईओ : राम मंदिर ट्रस्ट में भी टीटीडी की तर्ज पर एक पेशेवर मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त होना चाहिए। दूसरा-तकनीकी नियंत्रण : चढ़ावा गिनती में एआइ-सक्षम कैमरे, डिजिटल वाउचर जो तत्काल ट्रस्ट और बैंक दोनों को जाता हो। तीसरा- पारदर्शी लेखा : वार्षिक कैग आडिट और आनलाइन सार्वजनिक वित्तीय रिपोर्ट। चौथा-बिना जेब वाले कपड़े: गिनती करने वाले कर्मचारी ऐसे कपड़े पहनें, जिनमें जेब न हो-यह तिरुपति में बहस का विषय रहा है।

सिर्फ धन नहीं आस्था की भी होती है चोरी

भारत के मंदिरों में प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रुपए का चढ़ावा आता है। अकेले तिरुपति में 2,200 करोड़ रुपए, शिरडी में 600 करोड़ रुपए, सिद्धिविनायक में 125 करोड़ रुपए। यह धन भक्तों की आस्था का प्रतिनिधित्व करता है। जब इस आस्था की रक्षा करने वाली व्यवस्था ही खोखली हो, तो चोरी केवल धन की नहीं, विश्वास की भी होती है। राम मंदिर में जो हुआ, वह अधिक पीड़ादायक है क्योंकि यह मंदिर महज एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सदियों के संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है।

-प्रस्तुति : संजय शर्मा

राम मंदिर : अब तक रही है विश्वास पर आधारित व्यवस्था

जनसत्ता सरोकार

अयोध्या स्थित राम मंदिर एकमात्र ऐसा मंदिर नहीं है जहां बड़ी मात्रा में चढ़ावा स्वीकार किया जाता है। देश के बड़े मंदिरों में हर दिन, हजारों श्रद्धालु चुपचाप नोट मोड़कर मंदिर की हुंडी में डालते हैं, यह मानते हुए कि चढ़ावा देवता तक पहुंच गया है। इसके बाद एक सुनियोजित प्रक्रिया चलती है जिसमें अधिकृत कर्मचारी, गणना कक्ष, बैंक अधिकारी, लेखा परीक्षक और निगरानी कैमरे शामिल होते हैं। एक ऐसी प्रणाली जो तीर्थयात्रियों से काफी हद तक छिपी रहती है।

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के हालिया आरोपों ने उस छुपी हुई दुनिया को सार्वजनिक कर दिया है। लेकिन अयोध्या देश का एकमात्र ऐसा मंदिर नहीं है जहां भारी मात्रा में दान आता है। तिरुपति, जगन्नाथ पुरी, वैष्णो देवी, सिद्धिविनायक और काशी विश्वनाथ जैसे मंदिरों में हर साल सैकड़ों करोड़ रुपए का दान आता है। साथ ही सोना, चांदी और आभूषण भी आते हैं।

हुंडी से बैंक तक

बड़े मंदिरों में हुंडियों में रखे गए चढ़ावे को अधिकृत कर्मचारी उठाते हैं। गिनती केंद्रों में ले जाते हैं, जहां उन्हें नकद, सिक्कों और कीमती वस्तुओं में अलग-अलग किया जाता है। उनकी गिनती की जाती है और रिकार्ड किया जाता है। फिर उन्हें निर्धारित बैंक खातों में जमा किया जाता है। पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में होती है।

मंदिरों में अंतर दान की प्रक्रिया में नहीं, बल्कि इसे नियंत्रित करने वाली संस्थाओं में होता है। प्रत्येक चरण की निगरानी कौन करता है, दान संभालने वाले लोगों को कौन नियुक्त करता है, और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कौन से कानूनी और प्रशासनिक सुरक्षा उपाय मौजूद हैं।

अयोध्या के राम मंदिर में, लगभग 35 हुंडियों से प्राप्त दान को ट्रस्ट के अधिकारियों और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) के प्रतिनिधि सहित अधिकृत कर्मियों द्वारा खोला जाता है और तीर्थयात्री सुविधा केंद्र के भीतर एक गणना कक्ष में ले जाया जाता है।

वहां, एसबीआइ द्वारा बाहर से नियुक्त कर्मचारी और ट्रस्ट के कर्मचारी सेवानिवृत्त बैंकर सुभाष श्रीवास्तव की देखरेख में नकदी और आभूषणों की गिनती करते हैं, जबकि दान प्रक्रिया की समग्र जिम्मेदारी ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा की होती है। सत्यापन के बाद, एकत्रित राशि ट्रस्ट के एसबीआइ खाते में जमा कर दी जाती है।

तिरुपति : व्यापक ढांचा

विश्व में कुछ ही धार्मिक संस्थान तिरुमला की तरह बड़े पैमाने पर दान प्रक्रिया करते हैं, और इसकी प्रसिद्ध परकमानी प्रणाली इसी के अनुरूप विकसित हुई है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के स्थायी वित्त कर्मचारी, राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रतिनिधि और सावधानीपूर्वक जांचे-परखे स्वयंसेवक। जिनमें अधिकतर सेवारत या सेवानिवृत्त सरकारी और बैंक कर्मचारी होते हैं। मंदिर के सतर्कता विभाग द्वारा निगरानी किए जाने वाले व्यापक सीसीटीवी नेटवर्क के तहत दान प्रक्रिया करने के लिए एक साथ काम करते हैं।

मंदिर में बिना जेब वाले कपड़े पहने कर्मचारियों की मतगणना कक्ष में प्रवेश करने और बाहर निकलने से पहले तलाशी ली जाती है। नकदी की आवाजाही बख्तरबंद वाहनों द्वारा सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में की जाती है, जबकि प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में वित्त अधिकारियों, सतर्कता कर्मचारियों, बैंक प्रतिनिधियों और स्वयंसेवकों की पहुंच अलग-अलग होती है।

जगन्नाथ पुरी: प्रक्रिया को कानून में शामिल किया गया

पुरी में निर्धारित प्रक्रिया पर जोर दिया जाता है। मंदिर प्रशासक या किसी अधिकृत राजपत्रित अधिकारी की देखरेख में हुंडी खोली जाती है, जबकि प्रबंध समिति का एक सदस्य स्वतंत्र गवाह के रूप में कार्य करता है। प्रत्येक दान पेटी को खोलने से पहले और बाद में सील कर दिया जाता है। निर्धारित वैधानिक प्रपत्रों में प्रविष्टियां की जाती हैं। सीसीटीवी द्वारा दान के प्रबंधन की निगरानी की जाती है। नामित लेखा कर्मचारी बैंक खातों में जमा करने से पहले नकदी और मूल्यवान वस्तुओं के लिए वैधानिक पंजिका रखते हैं। मंदिर ने भुगतान गेटवे और ओड़ीशा की डिजिटल दान पेटी पहल के माध्यम से आधिकारिक दान चैनलों का भी विस्तार किया है।

वैष्णो देवी : कारपोरेट शैली का प्रशासनिक माडल

वैष्णो देवी मंदिर में दान प्रबंधन का स्वरूप मंदिर की सुनियोजित व्यवस्था के अनुरूप है। दान पेटियों को व्यक्तिगत न्यासियों या धार्मिक पदाधिकारियों के बजाय लेखा अधिकारियों, क्षेत्र प्रबंधकों और सुरक्षाकर्मियों से बनी समितियों द्वारा खोला जाता है। वित्त, सुरक्षा और संचालन संबंधी कार्य मंदिर बोर्ड के अधीन कार्यरत विशेष प्रशासनिक विभागों द्वारा संभाले जाते हैं। तीर्थस्थल के पहाड़ी इलाके को देखते हुए, बोर्ड मूल्यवान वस्तुओं को सुरक्षित रूप से स्थानांतरित करने के लिए बैटरी से चलने वाले वाहनों सहित विशेष परिवहन प्रणालियों का उपयोग करता है और जहां आवश्यक हो, हेलीकाप्टर सेवाओं का भी उपयोग करता है।

सिद्धिविनायक : गणना में चूक

मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में स्वतंत्र निगरानी गणना स्थल से ही शुरू हो जाती है। कोषाध्यक्ष पवन त्रिपाठी के अनुसार, मुख्य निधि प्रत्येक गुरुवार को एक कार्यकारी अधिकारी, एक न्यासी, एक बैंक प्रतिनिधि और एक लेखा परीक्षक की उपस्थिति में सीसीटीवी निगरानी में खोली जाती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कई स्वतंत्र हितधारक मतगणना प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को देख सकें। नकदी की गिनती की जाती है, बहीखातों में दर्ज की जाती है और निर्दिष्ट बैंक खातों में जमा करने के लिए ले जाई जाती है, जबकि भक्तों को आधिकारिक बैंकिंग और डिजिटल दान चैनलों तक भी पहुंच प्राप्त होती है।

काशी विश्वनाथ : सरकार प्रक्रिया के भीतर है

काशी विश्वनाथ मंदिर में, जिला प्रशासन जवाबदेही शृंखला का हिस्सा है। मंदिर की 56 दान पेटियों को एक उपविभागीय मजिस्ट्रेट की देखरेख में खोला जाता है, जबकि गिनती बैंक अधिकारियों और एक सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति में होती है। प्रत्येक लेनदेन के लिए जमा रसीदें तैयार की जाती हैं ताकि एक आडिट ट्रेल बनाया जा सके, जबकि आभूषणों का मूल्यांकन सरकार द्वारा अनुमोदित मूल्यांककों द्वारा सुरक्षित अभिरक्षण में लेने से पहले किया जाता है।

मंदिरों के लिए राज्य बनाते हैं विशेष कानून

भारत के ज्यादातर प्राचीन प्रमुख मंदिरों का प्रशासन राज्य सरकारों द्वारा बनाए गए विशेष कानूनों के तहत किया जाता है। टीटीडी आंध्र प्रदेश धर्मार्थ एवं हिंदू धार्मिक संस्था एवं बंदोबस्ती अधिनियम के अंतर्गत, जगन्नाथ मंदिर श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम के अंतर्गत, श्री माता वैष्णो देवी मंदिर जम्मू और कश्मीर श्री माता वैष्णो देवी मंदिर अधिनियम के अंतर्गत, सिद्धिविनायक मंदिर महाराष्ट्र के एक कानून के अंतर्गत, जो इसके ट्रस्ट को नियंत्रित करता है, तथा काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रशासन उत्तर प्रदेश श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अधिनियम के अंतर्गत किया जाता है। ये कानून शासी निकायों का गठन करते हैं। प्रशासकों की शक्तियों को परिभाषित करते हैं। वित्तीय प्रक्रियाओं को निर्धारित करते हैं।

विकास में संतुलन पर अनिश्चितता

प्रसंगवश

पीएस वोहरा

अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक आंकड़ों के बीच कुछ ऐसे सवाल भी उभर रहे हैं, जिन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अप्रैल, 2025 में लगभग 85 रुपए प्रति डालर के स्तर पर रहने वाली भारतीय मुद्रा एक वर्ष के भीतर करीब 96 रुपए प्रति डालर तक पहुंच गई है। भारतीय पूंजी बाजार से विदेशी निवेशकों की ओर से लगातार बड़े पैमाने पर धन निकासी का सिलसिला जारी है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के परिणामों ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी देश की आर्थिक क्षमता पर विश्वास को मजबूत किया है। मार्च 2026 को समाप्त आखिरी तिमाही में लगभग 7.8 फीसद की विकास दर दर्ज होना केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह उस आर्थिक लचीलेपन का प्रमाण है, जिसने अप्रत्याशित अमेरिकी शुल्क की अधिकतम दरों और फिर अमेरिका-इजराइल तथा ईरान युद्ध के बावजूद स्थिति को संभाले रखा। इन दोनों परिस्थितियों ने ऊर्जा संकट और वित्तीय निवेश संबंधी चिंताओं को बढ़ा दिया और यह स्थिति वर्तमान समय तक बनी हुई है। इन वैश्विक झटकों के बाद भी अगर भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपने विकास की गति को बनाए रखा है, तो यह आर्थिक नीतियों में भावी संभावनाओं के मद्देनजर किए गए बदलावों का असर हो सकता है। जैसे- जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाना और विभिन्न विकसित देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते। मगर इन सब प्रयासों के बीच कुछ ऐसे प्रश्न भी उभर रहे हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सकारात्मक तस्वीर

देश की सकारात्मक तस्वीर को और मजबूती भरतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) की हाल की मौद्रिक नीति समीक्षा से भी मिली है। आरबीआइ ने एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए आर्थिक गतिविधियों को अनावश्यक दबाव से बचाने का प्रयास किया है। बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद रेपो दर को 5.25 फीसद पर स्थिर रखना ये संकेत देता है कि केंद्रीय बैंक केवल महंगाई को नहीं, बल्कि व्यक्ति के हाथ में वित्तीय तरलता की आवश्यकताओं को भी समान महत्त्व दे रहा है। विशेष रूप से ऐसे समय में जब पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में लगातार वृद्धि ने घरेलू बजट और व्यावसायिक लागतों पर दबाव बढ़ाया है। यह निर्णय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्त्वपूर्ण सहारा माना जा सकता है।

आरबीआइ की ओर से विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के उद्देश्य से सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश पर पूंजीगत लाभ कर से संबंधी सौ फीसद राहत का निर्णय भी नीतिगत दृष्टि से बहुत उल्लेखनीय माना जाना चाहिए। इससे अनुमानित पचास अरब डालर तक की विदेशी पूंजी भारतीय ऋण बाजार की ओर आकर्षित होगी। यह केवल निवेश का प्रवाह नहीं होगा, बल्कि रुपए की स्थिरता, विदेशी मुद्रा भंडार की मजबूती और दीर्घकालिक वित्तीय संतुलन की दिशा में भी एक अहम कदम साबित हो सकता है। आरबीआइ के ये कदम यकीनन आने वाले वर्षों में रुपए के मूल्य में स्थिरता के लिए बहुत मजबूत नींव का काम करेंगे।

सवाल भी उभरे

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक आंकड़ों और नीतिगत प्रयासों के बीच कुछ ऐसे सवाल भी उभर रहे हैं, जिन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। मसलन, फरवरी 2026 में पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव और बाद में अमेरिका-इजराइल तथा ईरान के बीच संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित किया। युद्ध से पहले लगभग साठ डालर प्रति बैरल के आसपास रहने वाला कच्चा तेल बढ़कर लगभग 110 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गया। परिणामस्वरूप इसने देश का आयात खर्चा बढ़ा दिया और उससे चालू खाता घाटा भी बढ़ेगा ही। वर्तमान समय के अनुमानों के अनुसार, इसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 1.50 फीसद तक पहुंचने की संभावना बन गई है, जिसे बजट में सरकार ने 0.50 फीसद के आसपास माना था। इसी कारण सरकार ने देश के नागरिकों से तेल का कम उपयोग करने तथा सोने की खरीद से एक साल तक परहेज करने की सलाह दी। फिर एकाएक सोने पर सीमा शुल्क ग्यारह फीसद कर दिया और अब तक चार दफा पेट्रोल-डीजल के मूल्यों में बढ़ोतरी की। हालांकि यह बढ़ोतरी अभी तक दस रुपए प्रति लीटर से कम ही है, पर घरेलू गैस सिलेंडर के मूल्यों में एक बार 29 रुपए और फिर 60 रुपए भी बढ़ाए गए, जो महंगाई के रूप में आम जनता को प्रभावित कर रहा है।

इसके अलावा, सबसे ज्यादा प्रभाव भारतीय रुपए पर पड़ा है। अप्रैल, 2025 में लगभग 85 रुपए प्रति डालर के स्तर पर रहने वाली मुद्रा एक वर्ष के भीतर करीब 96 रुपए प्रति डालर तक पहुंच गई। लगभग तेरह फीसद की यह कमजोरी पिछले कई दशकों में देखे गए रुपए के प्रमुख अवमूल्यनों में से एक मानी जा सकती है। यही कारण है कि मजबूत विकास दर के बावजूद भारत की गिनती पुनः विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में की जाने लगी है। रुपए की कमजोरी को आरबीआइ ने भी स्वीकार किया है। इसी वजह से चालू वित्तीय वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान 4.6 फीसद से बढ़ाकर पांच फीसद से अधिक कर दिया गया है, जबकि विकास दर का अनुमान 6.9 फीसद से घटाकर 6.6 फीसद कर दिया गया है।

विदेशी पूंजी की निकासी

एक अन्य चिंता का विषय भारतीय पूंजी बाजार से विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार बड़े पैमाने पर धन निकासी को लेकर है। विशेष रूप से देश का सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र बहुत अधिक दबाव में दिखाई दे रहा है। इसका मुख्य कारण है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) आधारित वैश्विक कंपनियों के तेजी से उभरने और निवेशकों की बदलती प्राथमिकताओं ने भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के मूल्यांकन पर बहुत असर डाला है। वर्तमान में भारत का निफ्टी आइटी सूचकांक बाइस फीसद से अधिक गिर चुका है। ये कमजोरी केवल बाजार का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि एआइ के क्षेत्र में तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बदलते वैश्विक परिदृश्य का संकेत भी है। एक अन्य महत्त्वपूर्ण संकेत देश के बैंकिंग क्षेत्र से सामने आया है। पांच करोड़ रुपए से अधिक की जमा, भारतीय बैंकिंग की कुल बैंक जमा का लगभग एक-तिहाई हिस्सा हो गई हैं, जबकि पहले से एक करोड़ रुपए से अधिक के जमा खातों का हिस्सा अभी पैंतालीस फीसद से भी अधिक है। निश्चित तौर पर ऐसा बैंकिंग में इन बड़ी जमा रकमों के लिए उच्च ब्याज दरों के कारण हुआ है।

निवेश बनाम बचत

आज बड़े जमाकर्ताओं के लिए बैंक जमा बहुत आकर्षक निवेश का विकल्प बन गया है। बैंक 7.5 से आठ फीसद तक का ब्याज इन्हें प्रदान कर रहा है। इस कारण इन जमाकर्ताओं के लिए शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड तुलनात्मक रूप से कम आकर्षक बन रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग की बचत भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है? इसके अलावा, आर्थिक स्थिरता के हिसाब से बहुत महत्त्वपूर्ण और जिस पर बहुत कम चर्चा हो रही है, वह है ऋण-जीडीपी के अनुपात का बढ़ जाना। ये बजट में अनुमानित किए गए 56.1 फीसद से बढ़कर वर्तमान में 57.85 फीसद तक पहुंच गया है। हालांकि ये वृद्धि ऋण के तेजी से बढ़ने की वजह से नहीं, बल्कि आर्थिक आधार के अपेक्षित गति से न बढ़ पाने के कारण है। मगर वर्ष 2030-31 तक ऋण-जीडीपी अनुपात को पचास फीसद तक लाने का सरकार का लक्ष्य अब पहले की तुलना में अधिक कठिन दिखाई देता है। इसलिए यह स्थिति स्पष्ट संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में भारत के लिए केवल विकास दर बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि रुपए की स्थिरता और विदेशी पूंजी निवेश के प्रवाह को विस्तार देना अधिक महत्त्वपूर्ण होगा।

उम्मीदों के बरक्स

वक्त की नब्ज

तवलीन सिंह

का करोच जनता पार्टी का प्रदर्शन पिछले दो हफ्ते से चल रहा है जंतर मंतर पर। सरकार को इस प्रदर्शन से तकलीफ हो रही है। हमारे तमाम बड़े राजनेता इस प्रदर्शन पर कुछ नहीं बोले हैं, क्योंकि बोले तो बोलें क्या और करें तो करें क्या। अब अगर शिक्षा मंत्री की नौकरी जाती है, तो ऐसा लगेगा कि नौजवानों के दबाव में ऐसा हुआ है। मगर यह अच्छा नहीं है कि देश के युवाओं की बात सुनी नहीं जा रही है।

करीब दस सालों बाद लंदन आई हूं। यह लेख वहीं से आ रहा है आपके पास। यहां एअर इंडिया की उड़ान से आई थी और हैरान हुई देख कर कि कितने भारतीय विदेश में घूमने लग गए हैं। मेरी उड़ान में तकरीबन सारे यात्री अपने ही देशवासी थे और सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात यह थी कि इनमें एक बड़ा समूह गुजराती महिलाओं का था जो पारंपरिक घाघरा-दुपट्टे पहने हुए थीं और जिनको अंग्रेजी का एक शब्द नहीं मालूम था। बहुत अच्छा लगा इनको देखकर इसलिए कि जब ऐसे लोग विदेश का सफर करने लगेंगे, तो उनकी अपने राजनेताओं से अपेक्षाएं भी अधिक होने लगेंगी। वे चीजें मांगने लगेंगे देश के मतदाता जो अभी तक उनको मिली नहीं हैं किसी भी सरकार से।

माना कि नरेंद्र मोदी के राज में विकास के तौर पर बहुत कुछ हुआ है, लेकिन आम लोगों के जीवन में इसका असर कम रहा है इसलिए कि शिक्षा और स्वास्थ्य की संस्थाओं में कोई परिवर्तन नहीं आया है, बल्कि स्कूल, अस्पताल और रोजगार के अवसर और भी बदतर हो गए हैं। संयोग नहीं है कि काकरोच जनता पार्टी का जो प्रदर्शन पिछले दो हफ्ते से चल रहा है जंतर मंतर पर, उनकी मांगें शिक्षा से जुड़ी हुई हैं। इस प्रदर्शन के बारे में आपको खबर कम ही मिली होगी, क्योंकि मीडिया ने जैसे इसको पूरी तरह अनदेखा कर दिया है, इससे ही जान जाइए आप कि सरकार को इस प्रदर्शन से तकलीफ हो रही है। हमारे तमाम बड़े राजनेता इस प्रदर्शन पर कुछ नहीं बोले हैं, क्योंकि बोले तो बोलें क्या और करें तो करें क्या। अब अगर शिक्षा मंत्री की नौकरी जाती है, तो ऐसा लगेगा कि नौजवानों के दबाव में ऐसा हुआ है। मगर यह अच्छा नहीं है कि देश के युवाओं की बात सुनी नहीं जा रही है।

लंदन उन विदेशी महानगरों में है जहां हर जगह आपको दिखेंगे नौजवान भारतीय काम करते हुए। यहां तक कि हवाईअड्डे पर जो पासपोर्ट जांच करते हैं, वे भी अब भारतीय हैं। कभी वह जमाना था जब अपने देसी भाई-बहन हवाईअड्डे पर सिर्फ सफाई कर्मचारी थे, लेकिन उनके बच्चे अब ऐसी नौकरियां कर रहे हैं जिनके लिए शिक्षित होना और कंप्यूटर की जानकारी होना जरूरी है। मैंने जब एक दो लोगों से पूछा कि वे देश वापस क्यों नहीं जाना चाहते हैं, तो उनका जवाब यही था कि जरूर जाते अगर उनकी कमाई उतनी होती कि इज्जत से जी सकें। हम जानते हैं कि अभी तक ऐसा नहीं हुआ है अपने देश में।

आर्थिक शरणार्थी हैं ये लोग। अफसोस की बात यह है कि हमारे सबसे शिक्षित लोग भी आर्थिक शरणार्थी बनने पर मजबूर हैं। एआइ के क्षेत्र में इतने भारतीय मूल के लोग मिलते हैं अमेरिका में कि भारतीयों के खिलाफ एक मुहिम-सी चलने लग गई है कैलिफोर्निया में। कोई राज की बात नहीं है कि अमेरिका की कई सबसे बड़ी कंपनियों को चलाते हैं भारतीय मूल के लोग। रही बात लंदन की, तो यहां बस गए हैं कई सबसे धनवान भारतीय। निवेश करते हैं भारत में, लेकिन वहां रहना नहीं पसंद करते हैं, क्योंकि जो सुविधाएं उनको लंदन में मिलती हैं, मुंबई और दिल्ली में नहीं मिलती हैं।

स्वच्छ सड़कें, सुंदर रिहाइशी इलाके और बड़े-बड़े पार्क जिनमें टहला जा सके बिना जहरीली वायु के और साफ पीने का पानी। ऊपर से हैं मनोरंजन के कई साधन। फिलहाल लंदन में विंबलडन चल रहा है जिसको देखने आते हैं कई देशों से लोग हर साल। हमारे देश में आइपीएल के अलावा कोई बड़ा अंतरदेशीय टूर्नामेंट नहीं होता है और जिस व्यक्ति ने इसको शुरू किया था, वह भी लंदन में रहता है जबसे उसको अपने देश के आला राजनेताओं ने देश से भगा दिया था। ललित मोदी ने हाल में कई पत्रकारों से बातें की हैं, जिसमें उन्होंने माना है कि उनकी जान को दाऊद इब्राहिम से खतरा था, लेकिन यह भी माना है कि कुछ राजनेता थे जिनको उनसे तकलीफ थी और क्रिकेट प्रशासन के कई आला अधिकारियों को भी।

मैं कोई नई बात नहीं कह रही हूं। हम सब जानते हैं कि हमने ऐसा देश बनाया है जिसमें आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने में निवेश नहीं किया। हम यह भी जानते हैं कि दोष है हमारे शासकों का, जिन्होंने अपने परिवारों का जीवन बेहतर बनाने के लिए खूब मेहनत की है, लेकिन इस कोशिश में इतना व्यस्त रहे हैं कि उनको भूल गए जिनके वे सेवक कहलाते नहीं थकते हैं। हमारे स्कूलों और अस्पतालों का क्यों सुधार करें, जब जानते हैं ये लोग कि उनके बच्चे तो निजी सुविधाओं का ही इस्तेमाल करने वाले हैं? बरसात और गर्मी के मौसम में क्यों शहरों और महानगरों की बेकार सुविधाओं को दुरुस्त करें। जब जानते हैं कि वे खुद जाने वाले हैं लंदन और न्यूयार्क में गर्मी की छुट्टियां मनाने?

दोष है तो हमारे राजनेताओं और शासकों का सबसे अधिक, लेकिन यह भी मानना पड़ेगा कि कुछ दोष हमारा भी है कि हम इन सारी चीजों को देखते हुए भी विरोध की आवाज नहीं उठाते हैं। हम मीडिया वालों को भी शर्मिंदगी से सिर झुकाना पड़ेगा इसलिए कि जब नौजवानों का प्रदर्शन चल रहा है पिछले दो हफ्ते से दिल्ली में, तब हम जानबूझ के उसके बारे में न लिख रहे हैं न टीवी पर चर्चा कर रहे हैं। काकरोच जनता पार्टी की खबरें लेनी हों, तो सोशल मीडिया पर जाना पड़ता है जहां दिखते हैं वे दुखी माता-पिता जिनके बच्चों ने नीट के पर्चों के बार-बार लीक होने से तंग आकर आत्महत्या कर ली है। इस सप्ताह अगर आपको मेरे लेख में ज्यादा कड़वाहट दिखती है, तो इसलिए कि जब किसी विदेशी महानगर में आती हूं, तो मुझे अपने देश की बदहाली बहुत तकलीफ देती है।

बिखरते रिश्ते

समाज

मोनिका शर्मा

यह चिंताजनक है कि इंटरनेट की असीमित दुनिया से जुड़े जोखिमों के बावजूद लोग अपनी व्यक्तिगत जानकारियां भी आभासी दुनिया में साझा करने से गुरेज नहीं करते। अर्थहीन दिखावे के इस बोझ के नीचे दबकर असली जीवन का प्रेमपगा साथ गुम होता जा रहा है। 'स्क्रीन' में सब कुछ सहेजने के चलन में इंसानी मन ने कुछ सहेजना ही बंद कर दिया है।

आभासी दुनिया के अत्यधिक इस्तेमाल से लोग अब अपने वास्तविक सामाजिक और पारिवारिक जीवन से दूर होने लगे हैं। इससे जहां अकेलापन और संवादहीनता बढ़ती जा रही है, वहीं मूल सृजनात्मकता और भरोसे का संकट भी पैदा हो रहा है। यह केवल मानवीय मनोभावों के मोर्चे पर पिछड़ने का सवाल नहीं है, बल्कि स्क्रीन के संसार में उपस्थिति दर्ज करवाने की सनक संबंधों में दरार से लेकर हिंसक बर्ताव और आपराधिक घटनाओं तक, हर पहलू से घातक सिद्ध हो रही है। 'रील' बनाने का जुनून अपनी ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्थलों पर मौजूद अन्य लोगों के लिए भी असुरक्षा और सहजता का कारण बन रहा है। गांवों से लेकर महानगरों तक आभासी दुनिया के जाल में फंसे लोगों की सोच और मनोभाव किस दिशा में जा रहे हैं, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

पिछले दिनों हरियाणा के कैथल में एक घटना सामने आई। यहां दुल्हन जयमाला की रस्म के दौरान बहुत देर तक नृत्य करने और सोशल मीडिया के लिए 'रील' बनाने में व्यस्त रही। बार-बार बुलाने के बाद भी दुल्हन जब मंच पर नहीं पहुंची, तो दूल्हा बिना शादी किए बारात लेकर लौट गया। देखने-सुनने में यह एक सहज घटना लगती है, पर वास्तव में यह सोशल मीडिया की लत की कड़वी हकीकत बताती है। हाल के वर्षों में ऐसी बहुत सी घटनाएं आभासी मंच पर जीवन के हर पल को परोसने के जुनून में सामाजिक-पारिवारिक संस्कारों से बढ़ती दूरी को दर्शाती हैं। सूखती संवेदनाओं के साथ ही 'रील' बनाने के मामले यहां तक कि जीवन छिन जाने और मुकदमेबाजी का कारण भी बन रहे हैं। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश में 'रील' बनाने से नाराज पति को छोड़कर एक महिला मायके चली गई। इस मामले का एक पक्ष यह रहा है कि पुलिस को दी गई शिकायत में महिला ने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। जांच में पता चला कि मामला सोशल मीडिया पर जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहने के कारण उपजे आपसी मतभेद से जुड़ा था।

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि गिनती के पलों में कुछ विशेष परोसने के फेर में व्यक्तिगत जीवन में कुछ भी व्यक्तिगत नहीं रहा है। वैवाहिक आयोजन भी अब सोशल मीडिया में प्रचार का साधन बन गए हैं। ऐसे में बहुत से दूल्हा-दुल्हन आभासी दुनिया के लिए सामग्री तैयार करने में व्यस्त रहते हैं और वास्तविक जीवन से जुड़े सगे-संबंधियों को भी नजरअंदाज कर देते हैं। तकनीक के फेर में फंसकर शादी के लम्हों को सहेजने से जुड़े पारंपरिक रीति-रिवाजों की असली रौनक और महत्त्व कम होते जा रहे हैं। विवाह के वीडियो के जरिए सोशल मीडिया में छा जाने का जुनून ऐसा है कि इसके लिए बाकायदा पहले से तैयारी की जाती है। दूल्हा-दुल्हन ही नहीं, बल्कि करीबी रिश्तेदार और मित्र भी ऐसे वीडियो की पहुंच और प्रभाव बढ़ाने के लिए आभासी दुनिया में नए चलन को लेकर सजग रहने लगे हैं।

इसके विपरीत पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत सार्थक संवाद के जरिए परिवारजनों से मिली छोटी-छोटी समझाइशें दिखावे से परे नए रिश्ते को मन से अपनाने की राह दिखाती हैं। शादी में शामिल होने आए सगे-संबंधियों से मेल-मिलाप के लिए समय निकालना सामाजिक परिवेश से जोड़ता है। मगर आज के समय में 'रील' बनाने की व्यस्तता स्नेह-शुभकामनाएं देने पहुंचे लोगों की उपेक्षा का कारण बन रही है। यह समझना आवश्यक है कि विवाह समारोह में वरमाला हो या विदाई की रस्म, हर रिवाज के साथ बहुत से भावनात्मक और सांस्कृतिक पक्ष भी जुड़े होते हैं। मनोवैज्ञानिक अध्ययन भी बताते हैं कि संवेदनाओं के धरातल पर पारंपरिक रीति-रिवाजों को निभाने से मन में सकारात्मक जुड़ाव की अनुभूति को बल मिलता है।

इस सच्चाई को समझना जरूरी है कि सिर्फ चंद पलों को कैमरे में कैद कर लेने से उम्रभर के संबंध को मजबूती नहीं मिल पाती है। बिखरते वैवाहिक संबंधों के बढ़ते आंकड़े इस हकीकत को सामने रखते हैं। फिर भी जमीनी जुड़ाव और परंपरागत शैली में होने वाली भारतीय शादियों पर 'रील' की आभासी दुनिया हावी होती नजर आती है। शादी समारोह में सब कुछ सहेजकर संसार को दिखाने का जाने कैसा जुनून है कि कोने-कोने की सजावट, दूल्हा-दुल्हन की पोशाक, गहने, भोजन और मेहमानों तक को इसमें शामिल किया जाता है।

यह चिंताजनक है कि इंटरनेट की असीमित दुनिया से जुड़े जोखिमों के बावजूद लोग अपनी व्यक्तिगत जानकारियां भी आभासी दुनिया में साझा करने से गुरेज नहीं करते। अर्थहीन दिखावे के इस बोझ के नीचे दबकर असली जीवन का प्रेमपगा साथ गुम होता जा रहा है। 'स्क्रीन' में सब कुछ सहेजने के चलन में इंसानी मन ने कुछ सहेजना ही बंद कर दिया है। इसलिए वैवाहिक जीवन के द्वार पर दस्तक देते हुए 'रील' को आकर्षक और कलात्मक बनाने के बजाय भावी जीवन को सुंदर एवं स्नेहमयी बनाने की सोच जरूरी है। अपनी खुशियों को खुद ही परेशानियों के स्याह घेरे में लाने वाले इस चलन पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है। तकनीक से घिरते जीवन में यह आवश्यक हो गया है कि मधुर स्मृतियों का लेखा-जोखा आभासी मंच पर नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन में मन के संदूक में संचित होना चाहिए। यह समझना मुश्किल नहीं है कि ऐसे भाव-चाव किसी वीडियो में समेटने भर के लिए नहीं होते। बिखरते सामाजिक मूल्यों और रिश्तों में बढ़ती कड़वाहट के मौजूदा हालात में आवश्यक है कि रीति-रिवाज और आपसी मेलजोल एवं संवाद का पुराना भाव फिर लौटे, ताकि जीवन के खास अवसरों पर दिखावे की चकाचौंध के बजाय आपसी स्नेह और सामाजिक-पारिवारिक मेल का भाव नजर आए।

मैदान में आमने-सामने

बाखबर

सुधीश पचौरी

बहसों में दो प्रकार के रामभक्त आमने सामने होते हैं। एक कहते हैं कि ये जो नए भक्त बन रहे हैं, छद्म भक्त हैं... मौसमी भक्त हैं..! नए भक्तों ने जवाब दिया कि आप लोगों की 'बगुला भक्ति' सारा देश देख रहा है। राम के नाम पर ट्रस्टियों ने लाखों गरीब भक्तों का दिया दान चुराया है।

'ये उत्तर प्रदेश का 'लंका कांड' है 'लंकापति' जाएगा... बड़े लोगों को बचाया जा रहा है, छोटे पकड़े जा रहे हैं... बडी मछलियां बाहर हैं, छोटी पकड़ी जा रही हैं... बड़ी मछली के ऊपर भी बड़े मगरमच्छ हैं, उन तक जांच की आंच कब पहुंचेगी!' आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। विशेष जांच दल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को अंतरिम रिपोर्ट दे दी है। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ जारी है। मंदिर ट्रस्ट के मुखिया चंपत राय से भी तीन घंटे पूछताछ की गई है। चंपत राय का कहना है कि उनका चंदा चोरी से कोई लेना-देना नहीं... उन्हें अपने ड्राइवर टिन्नू यादव से ऐसी उम्मीद नहीं थी! विपक्ष किसी तरह से संतुष्ट नहीं। एक विपक्षी का कहना है- सीबीआइ जांच करे, दूसरे का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच हो, तभी 'दूध का दूध, पानी का पानी' होगा! एक चैनल अपने 'स्टिंग' आडियो-वीडियो का झटका देता है, जिसमें एक चंदा चोर बताता है कि ढेर सारा सोना 'दान पात्र' में नहीं डाला गया। उसे अलग से एक कमरे में लिया गया। जब ट्रस्ट ने मांगा, तो नहीं दिया और बाद में भी नहीं दिया गया। वह चंपत राय को 'बड़े साहब' कहता है।

एक बाबा ने कहा कि पैसे को देख कर इनका दिमाग खराब हो गया... जब जेल जाएंगे, तभी ठीक हो पाएंगे। जब कुछ चैनल बाबा और बाबा के बीच बहसें कराते हैं, तो ऐसे-ऐसे बाबा सामने आते हैं और आपस में ऐसी-ऐसी 'तू-तू मैं-मैं' करते हैं कि एंकर और बाकी चर्चक भी अवाक् रह जाते हैं।

'चढ़ावा चोरी' की खबरें अब हर चैनल के 'दैनिक फीचर' हैं, लेकिन स्टिंग में 'सोना चोरी' के अलावा कोई नई बात नहीं आई। एक चर्चक साफ कहते हैं कि चंपत राय जवाबदेह हैं और कि सुप्रीम कोर्ट क्यों चुप है? एक अन्य एंकर कहता है कि शक की सुई चंपत राय की ओर जाती ही है।

भाजपा, संघ, हिंदुत्व या सनातन विचार हर रोज पिट रहा है। राम मंदिर की साख गिर रही है, लेकिन कहीं कोई 'आत्मालोचना' नहीं। इसी क्रम में एक दिन उत्तर प्रदेश में विपक्ष के नेता ने 'एक्स' पर श्रेय लिया कि प्रभु राम ने मुझे माध्यम बनाया... मेरी पोस्ट के बाद ही मामला सामने आया..!

फिर एक दिन इकसठ बुद्धिजीवी अचानक मुद्दा बदलते हैं और राममंदिर के चंदा-चोरी कांड द्वारा रक्षात्मक बना दिए गए सत्ता पक्ष को फिर आक्रामक होने का अवसर दे देते हैं। बुद्धिजीवियों का 'बिरयानी प्रेम' उमड़ता हैं। वे कहने लगते हैं कि पाकिस्तान से बातचीत शुरू करें... राज्य सत्ता अलग है और जनता अलग... 'लोगों का लोगों से' का संवाद होना चाहिए। तिस पर संघ के एक बड़े नेता भी यह कहकर इन बुद्धिजीवियों की मांग के समांतर 'टीप' जड़ देते हैं कि सुरक्षा की नीति जरूरी, लेकिन हमें दरवाजे खुले रखने चाहिए। जवाब में कई चर्चक बुद्धिजीवी कहते हैं कि जब तक उनकी 'गोली' है, तब तक 'बोली' नहीं हो सकती। एंकर कहिन कि जब-जब बात की है, पछताए हैं! विपक्ष में बोलने वाले एक चर्चक ने कहा कि जो हमारे लोगों को मारते हैं, उनसे बातचीत कैसी! एक एंकर की लाइन रही कि यह 'अमन की आशा' की तरह का अमेरिकी खेल है!

फिर भी 'चंदा चोरी' की कहानी ही सबसे हिट कहानी रही। सुबह से शाम तक चैनलों में 'चंदा चोरी' की ताजा खबर देने की होड़-सी लगी रहती है। कोई 'चंदा चोरी कांड' को उत्तर प्रदेश के आगामी चुनावों से जोड़कर देखता है, तो कोई इस कांड पर 'आनलाइन सर्वे' कराकर पक्ष-विपक्ष में 'आधा-आधा' करने लगता है। फिर एक दिन उत्तर प्रदेश के बड़े विपक्षी नेता एलान कर देते हैं कि राम के दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे। प्रशासन उनको तुरंत घर में 'नजरबंद' कर देता है। फिर विपक्ष के एक अन्य प्रवक्ता का बयान आता है कि राममंदिर में हम सब दर्शन करना चाहते हैं, वहां लूटमार हो रही है... गजनी ने सोमनाथ सत्रह बार लूटा... इन्होंने राम मंदिर सत्तर बार लूटा... सभी विपक्षी नेताओं को मंदिर जाना चाहिए..!

और शाम की बहसों में दो प्रकार के रामभक्त आमने सामने होते हैं। एक कहते हैं कि ये जो नए भक्त बन रहे हैं, छद्म भक्त हैं... मौसमी भक्त हैं..! ये 'कालनेमि' हैं, 'मारीच' हैं..! नए भक्तों ने जवाब दिया कि आप लोगों की 'बगुला भक्ति' सारा देश देख रहा है। राम के नाम पर ट्रस्टियों ने लाखों गरीब भक्तों का दिया दान चुराया है। उनकी आस्था को चोट पहुंचाई है। राम जी आपको कभी माफ नहीं करेंगे। इसी बीच संघ प्रमुख मोहन भागवत का बयान आता है कि राजनीति का अंधधार्मिकीकरण नहीं किया जाए। अहंकारी लोग बड़े-बड़ों को ले डूबते हैं। अहंकारी व्यक्ति अपना भी भारी नुकसान करता है..!

इसी बीच विपक्षी दल के एक दक्षिणी नेता कहने लगते हैं कि हम 2029 में अपने नेता को प्रधानमंत्री देखना चाहते हैं। एक चैनल चर्चा में एक वरिष्ठ पत्रकार कहिन कि विपक्ष के उक्त नेता सबसे अधिक साहसी हैं, लेकिन उनके दल की हालत ठीक नहीं। इस एलान के साथ ही एक चैनल दो लाइनें चिपकाता है- 'ये इनका 'डिलूलू' क्षण है, यानी यह भ्रांतिमूलक है, राजनीति का भ्रांतिमान अलंकार है!'

एक और हार

कहानी

विपिन जैन

मैं जिंदगी की तरफ मुड़ कर देखती हूं तो सोचती हूं कि जिंदगी से मैंने क्या चाहा था और मुझे क्या मिला? आसमान के तारे तो न चाहे थे! हम एक-दूसरे की भावनाओं की कद्र करें। यही मेरे जीवन का सपना था।

मेरी उम्र पैंतालिस पार कर चुकी है। मैं इक्कीस साल की थी, तब मेरी मां ने निर्णायक शब्दों में कहा था, 'हम तेरी शादी के बारे में सोच रहे हैं।' मैंने कहा था, 'मुझे शादी की कोई जल्दी नहीं है। अभी किसी बंधन में नहीं बंधना है। मेरी उम्र ही क्या है?' मेरी नहीं सुनी गई। 'लड़का अच्छा है। घर का अपना कारोबार है। अच्छा परिवार है।' आज से बीस साल पहले जवान होते ही बेटी जैसे बोझ बन जाती थी। अब लड़कियां उच्च शिक्षा पाने लगी हैं तो पच्चीस साल की उम्र के बाद शादी के बारे में सोचना शुरू करती हैं। मां-बाप खुद लड़की से पूछने लगे हैं, कोई लड़का पसंद हो तो बता दो। पहले लड़की को भाग्य के भरोसे छोड़ देते थे। कितना अंतर आ गया है। हालांकि इस अंतर के बाद भी क्या औरत अपना स्वतंत्र अस्तित्व हासिल कर पाई है?

मेरे परिचय में तीन अंतरजातीय शादियां हुई हैं। मां-बाप की इच्छा के विरुद्ध, पर आज उनकी पसंद बन गई हैं। मेरी पसंद भी थी, पर मां जानती थी कि पिता मेरी पसंद को कभी मंजूर नहीं करेंगे, क्योंकि मेरी पसंद पापा के दोस्त का बेटा था। श्याम अंकल, पापा के दोस्त और बड़े व्यापारी थे! उनके यहां हर उत्सव में और विभिन्न आयोजनों पर खूब खुलकर पैसा खर्च किया जाता था। बेटे की शादी भी वह शान से करना चाहते हैं, यह इच्छा कई बार प्रकट कर चुके थे। उन्हें कोई ऊंचा घराना चाहिए था। हमारी दौलत खर्च करने की हैसियत नहीं थी। भाई इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था, जिसकी फीस और छोटी बहन की पढ़ाई का खर्च बहुत था। पापा को डर था कि कहीं यह प्रसंग उनकी दोस्ती में दरार न डाल दे। पर, पापा यह जरूर चाहते थे कि अगर उनकी तरफ से प्रस्ताव आया तो वे इनकार नहीं करेंगे।

निखिल कमजोर निकला। उसने अपने घर में पसंद की बात कही, जोर देकर कुछ नहीं कहा, न प्रेम की बात को कहा। तब प्रेम-प्रसंग को इतनी जल्दी कौन स्वीकार करता था, सो बात आई-गई हो गई। मुझसे मिलकर उसने मजबूरी के दो-चार शब्द कहे। किसी के साथ सारी उम्र के बंधन में बंध गया। आजकल के लड़के अपने मन की बात खुलकर कहते हैं। फिर क्या करती। मेरी मोहब्बत दफन हो गई। हम नौकरीपेशा लोगों के सोचने का एक दायरा होता है। शादी के बाद से ही मेरा मन उखड़ा सा रहने लगा, जब एक रात उसने मुझसे कहा, 'तुम मेरी पसंद नहीं हो, मेरे पल्ले बांध दी गई हो।' मैं हजारों बार इस बात को सुन चुकी हूं। मेरे मन पर क्या गुजरती है, यह मैं ही जानती हूं!

मेरी जिंदगी खराब करने का हक तुम्हें किसने दिया था? क्या कोई लड़की यह बर्दाश्त कर सकती है कि उसका पति किसी और को चाहता है, जिसे आज तक भुला नहीं पाया है। आखिर बीस साल शादी के निकल गए। एक बार तलाक जैसी नौबत भी आ गई थी। मैं तब भी समाज और मां-बाप के दबाव में आ गई थी। अब फिर मुझे फैसला करना है कि वापस लौटना है या नहीं?

बच्चों ने साफ-साफ कह दिया कि हम अकेले किसी के साथ नहीं रहेंगे। दोनों को साथ रहना होगा। वरना हमें हमारे हाल पर छोड़ दो। हम बिन मां-बाप के रह लेंगे।

यह दस दिन जो मैंने बिताए हैं, बच्चों से अलग पति से अलग मन की आजादी के दिन हैं। कोशिश करके महसूस करना चाहती हूं कि क्या मैं सबसे अलग होकर सिर्फ अपने लिए ही सोचना और रहना चाहती हूं? देखना चाहती हूं, बच्चों और पति के बिना जिंदगी बिता सकती हूं या नहीं। ये मेरे खुद से मुलाकात के दिन हैं। बीस सालों में मैं खुद से मिलना ही भूल गई थी? कर्तव्यों में बंधी मेरी जिंदगी मेरी नहीं रह गई थी! अब मुझे लगता है कि मैं खुद अपने पांव पर खड़ी होती तो आज जिंदगी इस तरह बदहाल ना गुजरती। पहले लड़की का एकमात्र आसरा मायका होता था। अगर मायके के रास्ते बंद हो तो मरने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं होता था।

अब मैं जिंदगी के रंग देखना चाहती हूं। मैं ऊबने लगी थी बीस साल की कैद जैसी जिंदगी बिताने के बाद। किस आजादी की इच्छा मन में रह जाती है? इन बीस दिनों के दौरान मैंने जिंदगी की हकीकत को देखा। मेरे माता-पिता, जो कहते थे कि इस घर के दरवाजे तुम्हारे लिए हमेशा के लिए खुले हैं, अब एक दिन में कह रहे हैं, 'बेटा क्या तुम परिवार की मर्जी से नहीं आई हो? तेरे पति ने धमकी दी है, मैं लेने नहीं जाऊंगा, जैसे गई थी वैसे आ जाए।' दोनों बेटियों को मां की परवाह नहीं है। वे डिजिटल दुनिया में व्यस्त रहती हैं। उनका कहना है कि अगर वह अलग रहना चाहती है तो उसकी इच्छा है। रोज की कच-कच से अच्छा है, अपने-अपने ढंग से जिंदगी बिताएं दोनों।

कभी-कभी लगता है, जैसे मैं औरत थी ही नहीं। उसने कई बार कहा, चली जा घर से जहां चाहे। बाद में पछताता भी था। बस यही मेरी नरमी का सबब बन जाता था। मैं कभी उस खिड़की के बाहर झांक ही नहीं पाई जहां जिंदगी की हलचल थी। ताजा खिले फूलों की महक थी। आए दिन के झगड़ों का बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा था। इन स्थितियों को कब तक टालते रहती? हर बात में बस तुम्हारी शर्तें चलती थीं। अपमानों की कहानी भी लंबी होती जा रही थी।

मुझे खुद को लेकर फैसला करना था। मेरा विश्वास कह रहा था, 'मेरी औकात छोटी ही सही! मैं एक मामूली औरत ही सही! पर मैं तुम्हारी पत्नी थी। मुझे तुम्हारी दया नहीं मेरे हिस्से का प्यार, परवाह और सम्मान चाहिए था। मेरे होने को यूं तो न नकारा गया होता। मुझे मनहूस तो न बुलाया गया होता। इसमें मेरे नसीब का दोष क्या है कि तुम्हारा व्यापार घाटे में चला गया। तुम्हारे दोहरे आचरण को मैं समझ नहीं पाई। दो बेटियों को लेकर कहा था, मैं बेटे-बेटी में फर्क नहीं करता हूं।

पति की उपेक्षा के साथ परिवार की संवेदना भी मुझे नहीं मिली। बीस साल तक मैं उलझन की शिकार रही। अब मैं अपने माता-पिता के घर आ गई हूं। न लौटने का मेरा इरादा पक्का है। बच्चों को तो मैं ही रखूंगी। कानूनी लड़ाई से भी पीछे नहीं हटूंगी। आखिर मेरे भी कुछ अधिकार हैं। लेकिन स्त्री के इस अधिकार के आगे भी एक मां को हारना था।

बच्चों ने साफ-साफ कह दिया कि हम अकेले किसी के साथ नहीं रहेंगे। दोनों को साथ रहना होगा। वरना हमें हमारे हाल पर छोड़ दो। हम बिन मां-बाप के रह लेंगे। कितने ही बच्चे छोटी उम्र में अनाथ हो जाते हैं, हम भी खुद को वैसा ही समझ लेंगे। बच्चों ने फरमान सुनाया कि आप दोनों को हमारे साथ रहना है तो अपने-अपने अहम और अस्तित्व की लड़ाई छोड़नी होगी। हमारे जन्म से पहले यह फैसला लिया होता तो अच्छा होता।

कुछ दिनों के बाद मेरा फैसला सामने आया। जिसमें फिर एक मां से एक औरत हार कर अपने उस घर में लौट आई थी जहां आंसुओं के सिवा मेरे पास कुछ नहीं था! क्या मेरा फैसला कोई दूसरा हो सकता था?

समय सूचक

जिनके व्यंग्य हैं राजनीतिक दास्तान

जनसत्ता सरोकार

आजाद भारत के पहले लोकप्रिय प्रधानमंत्री और एक कार्टूनिस्ट। भारत के पहले प्रधानमंत्री को सत्ता के साथ एक साहसी व्यंग्यकार मिला था। उस वक्त न मीम था और न इंटरनेट। लेकिन नेहरू के ज्यादातर फैसलों पर सवाल उठाता केशव शंकर पिल्लई का कार्टून हाजिर हो जाता था। चाचा नेहरू की अजीमो-शान शख्सियत को शंकर अपने कार्टून 'ग्रैंडपा एट प्ले' में कुछ यूं दिखाते हैं कि अपने आवास में बच्चों को खेलने की इजाजत देने के बाद बच्चों ने उन्हें दिन में तारे दिखा दिए थे। हालांकि इस कार्टून के पीछे एक बहुत बड़ा राजनीतिक तंज छिपा था। नेहरू जो खुद एक नए आजाद देश के अगुआ थे, यूनाइटेड नेशन से अपील कर रहे थे कि उसे चीन को भी शामिल कर लेना चाहिए।



केशव शंकर पिल्लई

शंकर ने नेहरू के इतने कार्टून बनाए कि उनके कार्टून उस समय के राजनीतिक इतिहास को समझने का स्रोत बन गए हैं। शंकर ने नेहरू के चरित्र को पूरब के पहरेदार की तरह गढ़ा था। सबसे खास बात है कि नेहरू पर व्यंग्य के तीर चलानेवाले शंकर नेहरू के करीबी दोस्तों में थे। अपनी पत्रिका 'शंकर्स वीकली' प्रकाशित होने पर उसके लोकार्पण के लिए उन्होंने नेहरू को भी आमंत्रित किया था। शंकर की अगुआई में ही दिल्ली में 'चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट आफ इंडिया' और 'डाल म्यूजियम' की स्थापना हुई थी। शंकर का जन्म 31 जुलाई 1902 को केरल के कायामकुलम में हुआ था। नेहरू के समय में शंकर की कूची जहां व्यंग्य के बाण रचती थी, वहीं इंदिरा गांधी के आपातकाल में उनके व्यंग्य पर भी पहरा लगा। पिता के दोस्त की कूची पुत्री के आदेश से बंधक बन गई। आपातकाल की तुलना देश के 'गंभीर समय' से करते हुए शंकर ने अपनी पत्रिका 'शंकर्स वीकली' का प्रकाशन बंद कर दिया। 26 दिसंबर 1989 को 87 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उन्हें 1976 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया था।

सुधर गई आदत

बाल कथा

हरीश कुमार 'अमित'

'तरुण, आज घूम-घूमकर पढ़ाई क्यों कर रहे हो?' पापा ने पूछा। 'ऐसी कोई खास बात नहीं।' वरुण बोला। 'बेटा, हमेशा तुम कुर्सी-मेज पर बैठकर ही पढ़ाई करते हो। फिर यह आज घूम-घूमकर क्यों पढ़ रहे हो? बताओ क्या बात है, बेटू?' वहां पहुंची मम्मी ने मुलायम स्वर में वरुण से पूछा। 'मेरे स्कूल के दोस्त मोहित ने कहा था कि घूम-घूम के पढ़ने से अच्छी तरह याद होता है।' 'बेटू, घूम-घूमकर पढ़ने से तुम्हें ज्यादा अच्छी तरह से याद हो रहा है क्या?' मम्मी पूछने लगीं। कुछ देर सोचने के बाद वरुण कहने लगा, 'मुझे तो उल्टे ज्यादा समय लग रहा है याद करने में। कुर्सी-मेज पर बैठकर अच्छी तरह याद हो जाता था और वो भी जल्दी-जल्दी।'

'तो बेटा, जैसे तुम्हें कुर्सी-मेज पर बैठकर अच्छी तरह याद होता है, उसी तरह मोहित को घूम-घूमकर अच्छी तरह याद होता होगा। जब मैं स्कूल में पढ़ता था तो मुझे छत पर जाकर खुले में पढ़ना अच्छा लगता था।' पापा बताने लगे। 'जब मैं पढ़ती थी तो मुझे घर के बगीचे में पेड़-पौधों के बीच बैठकर पढ़ाई करना बहुत अच्छा लगता था। इतने सालों से तुम कुर्सी-मेज पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हो, और हमेशा अच्छे अंक ला रहे हो। इसलिए तुम्हारा पढ़ाई करने का तरीका ठीक है, बेटू।' मम्मी ने भी समझाया।

'ठीक है।' वरुण ने जवाब दिया। 'बेचारे कुर्सी-मेज भी उदास हो गए होंगे कि वरुण कहां चला गया हमें छोड़कर!' मम्मी ने कहा तो पापा और वरुण मुस्कुराने लगे।

किसी के कुछ भी सलाह देने पर बिना सोचे-विचारे उस पर अमल शुरू कर देने की आदत वरुण को थी। कभी कोई उसे कह देता कि घड़ी बाईं के बदले दाईं कलाई पर बांधनी चाहिए, इससे दिमाग तेज होता है, तो वह अपनी घड़ी दाएं हाथ पर बांधना शुरू कर देता। भले ही बाद में वक्त देखते समय उसकी नजर आदतन पहले बाईं कलाई पर ही क्यों न पड़ती रहे। कोई उसे कह देता कि सिर में बाईं के बदले दाईं तरफ मांग निकालने से आदमी ज्यादा सुंदर और प्रभावशाली दिखता है, तो वह उसी दिन से ऐसा करना शुरू कर देता। यह बात अलग है कि ऐसा करने पर उसके बाल बिखरे-से रहते और बड़े अजीब-से लगते।

एक बार पार्क में खेलते समय वरुण ने एक अनजान अंकल को किसी दूसरे अंकल से यह कहते सुन लिया कि वे रात के दो-दो बजे तक पढ़ा करते थे और कक्षा में हमेशा प्रथम आया करते थे। उसी रात से उसने भी रात को देर तक पढ़ाई करनी चाही, हालांकि अब तक वह रात के दस बजे तक पढ़ाई कर-के सो जाता था। मगर रात को देर तक पढ़ाई करने की उसकी योजना सफल न हो पाई, क्योंकि ग्यारह बजे तक भी वह बड़ी मुश्किल से जगा रह पाता था और फिर पढ़ते-पढ़ते कुर्सी-मेज पर ही उसे नींद आ जाती। मम्मी-पापा वरुण को समझाते रहते कि किसी की कोई भी सलाह मानने से पहले उस पर सोच-विचार कर लेना चाहिए। अगर वह सलाह ठीक लगे, तभी उस पर अमल करना चाहिए, मगर मम्मी-पापा के समझाने का वरुण पर ज्यादा असर होता नहीं था।

एक दिन शाम के समय दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलकर वरुण जब घर वापस आया तो उसने देखा कि सारे घर में अंधेरा छाया हुआ है। 'मम्मी, बत्तियां क्यों बंद कर रखी हैं सारे घर की?' 'बेटू, मेरी एक सहेली ने बताया है कि हर रोज शाम को एक घंटे तक बत्तियां बंद रखने से घर में शांतिपूर्ण वातावरण रहता है।' मम्मी ने जवाब दिया। 'कितनी शांति लग रही है न घर में!' 'पर बगैर लाइट के काम कैसे चलेगा? मुझे होमवर्क पूरा करना है। टीवी भी देखना है।' वरुण नाराजगी-भरे स्वर में बोला। 'अरे हां, टीवी की तुमने अच्छी याद दिलाई। आज हमारे आफिस में कोई कह रहा था कि शाम को टीवी न देखने से प्रमोशन जल्दी मिलता है।' पापा कह रहे थे। 'मगर पापा, शाम को टीवी न देखने से आपको प्रमोशन जल्दी कैसे मिल जाएगा?' 'बेटा, जिन्होंने कहा है, उन्हें तो मिला था जल्दी प्रमोशन। जब उन्हें मिला, तो मुझे भी मिलेगा न।' पापा फिर बोले। 'ऐसे थोड़े ही न मिलता है जल्दी प्रमोशन! मुझे तो देखना है टीवी! मेरा मनपसंद सीरियल निकल जाएगा! चलो ठीक है, मम्मी। अब खाना तो खा ही लेते हैं। बन गया क्या खाना?' 'खाना तो रात के दस बजे के बाद ही बनेगा। वो पड़ोसवाली करुणा ने बताया है कि रात दस बजे के बाद खाना खाने से वह अच्छी तरह हजम होता है।' 'मम्मी अगर ऐसा करने से करुणा आंटी को कुछ फायदा हुआ है, तो इसका मतलब यह तो नहीं कि हमें भी होगा। इस तरह एक घंटे तक लाइट बंद करके, शाम को टीवी न चलाकर और रात को दस बजे के बाद खाना खाकर हमारा क्या फायदा होनेवाला है। घर का सारा रूटीन गड़बड़ करके उलटे नुकसान ही होगा।' वरुण ने तैश में आकर बहुत कुछ कह डाला। तभी मम्मी ने आगे बढ़कर बत्ती जला दी और बोली, 'हम लोग भी यही सब सुनना चाहते थे तुम्हारे मुंह से। यह सब तो हमने तुम्हें समझाने के लिए किया था, बेटू!' मम्मी ने बात साफ की। वरुण कुछ देर तक सोचता रहा और फिर कहने लगा, 'अब मैं किसी की दी हुई सलाह को बगैर समझे और परखे, इस तरह अंधाधुंध नहीं अपनाऊंगा।' 'मुंह-हाथ धो लो। खाना भी तैयार है। तुम्हारा मनपसंद मटर-पुलाव और साथ में उड़द साबुत की दाल।' मम्मी ने कहा। खुशी से चहक कर वरुण बाथरूम की तरफ भागा।



एक बार पार्क में खेलते समय वरुण ने एक अनजान अंकल को किसी दूसरे अंकल से यह कहते सुन लिया कि वे रात के दो-दो बजे तक पढ़ा करते थे और कक्षा में हमेशा प्रथम आया करते थे। उसी रात से उसने भी रात को देर तक पढ़ाई करनी चाही, हालांकि अब तक वह रात के दस बजे तक पढ़ाई करके सो जाता था।

विरोध से बेदखल बुआ

जनसत्ता सरोकार

बुआ का चेहरा फूला हुआ है। बुआ के आने से पहले शादी में आया दहेज अलमारी में रख दो। ओह! यह नया सूट सामने क्यों रख दिया, बुआ आते ही कहीं इसे मांग न ले। सोशल मीडिया पर बुआ को लेकर 'मीम' बनाने का चलन इतना 'संक्रामक' हो गया है कि एक बार फिर से समाज में फैले पितृसत्ता के संक्रमण पर नजर चली जाती है।

मीम वाली बुआ को परे हटा कर एक बार सवाल पूछते हैं कि कौन हैं देश की ज्यादातर बुआएं। वही बुआ, जब वह छोटी थी तो उन चार या छह बहनों में से एक थी, जिनकी कतार लगने के बाद उन्हें एक भाई मिला था। चार बहनों का संसाधन एक तरफ और एक भाई का संसाधन दूसरी तरफ। अगर शादी के लिए मामूली शिक्षा-दीक्षा जरूरी नहीं होती तो बुआ ने स्कूल-कालेज का मुंह भी नहीं देखा होता। बचपन में बुआ की हर इच्छा पर यही कहा जाता था कि जब शादी हो जाएगी तो अपने घर जाकर यह सब शौक-अरमान पूरे करना।

'अपना घर' यानी बुआ का बचपन जिस घर में बीत रहा था वह उसका अपना था ही नहीं। शादी

मार्गदर्शन

के बाद पहला ताना यही मिला था कि पता नहीं अपने घर से क्या सीख कर आई है, पता नहीं अपने घर से क्या लेकर आई है। यानी अब वह घर अपना हो गया था, जिसे बचपन में अपने घर के तौर पर नकारा गया था। बुआ की शादी संपन्न परिवार में हुई है। बुआ का सपना ताजमहल, कश्मीर, मनाली जैसी जगहों पर घूमने का नहीं था। बुआ तो यूरोप घूमना चाहती थी। लेकिन इतने संपन्न घर में अभी बुआ को अपना हिस्सा कहां मिला था। अभी तक सब या तो सास-ससुर या पति का है। इतनी अमीरी में से कुछ पैसे बुआ अपनी मर्जी से नहीं खर्च कर सकती है।

आज बुआ का भाई आने वाला था। बुआ बहुत खुश थी। भाई ने आते ही दस्तखत करने के लिए कागज और कलम पकड़ा दिए। भाई को अपनी पैतृक संपत्ति बेचने के लिए बुआ का 'नो आबजेक्शन' चाहिए था। बुआ को लगा, वह ठगी गई। जिस घर के बारे में कहा गया था कि उसका कोई अधिकार नहीं, वही उसका पैतृक घर है, और वहां उसका अधिकार है। जिस घर में कानून उसे अधिकार देता है, वहां मां-बाप यही क्यों बताते रहे कि यहां तुम्हारा कुछ नहीं है।

बुआ कागज-कलम को देख रही है। भाई ने मान लिया है कि सारी संपत्ति उसके नाम होने में बुआ को कोई परेशानी नहीं है। बुआ कागज पर लिखे शब्द पढ़ने की कोशिश करती है। भाई कहता है-पढ़ क्या रही हो, ये कानूनी शब्द तुम्हें समझ नहीं आएंगे, तुम बस दस्तखत कर दो अपना। बुआ सोच रही है, काश! ऐसा कोई कागज उसने पहले देखा होता। काश! ऐसे कानूनी शब्दों के बारे में उसे पहले पता चला होता। काश! काश! और न जाने कितने काश! भाई ने यह कैसे सोच लिया कि बहन कोई विरोध नहीं करेगी। आखिरकार भाई सोचे भी क्यों न! उसी की सत्ता के लिए तो बहन को विरोध जैसे शब्द से दूर रखा गया था। बुआ पहली बार विरोध बोलना चाह रही थी।

विनी द पूह का शताब्दी संदेश

जनसत्ता सरोकार

यह सौ साल पहले की बात है। लेखक एए मिल्ने अपने बेटे क्रिस्टोफर राबिन मिल्ने के टेडी बीयर को देखते हैं। टेडी को लेकर बेटे की दोस्ती लेखक को भी रचनात्मक बना देती है। वे अपने बेटे के टेडी को एक प्यारे से दयालु चरित्र के रूप में ढाल देते हैं। मिल्ने एक चरित्र को अपने बेटे का नाम क्रिस्टोफर भी देते हैं। क्रिस्टोफर पूह का जिगरी दोस्त है। जाहिर सी बात है कि इस भालू को भी शहद से बहुत प्यार होगा। शायद शहद की खुराक ही विनी द पूह के चरित्र को इतना मीठा बना देती है कि 1926 में अस्तित्व में आया यह चरित्र सौ साल बाद 2026 में भी बच्चों को प्यारी यादें देने में जुटा हुआ है।

विनी द पूह की सौवीं सालगिरह पर डिज्नी ने अपने संदेश में कहा कि पूह और उसके दोस्तों की कहानियां आज भी लोगों को छोटी-छोटी चीजों में खुशियां खोजने के लिए प्रेरित करती हैं। इस चरित्र के शोध से जुड़े केविन कर्न का कहना है कि विनी द पूह हमारी भावनाओं की अगुआई करता है। जिस तरह हम अपने आम जीवन में देखते, सोचते, संघर्ष करते हैं, यह भी वैसा ही करता है। यह बहुत सहजता से अनजाने में बड़ी बुद्धिमानी की बातें कर जाता है।

विनी द पूह 1926 में पहली बार पुस्तक के रूप में प्रकाशित हुआ था। इसके बाद 1928 में द हाउस एट पूह कार्नर प्रकाशित हुई थी। इसके मूल चित्रकार ईएच शेपर्ड थे। विनी द पूह की भोली-भाली जिंदगी

अमर किरदार

डिज्नी ने कहा कि पूह और उसके दोस्तों की कहानियां आज भी लोगों को छोटी चीजों में खुशियां खोजने के लिए प्रेरित करती हैं। केविन कर्न का कहना है कि विनी द पूह हमारी भावनाओं की अगुआई करता है।

अपने दोस्तों के प्यार पर टिकी हुई है। उसका कहना है कि अगर कोई दिन बिना दोस्तों के बिताना पड़े तो वह ऐसा ही खाली लगता है, जैसे कोई बर्तन हो लेकिन उसमें शहद की एक बूंद भी न हो। पिगलेट, टिग्गर, ईयोर, रबिट, आउल और क्रिस्टोफर राबिन जैसे प्यारे चरित्रों से विनी द पूह की टोली बनती है। विनी की यह टोली खेल-खेल में दोस्ती, दया, सादगी और धैर्य की सीख देती जाती है। विनी द पूह की पुस्तक दुनिया भर की करीब पचास भाषाओं में अनूदित हुई है। दुनिया भर में इसकी लाखों प्रतियां बिकी हैं। 1960 के दशक में डिज्नी ने विनी द पूह के अधिकार प्राप्त किए। पूह पर बनाई डिज्नी की कार्टून श्रृंखलाएं दुनिया भर में खूब पसंद की गईं। डिज्नी के संस्करण में पूह लाल रंग की टीशर्ट पहनता है, जो उसकी पहचान बन गई।

2018 में विनी द पूह के संस्करण की एक फिल्म चीन में प्रदर्शित हुई। शहद खाने वाले विनी की तुलना कई संदर्भों में शी जिनपिंग से की जाने लगी। जिनपिंग के इस तरह के चित्रण को अमेरिकी सोच बता कर यह चरित्र व्यवस्था विरोधी करार दे दिया गया। चीन में यह फिल्म प्रतिबंधित हो गई।

खिलौना भालू और बच्चों का प्यार सदियों पुराना हो चुका है। टेडी के हर रूप ने पीढ़ियों तक लुभाया है। विनी द पूह अपने दोस्तों से कहता है कि अगर कभी ऐसा हो कि हम अपने दोस्तों से बिछड़ जाएं तो तुम्हें हमेशा याद रखना चाहिए कि तुम खुद से भी ज्यादा बहादुर हो। प्यार और दया की भावना हमें बहादुर बनाती है, यह पूह का शताब्दी-संदेश है।

सक्रियता का सिरा

विचार बोध

रोहित कुमार

वक्त के प्रवाह में बहते हुए कई बार ऐसी कड़ियों से भी गुजरना होता है, जब हम अपने आप में विचारशून्यता का अनुभव करते हैं। लेकिन क्या हमारा मस्तिष्क कभी भी विचारशून्य हो सकता है? दरअसल, हमारा मस्तिष्क हर पल कुछ न कुछ सोचता है। सोचने के लिए कोई न कोई संदर्भ होता है, वह चाहे देश-समाज की कोई समस्या हो, परिवार की मुश्किलें हों, व्यक्तिगत दुख-सुख से जुड़ी बातें हों या फिर सामने चल रही चींटी हो या कोई निर्जीव वस्तु ही, लेकिन हर पल हमारे दिमाग में कुछ न कुछ चलता रहता है। यही दिमाग की प्रकृति है। सवाल है कि क्या ऐसी स्थिति संभव है जब मस्तिष्क अपने स्तर पर काम करना स्थगित कर दे और या तो वह निस्पंद हो जाए या फिर किसी अन्य केंद्र से संचालित होकर उसके प्रभाव में काम करने लगे!

सफर के पड़ाव

यह भी कहा जा सकता है कि हम जिसे किसी अन्य केंद्र से संचालित होने या उसके प्रभाव में होने के तौर पर देखना-समझना चाहते हैं, उस स्थिति में भी मस्तिष्क आखिर काम ही कर रहा होता है। मगर सभ्यता के विकास-क्रम में मनुष्य और उसका समाज अपने बेहतर जीवन के लिए नई दुनिया के नए पायदानों का सफर करता रहा। यह उसने अपने विवेक यानी मस्तिष्क के सोचने-समझने या सूझ-बूझ के बूते किया। इस बीच मस्तिष्क के काम का जो भी स्वरूप विकसित हुआ, उसमें एक जरूरी पहलू यह रहा कि व्यक्ति अपने विवेक के आधार पर सामने घट रही किसी भी घटना या संदर्भ पर सोचता है, विचार करता है और उस पर प्रतिक्रिया देता है, लेकिन स्थिर कभी नहीं रहता। सवाल है कि क्या इस बिंदु पर रचनात्मकता या उत्पादकता के दृष्टिकोण पर भी विचार किया जा सकता है कि हम क्यों कभी-कभी खुद को विचारशून्य पाते हैं।

अचानक उपस्थित होने वाली किसी घटना के बाद हम कई बार खुद को स्तब्ध पा सकते हैं, जिसे किंकर्तव्यविमूढ़ अवस्था के तौर पर जाना-समझा जा सकता है। उस वक्त यह समझना मुश्किल होता है कि हम क्या करें या क्या न करें, बस विचारशून्यता की स्थिति में खुद को लाचार महसूस करते हैं। हालांकि उस वक्त भी मस्तिष्क में दुख या भय के प्रभाव से उपजी कोई न कोई बात चल ही रही होती है, मगर प्रतिक्रिया के संदर्भ में देखें, तो ऐसा लगता है मानो हम जड़ हो गए हैं, ठहर गए हैं। खासतौर पर अत्यधिक दुख या भय से जुड़ी किसी घटना के समय प्रतिक्रिया देने के मामले में हम कई बार खुद को लाचार पाते हैं।

अनचाही परिस्थितियां

यह भी हो सकता है कि हम देश-दुनिया की व्यस्तताओं की वजह से खुद को काफी थका हुआ महसूस करते हैं और कुछ समय के लिए शांति की तलाश में होते हैं। कुछ भी अतिरिक्त नहीं सोचना चाहते हैं, जिससे हमारे मस्तिष्क पर बोझ महसूस हो। मानो कुछ देर के लिए नींद में चले जाना चाहते हैं, जब किसी भी अन्य परिस्थिति का हमारे दिमाग में दखल न हो। हालांकि नींद में भी मस्तिष्क की गतिविधि को पूरी तरह रुक या ठहर जाने के तौर पर नहीं देखा जा सकता, लेकिन व्यवहार में इससे मस्तिष्क को आराम मिलने की तरह का अहसास होता है। तो क्या हम अपनी मौजूदा जिंदगी में कुछ अनचाही परिस्थितियों से भी गुजरने लगे हैं, जब हम विचार की दुनिया में घूमते हुए मस्तिष्क से थकने भी लगे हैं और चाहते हैं कि कुछ आराम मिले? क्या हमने इस पर भी गौर किया है कि कई बार हम ऐसी गतिविधियों में भी लीन हो जाते हैं, जिसमें हासिल तो कुछ नहीं होता, लेकिन हमारा शरीर और मस्तिष्क थक जाता है?

दरअसल, आज ऐसी स्थिति भी हमारे सामने मौजूद है, जिसमें लोग व्यस्त तो दिखते हैं, बल्कि दिमाग का ही इस्तेमाल कर रहे लगते हैं, लेकिन उस समय उनके स्वतंत्र रूप से सोचने-समझने की पूरी प्रक्रिया दरअसल ठहरी हुई होती है। उदाहरण के तौर पर हमारा जीवन आज अलग-अलग तरह की तकनीकी सुविधाओं के बीच इस कदर घिर चुका है, जिसमें न केवल हमारे शरीर को जरूरत से ज्यादा आराम मिलने लगा है, बल्कि हमारा मस्तिष्क भी विचार-विमर्श की प्रक्रिया से वंचित होने लगा है। रोबोट या कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस यंत्रों को फिलहाल छोड़ भी दें, तो घरेलू कामकाज के लिए आज आधुनिक तकनीक से लैस इतने सारे संसाधन हमारे घरों के भीतर भी आ गए हैं कि हमारे कई कामकाज उनके जरिए निपट जाते हैं। यानी हमारे शरीर को ज्यादा से ज्यादा आराम मिलने लगा है। मगर यही आराम शरीर की सक्रियता को बाधित करने का जरिया बनता है और व्यक्तित्व का जो हिस्सा कम सक्रिय रहता है, वह उतना ही कमजोर होता जाता है।

> *आज* लोग व्यस्त दिखते हैं, बल्कि दिमाग का ही इस्तेमाल कर रहे लगते हैं, लेकिन उस समय उनके स्वतंत्र रूप से सोचने-समझने की पूरी प्रक्रिया दरअसल ठहरी हुई होती है। मसलन, हमारा जीवन आज अलग-अलग तरह की तकनीकी सुविधाओं के बीच इस कदर घिर चुका है, जिसमें हमारे शरीर और मस्तिष्क को जरूरत से ज्यादा आराम मिलने लगा है।

बाधित विचार

अब इसी आलोक में हम स्मार्टफोन के स्क्रीन में गुम अपने मस्तिष्क की स्थिति पर गौर कर सकते हैं। स्क्रीन या दृश्य-माध्यमों में जरूरत से ज्यादा मशगूल रहना हमारी दिमागी सक्रियता को कम करता है, बल्कि रील देखने की लत तो यहां तक ले जाती है, जिसमें सोचने-समझने की पूरी प्रक्रिया ही बाधित हो जाती है, और इस तरह हमारा विवेक भी बुरी तरह प्रभावित होता है। सवाल है कि मस्तिष्क की सक्रियता के जरिए हम अपने विवेक और विचार की दुनिया को समृद्ध करना चाहते हैं या बिना संयम के आधुनिक तकनीक के बेलगाम इस्तेमाल के हासिल के तौर पर व्यवहार में विचारशून्यता की ओर कदम बढ़ाना चाहते हैं!

अमरूद की मिठास सेहत के लिए खास

नुस्खे

अमरूद अपने स्वाद और गुण के कारण लोगों में प्रिय है। यह मौसमी फल है। गर्मी और जाड़े के अलावा बरसात में भी यह फलता है। इसमें ऐसे कई पोषक तत्त्व होते हैं जो स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं को दूर कर देते हैं। अमरूद के पत्तों का औषधीय उल्लेख आयुर्वेद में मिलता है। कई घरेलू नुस्खों में इसे असरदार माना गया है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए कुछ नुस्खों में इसे आजमाया जा सकता है।

पोषक तत्त्वों का खजाना

अमरूद पोषक तत्त्वों से भरपूर होता है। इसमें एंटीआक्सीडेंट के अलावा प्रचुर मात्रा में फाइबर होता है। जबकि इसके पत्ते में सूजनरोधी गुण होते हैं। इसके इस्तेमाल से स्वास्थ्य संबंधी कई रोगों का उपचार किया जा सकता है। खास बात यह कि अमरूद में संतरे से भी अधिक विटामिन-सी होता है जो कई बीमारियों से बचाता है। इसके अलावा इसमें पोटेशियम भी पाया जाता है। जीवाणुरोधी गुण के कारण भी अमरूद का खास महत्त्व है। इसमें विटामिन-ए भी पाया जाता है। यों इसमें कार्बोहाइड्रेड के साथ कैलोरी भी पाई जाती है।

पाचन रखे दुरुस्त

इसमें पर्याप्त मात्रा में फाइबर होता है। जब इसे बीजों के साथ खाया जाता है, तो यह कब्ज को बहुत जल्दी ठीक कर देता है। गौरतलब है कि फाइबर युक्त यह फल आंतों को दुरुस्त रखता है। अमरूद साबुत ही खाना चाहिए। यह पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाता है। यह देर तक भूख नहीं लगने देता। वहीं दस्त और पेचिश होने पर अमरूद के पत्तों को उबाल कर दिन में थोड़ा-थोड़ा पीने से राहत मिलती है। इसी के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अमरूद से बेहतर कोई नुस्खा नहीं है। दरअसल, इसमें सामान्य फलों से अधिक मात्रा में विटामिन-सी होता है। यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। यह विटामिन-सी ही है, जो संक्रमण को रोकने के साथ घाव भी भरता है।

मुंह की सेहत

अमरूद के पत्तों में जीवाणुरोधी गुण होता है। ताजा पत्तों को चबाने से मसूड़ों में सूजन कम होती है। दांतों में दर्द कम होता है। अगर दर्द अधिक है, तो एक आसान-सा नुस्खा है। अमरूद की ताजा पत्तियों को पानी में उबाल कर छान लें। फिर इसमें थोड़ा-सा नमक मिला कर कुल्ला करें। अगर मुहांसों की शिकायत है, तो अमरूद के पत्ते पीस कर चेहरे पर लगाएं। इससे काफी राहत मिलती है। पत्ते को पानी में उबाल कर उसे ठंडा कर चेहरे को धोने से भी लाभ होता है। अमरूद के पत्तों के लेप को सिर पर लगा कर कुछ देर के लिए छोड़ दें, तो बालों का झड़ना रुक जाता है।

दिल को बनाए सेहतमंद

अमरूद ऐसा गुणकारी फल है जो दिल को

सेहतमंद बनाता है। यह कोलेस्ट्रोल का स्तर बनाए रखने में भी मदद करता है। इसमें पोटेशियम की मात्रा भी पाई जाती है, जिससे रक्तचाप काबू में रहता है। हृदय को स्वस्थ रखना हो, तो गर्मी हो सर्दी या फिर बारिश का मौसम, जब भी अमरूद उपलब्ध हो, इसे खाना चाहिए। कोलेस्ट्रोल को नियंत्रित करना हो, तो अमरूद की ताजा पत्तियों का काढ़ा पीना चाहिए। इससे दिल की सेहत भी बनी रहती है। इसी तरह अमरूद की पत्तियों की चाय पीने से इंसुलिन संतुलित रहता है। मधुमेह से भी राहत मिलती है।

बारिश के मौसम में मलेरिया के खतरे

सेहत

मानसून के दौरान डेंगू और मलेरिया के मामले सामने आने लगते हैं। इसलिए हर साल इन दिनों सतर्कता बरती जाती है। इस बार भी सरकार ने राज्यों और सभी केंद्रशासित प्रदेशों को सचेत किया है। डेंगू और मलेरिया से बचाव तथा उपचार के लिए सभी नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए कहा गया है। हालांकि दुनिया के कई बड़े देश मलेरिया का उन्मूलन कर चुके हैं। फिर भी कई देश अब भी प्रभावित हैं। इनमें भारत भी एक है। मगर पिछले एक दशक में इस पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। बीमार होने वालों की संख्या के साथ मृत्यु दर भी घटी है। भारत ने वर्ष 2030 तक मलेरिया समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। मलेरिया के मामलों में काफी गिरावट आई है। फिर भी लोगों को सजग रहने की जरूरत है। सभी नागरिक साफ-सफाई का ध्यान रखें, तो देश मलेरिया से मुक्त हो सकता है।

समय रहते रोकथाम

किसी को मलेरिया न हो, इसलिए जरूरी है कि पहले ही इससे बचाव कर लिया जाए। सावधानी बरतें और आसपास मच्छरों का प्रजनन न होने दें। अगर कहीं पानी जमा हो रहा हो, तो उसे साफ कर दें। समस्या की एक बड़ी जड़ जल जमाव ही है। इसी कारण लार्वा पनपते हैं। बारिश के दिनों में मच्छर पैदा होने की यही वजह है। इसीलिए इस तरह के कपड़े पहनने की सलाह दी जाती है, जिससे हाथ-पैर ढके रहें। संभव हो तो खिड़कियों और दरवाजे पर जालियां लगवा दें, ताकि घर में मच्छर न आएं। इन दिनों मच्छरदानी लगा कर सोएं। मलेरिया का टीका अभी नहीं आया, लेकिन इससे संबंधित दवाएं उपलब्ध हैं।

लक्षणों से पहचान

मलेरिया बारिश के दिनों में मच्छरों के काटने से होता है। अगर किसी को मलेरिया हो गया है, तो इसके लक्षणों को पहचानना कोई मुश्किल नहीं। आम तौर पर इसके लक्षण छह से दस घंटे रहते हैं। दूसरे दिन फिर दिखने लगता है। शुरुआती दौर में हल्का बुखार आता है। इससे पता नहीं चलता कि यह सामान्य बुखार है या इसकी कोई और वजह है। मगर जब रोगी को सिरदर्द हो रहा हो और गहरे रंग का पेशाब आ रहा हो, तो इसे मलेरिया का लक्षण समझना चाहिए। कभी-कभी बुखार के दौरान मरीज को पसीना आता है। उसे कंपकंपी महसूस होती है। मरीज को ज्यादा बुखार आने लगे, तो उसकी आंखें पीली पड़ जाती हैं।

जांच और उपचार

मलेरिया एक ऐसा रोग है जिसका इलाज अब आसानी से हो जाता है। हालांकि कुछ जांच कराके या लक्षण देख कर चिकित्सक दवाओं से उपचार करते हैं। जरूरत पड़ने पर रैपिड एंटीजन टेस्ट कराया जाता है। मरीज गंभीर स्थिति में हो, तो प्लेटलेट और हीमोग्लोबिन के स्तर की भी जांच कराई जाती है। रक्त की जांच के बाद स्थिति साफ हो जाती है। इसके आधार पर मरीज का इलाज शुरू किया जाता है। इसके अलावा 'लिवर और किडनी फंक्शन टेस्ट' (केएफटी) कराने की भी सलाह दी जाती है। बच्चों और गर्भवती महिलाओं के उपचार के दौरान कुछ खास दवाओं से बचा जाता है। क्लोरोक्वीन आधारित उपचार को अधिकांश मरीजों में सामान्य माना जाता है।

मरीज का आहार

मलेरिया होने पर मरीज का पाचन कमजोर हो जाता है। इसलिए चिकित्सक सुपाच्य भोजन लेने की सलाह देते हैं। मरीज को दलिया और खिचड़ी देना अच्छा रहता है। फलों में पपीता-अनानास, मौसमी और अंगूर एवं जामुन दिया जा सकता है। दाल-चावल का पानी, फलों का रस और सूप से मरीज को ताकत मिलती है। उसे नारियल पानी भी दिया जा सकता है। इन दिनों मरीज को कमजोरी महसूस होती है। ऐसे में विशेष ध्यान रखना चाहिए। उसे मसालेदार भोजन नहीं देना चाहिए। बाहर के खाने और जंक-फूड से परहेज करना चाहिए।

(यह लेख सिर्फ सामान्य जानकारी और जागरूकता के लिए है। उपचार या स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए विशेषज्ञ की मदद लें।)

जिम्मेदारी का अहसास, सहयोग की भावना

जीवन शैली

परिवार में सभी सदस्यों का अपनी जिम्मेदारी को समझना एक मजबूत और खुशहाल घर की नींव होती है। जब हर कोई अपने हिस्से का काम और कर्तव्य निभाता है, तो समय की बचत होती है और घर का माहौल भी सकारात्मक बना रहता है। जिम्मेदारी बांटने से न केवल काम का बोझ कम होता है, बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है। जब आप काम को दूसरों के साथ साझा करते हैं, तो उसकी उत्पादकता बढ़ती है और व्यक्ति खुद के लिए भी समय निकाल पाता है। घर के कार्यों या फैसलों में सभी सदस्यों का साथ हो, तो यह आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करता है और रिश्तों में मिठास बनाए रखता है।

धारणा का संकट

भारतीय समाज में यह अक्सर देखा जाता है कि परिवार के मुखिया पर सबसे ज्यादा जिम्मेदारियां डाल दी जाती हैं। सामान्य परिवारों में वित्तीय व्यवस्था से लेकर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी मुखिया की ही होती है। कई बार तो घरेलू कार्यों में भी उसे हाथ बंटाना पड़ता है, वह भी तब जब परिवार में दूसरे सदस्य भी इन जिम्मेदारियों को साझा करने में सक्षम होते हैं। बस, एक धारणा बना ली जाती है कि यह मेरा नहीं, परिवार के किसी दूसरे सदस्य का कर्तव्य है। मगर वे इस बात को भूल जाते हैं कि जब उन पर परिवार के मुखिया की जिम्मेदारी आएगी, तब वे अपने कर्तव्य का निर्वहन कैसे कर पाएंगे। इस प्रवृत्ति से न केवल एक व्यक्ति पर काम का बोझ बढ़ जाता है, बल्कि दूसरों के भीतर जिम्मेदारी को समझने का विवेक भी विकसित नहीं हो पाता है।

बदलाव के मायने

वैसे तो हमारे समाज में परंपरागत रूप से जिम्मेदारियों का बंटवारा होता रहा है। सामान्य परिवारों में पुरुषों का काम धन अर्जित करना और महिलाओं की जिम्मेदारी घर को संभालने की होती है। मगर, समय के साथ स्थितियां बदली हैं और अब महिलाएं भी परिवार की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाने लगी हैं। पुरुष समाज ने महिलाओं के घर से बाहर कामकाजी होने की संस्कृति को तो अपना लिया है, लेकिन उनके घर संभालने की पारंपरिक सोच से वह पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाया है। इससे स्थिति और जटिल हो गई है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि परिवार में हर सदस्य जिम्मेदारियों को समझे और अपनी क्षमता के अनुरूप कार्य में सहयोग करे।

> *परिवार में किसी एक व्यक्ति पर जिम्मेदारियों का बोझ न पड़े, इसके लिए काम का बंटवारा जरूरी है। यह समझना जरूरी है कि काम में दूसरों की मदद लेना कमजोरी नहीं, बल्कि समझदारी है।*

काम का बंटवारा

परिवार में किसी एक व्यक्ति पर जिम्मेदारियों का बोझ न पड़े, इसके लिए काम का बंटवारा जरूरी है। कई बार परिवार का मुखिया या दूसरा सक्षम सदस्य खुद यह धारणा बना लेता है कि उसे ही सब कुछ करना है, यह उसी की जिम्मेदारी है। यह सोच इसलिए भी मन में हावी हो जाती है कि कहीं परिवार में उसे जिम्मेदारी लेने में अयोग्य न समझ लिया जाए। मगर इस स्थिति में यह समझना जरूरी है कि काम में दूसरों की मदद लेना कमजोरी नहीं, बल्कि समझदारी है। जब परिवार में बड़े लोग कार्यों को साझा करते हैं, तो बच्चों को भी सहयोग और अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा मिलती है।

कुछ चटपटा और मीठा हो जाए

रसोई

चना चाट

चना चाट एक चटपटा और आसानी से बनने वाला नाश्ता है। इसमें नमकीन, खट्टा और मसालेदार स्वाद का मिश्रण होता है। जब मन करे, इसे घर पर बिना किसी झंझट के बनाया जा सकता है। चने से शरीर को भरपूर ऊर्जा मिलती है, इसलिए यह सेहत के लिए भी लाभदायक होता है।

सामग्री

सफेद चना: दो कप, कश्मीरी लाल मिर्च: एक चम्मच, प्याज: एक, टमाटर: एक, हरी मिर्च: दो, जीरा पाउडर (भुना हुआ): एक चम्मच, नमक: स्वादानुसार, अमचूर पाउडर: आधा चम्मच, हरा धनिया: दो चम्मच।

विधि

सफेद चना को चार-पांच घंटे के लिए पानी में भिगो लें। इसी बीच प्रेशर कुकर में छोटे अकार के दो आलू उबाल लें। कुकर के ठंडा होने पर इन्हें निकाल लें और पानी फेंक दें। कुकर को साफ कर उसमें फिर से थोड़ा सा पानी और आधा चम्मच नमक डालकर इसमें भिगोए हुए चने डाल दें। कुकर का ढक्कन लगाकर इसे धीमी आंच पर चार-छह सीटी आने तक पकाएं। फिर ढक्कन खोलकर देख लें, पके हुए चने आसानी से मसल जाने चाहिए। अब उबले आलू को बारीक टुकड़ों में काट लें। फिर एक मध्यम आकार का प्याज, एक टमाटर, दो हरी मिर्च और हरा धनिया बारीक काट लें। इसके बाद उबले हुए चने और कटे आलू को अच्छी तरह मिलाएं। फिर इसमें कटा प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, भूना हुआ जीरा पाउडर और चाट मसाला डालें। साथ ही नमक और नींबू का रस भी मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिला लें। फिर स्वाद चख लें और अगर चाहें तो नमक, चाट मसाला तथा नींबू का रस और डाल सकते हैं। अब चना चाट मसाला बनकर तैयार है। परोसते समय इसके ऊपर बारीक कटा हुआ हरा धनिया डाल दें।



मालपुआ

यह मैदा और सूखे मेवे के मिश्रण से तैयार होने वाला व्यंजन हैं। यह रसीला और बहुत स्वादिष्ट होता है। इसे बनाने में थोड़ा वक्त लगता है, लेकिन इसका जायका दिल को खुश कर देता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को यह पसंद आता है।

सामग्री

मैदा: 200 ग्राम, खोया: आधा कप, दूध: एक गिलास, पिस्ता: छह-सात, इलायची पाउडर: एक चम्मच, बादाम: सात-आठ, केसर: एक चुटकी, देसी घी: पांच-छह चम्मच, चीनी: आवश्यकता अनुसार।

विधि

दो बर्तनों में मैदा छानकर एक में दूध डाल दें और दूसरे में पानी। दोनों का गाढ़ा पेस्ट बना लें। इसके बाद इन दोनों को इकट्ठा कर इसमें खोया डालें और मथनी या हाथ से अच्छी तरह मिला लें। इसे करीब एक घंटे के लिए ढक कर रख दें। इसी बीच, पिस्ता और बादाम को बारीक काट लें या फिर मिक्सी में दरदरा पीस लें। इसके बाद एक बर्तन में चीनी, केसर और पानी डालकर गाढ़ी चाशनी तैयार कर लें। अब मैदे के घोल में कटे मेवे और इलायची पाउडर डाल कर मिला लें। इसके बाद एक कड़ाही में देसी घी गर्म करें और फिर आंच धीमी कर दें। कप में मैदे का घोल लेकर उसे गोलाकार में कड़ाही में डाल दें। जब एक तरफ से यह पक कर सुनहरा हो जाए, तो बड़े चम्मच की मदद से इसे पलट दें। दूसरी तरफ से भी इसे सुनहरा होने तक तलें। इसके बाद इसे चाशनी में डुबा दें। जब पुए में चाशनी भर जाए, तो उसे निकाल दें। ध्यान रहे कि पुआ को उतनी देर तक ही चाशनी में रखें, जितनी मिठास की जरूरत हो। इसी तरह दूसरे मालपुए भी तैयार कर लें। थोड़ा ठंडा होने पर इसे परोसा जा सकता है।